सुप्रभात
रांची, मंगलवार
03.06.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 318



12 'वारहेड' से करेंगे अटैक, सब हो जायेगा राख

## न्यूज डायरी

### 30 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**पलामू।** पलामू जिले की सतबरवा थाना पुलिस ने भूसी की बोरी में छुपाकर शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर हरियाणा राज्य के नंबर से पंजीकृत एक ट्रक को पकड़ा है, जिसमें लाखों रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। गढ़वा से डालटनगंज होते हुए दूसरे राज्य में शराब की बड़ी खेप भेजी जा रही थी।

### झारखंड में भी बढ़ा रहा कोरोना, विभाग अलर्ट

**रांची।** देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी कोरोना के मामले बढ़ने लगे। राज्य में कोरोना के कुल मामलों की संख्या 11 तक पहुंच गयी जो पहले छह थी। स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार की सलाह पर सभी जिलों के डीसी और सीएस को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षणों वाले मरीजों की कोविड जांच कराने और सर्विलांस बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। विभाग ने कोरोना से निपटने के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है।

### पाक की पोल खोल टीम से फीडबैक लेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई दुनिया को बताने गये सांसदों और राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लौट रहा है। टीम के लौटने पर पीएम मोदी सभी दलों से फीडबैक लेंगे। 33 देशों की दस दिवसीय यात्रा में भारतीय सांसदों ने सरकारों थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की।

### राज्य में मनरेगा, बालू की स्थिति ठीक नहीं : किशोर

**रांची।** सोमवार को योजना और विकास विभाग की ओर से सस्टेनेबल झारखंड ग्लोबल गोल्स लोकल सॉल्यूशन नामक विषय पर एक कार्यशाला झारखंड के सतत विकास के लिए नयी पहल पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सतत विकास की अवधारणा पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, मनरेगा और बालू जैसे क्षेत्रों में स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए सतत विकास की जगह सतत करप्शन फ्री विकास पर बहस होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि सभी जिलों के बीच विकास को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बेहद जरूरी है।

### अनुकंपा के आधार पर दो को मिला नियुक्ति पत्र

**दुमका।** जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर संथाल परगना प्रमंडल, आयुक्त लालचंद दादेल ने दो कर्मियों को नियुक्ति पत्र सोमवार को सौंपा। नियुक्ति पत्र समेकित बाल विकास कार्यक्रम के तहत मो वशीम अख्तर एवं पालती हांसदा को निम्न वर्गीय लिपिक के पद के लिए दिया गया।

## कार्टून कोना




# आइपीएल 2025 : आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच आज फाइनल



एजेंसी

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 को आठ साल बाद नया चैंपियन मिलने जा रहा है। अब सभी की निगाहें आज अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल 2025 के फाइनल पर टिकी होंगी, जहां क्रिकेट प्रेमियों को एक नया चैंपियन देखने को मिलेगा। फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। आईपीएल के इतिहास में न आरसीबी और न ही पंजाब कभी खिताब जीत पायी है। ऐसे में इस बार ट्रॉफी किसी नयी टीम के नाम होगी।

**क्लोजिंग सेरेमनी की थीम ऑपरेशन सिंदूर**



**स्टेडियम की कुल क्षमता 1.32 लाख**

**चौथी बार फाइनल खेलेगी आरसीबी :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह चौथा फाइनल होगा। इससे पहले टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में खेल चुकी है, लेकिन तीनों बार हार मिली।

**दूसरी बार फाइनल में पहुंची पंजाब किंग्स :** पंजाब किंग्स दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार टीम ने लीग स्टेज में दमदार प्रदर्शन कर नंबर-1 पर रहते हुए प्लेऑफ में एंट्री ली और अब फाइनल में पहुंची है।



## जेईई एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट, झारखंड का भी दबदबा

# रजित गुप्ता ने हासिल की ऑल इंडिया में पहली रैंक

एजेंसी

**कोटा।** आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। कोटा के रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक वन हासिल किया है। इसके साथ ही कोटा के चार छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनायी है। कोटा के ही सक्षम जिंदल ने दूसरी रैंक, अक्षत चौरसिया ने छठी रैंक और देवेश पंकज ने आठवीं रैंक हासिल की है। पहली रैंक पाने वाले राजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन मेहनत, नियमित पढ़ाई और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए मैंने दो साल तक दिन-रात मेहनत की। रजित का सपना आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई करने का है। राजित कहते हैं कि पढ़ाई के दौरान कभी भी प्रेशर नहीं लिया।

AIR Rank-1



रजित गुप्ता

## रांची के अनस झारखंड टॉपर धनबाद के अभिनीत सेकेंड

वरीय संवाददाता

**रांची।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेइइ) एडवांस्ड 2025 के जारी रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में रांची के मो अनस ने ऑल इंडिया रैंक 42 हासिल की है और राज्य में टॉपर बने हैं। वहीं धनबाद के अभिनीत पांडेय एआइआर 101 हासिल कर राज्य के दूसरे टापर बने हैं। हर्ष गुप्ता एआईआर 210 के साथ तीसरे, देवघर के भव्यम शंकर एआईआर 274 के साथ चौथे, गुमला के हर्ष झा एआईआर 401 के साथ पांचवें, जमशेदपुर के ध्रुव प्रकाश एआईआर 483 के साथ छठे स्थान पर हैं। छात्रों ने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुओं को दिया।

जेईई एडवांस 2025 में झारखंड के विद्यार्थियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया है। मो. अनस ने जेइइ मेन में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया था। कोटा में पढ़ाई करते हुए उन्होंने राजस्थान से ही रजिस्ट्रेशन कराया था।

## 4 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान से गिद्ध टकराया

# पटना से रांची आ रहे विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**हादसा टला**

### हवा में सभी यात्रियों की जान सांसत में रही

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां 175 यात्रियों को पटना से लेकर रांची आ रहे विमान में पक्षी टकरा गया। इसके बाद संभावित खतरे को देखते हुए पायलटों ने विमान को 40 मिनट तक हवा में रखा और सूझबुझ के साथ रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से इमरजेंसी लैंडिंग करायी। विमान में सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

अधिकारियों ने बताया कि रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर 175 यात्रियों को लेकर आए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। गनीमत रही कि सिर्फ विमान को नुकसान हुआ है। इसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे।

रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर मौर्य ने कहा, रांची के पास इंडिगो के एक विमान की पक्षी से टक्कर हो गई थी। जिस समय घटना हुई विमान 10-12 नॉटिकल माइल्स दूर, 3000-4000 फीट की ऊंचाई पर था।

अधिकारी ने बताया कि विमान पटना से 175 यात्रियों को लेकर उड़ा था। लैंडिंग से पहले करीब 4 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे एक गिद्ध ने विमान को टक्कर मारी। एक अन्य सूत्र ने बताया कि बर्ड हिट के दौरान पायलट ने विमान को 40 मिनट तक सुरक्षित उड़ान में रखा। वहीं एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गिद्ध के टकराने से विमान को डेंट लगा है। इंजीनियर्स विमान को हुए नुकसान का आकलन करने में जुटे हुए हैं।




पक्षी से टकराने के बाद विमान के अगले हिस्से में बना डेंट।

## एक पाली में परीक्षा के मद्देनजर निर्णय

# नीट पीजी की 15 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित कर दी है। नीट पीजी की परीक्षा पहले 15 जून को निर्धारित थी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है। पिछले सप्ताह एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने प्राधिकरण से एमबीबीएस और डेंटल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का पालन करते हुए एनबीईएमएस ने सोमवार को घोषणा की कि अब नीट-पीजी 2025 एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस निर्णय के लिए लॉजिस्टिक समायोजन की आवश्यकता है, विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने और सभी उम्मीदवारों को एक साथ समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए आवश्यक है।



एक आधिकारिक अधिसूचना में एनबीईएमएस ने कहा कि न्यायालय ने एक शिफ्ट में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। जिसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने का भी निर्देश मिला, ताकि यह सुनिश्चित करते हुए कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए। इसके अनुसार एनबीईएमएस एक ही शिफ्ट में नीट-पीजी 2025 आयोजित करेगा।

## राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**गैर जमानती वारंट निरस्त करने का किया आग्रह**

**रांची।** कांग्रेस नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चाईबासा कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उनके अधिवक्ता दीपांकर ने बताया कि बीते 29 मई को याचिका दायर की गई है। दरअसल चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर 26 जून को सशरीर पेश होने को कहा था, जबकि इसी मामले में चाईबासा कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी जो लंबित है। फिर भी इस पर विचार करने के बजाए चाईबासा कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। याचिका में इन बातों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी के अधिवक्ता ने गैर जमानती वारंट निरस्त करने का आग्रह किया है। बता दें कि राहुल गांधी के खिलाफ रांची में एक जबकि चाईबासा कोर्ट में दो मामले चल रहे हैं।

# 19 जून को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का होगा उद्घाटन, गडकरी से मिले संजय सेठ





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण की प्रगति की जानकारी दी और इसके लोकार्पण का आग्रह किया। नितिन गडकरी ने 19 जून को कॉरिडोर के लोकार्पण पर सहमति दी। यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर है, इसकी सौगात रांची की जनता को मिली है। इसका लोकार्पण होने के बाद रातू रोड को पिछले 4 दशक के जाम से मुक्ति मिलेगी। वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा और रांचीवासी भी राहत महसूस करेंगे। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण की तैयारी जल्द शुरू हो जायेगी।

## सिक्किम में लैंडस्लाइड : झारखंड के भी कई परिवार फंसे

# सैन्य कैंप भी चपेट में, तीन शहीद, छह लापता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम से दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां अचानक हुए भूस्खलन ने भारतीय सेना के एक कैंप को भी अपनी चपेट में ले लिया है। इस हादसे में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए हैं जबकि 6 जवान अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान तेजी से जारी है। हादसे की खबर मिलते ही देशभर में शोक की लहर है। पीएम मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। रक्षा मंत्रालय और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि लापता जवानों को खोजने में पूरी टीम लगी हुई है।

### भारी बारिश के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



सेना, स्थानीय प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम लापता जवानों के बचाव कार्य में जुटी हैं। भारी बारिश और दुर्गम पहाड़ी इलाकों की वजह से रेस्क्यू में दिक्कतें आ रही हैं। सिक्किम समेत भारत के कई नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। पहाड़ी इलाकों में यह बारिश भूस्खलन का कारण बन रही है और आम जनजीवन के साथ-साथ सेना की गतिविधियां भी इससे प्रभावित हो रही हैं।

### कैंप में अपनी ड्यूटी पर थे जवान

लाचेन जिले के छतेन इलाके में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते अचानक पहाड़ी इलाका खिसक गया। सेना का कैंप इसकी चपेट में आ गया। सेना के जवान ड्यूटी पर तैनात थे। अचानक इस आपदा का किसी को अंदाजा नहीं था और सब कुछ कुछ ही पलों में तबाह हो गया। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गयी, जिनमें दो सेना के जवान और एक पोर्टर शामिल है। तीनों जवानों के शव बाहर निकाल लिये गये हैं।

### झारखंड के लोग फंसे


लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से हालात बिगड़ गये हैं। लाचुंग में भूस्खलन से रास्ते बंद हो गये हैं। यहां झारखंड के करीब दर्जनभर परिवार फंस गये हैं। सभी ने झारखंड सरकार से उन्हें बाहर निकालने की गुहार लगायी है। पीड़ित परिवारों ने कई वीडियो जारी कर कहा, हम मुश्किल में हैं। न खाना मिल रहा, न ही पानी, सरकार हमें यहां से किसी तरह सुरक्षित निकाले।

# झारखंड में मॉनसून का ट्रैक बदला अब 10 से 12 जून के बीच होगी इंट्री

**वेदर अपडेट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रवेश से पहले मॉनसून का ट्रैक बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार अब मॉनसून की इंट्री 10 से 12 जून के बीच हो सकती है। पहले यह अनुमान लगाया गया था कि मॉनसून अपने निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले राज्य में प्रवेश कर जाएगा। अगर मॉनसून 10 से 12 जून के बीच राज्य में प्रवेश करता है, तो 15 जून के बाद अच्छी बारिश की संभावना है। सामान्य तौर पर रांची में जून महीने में 197.6 मिमी वर्षा दर्ज की जाती है, लेकिन, यदि मॉनसून देर से पहुंचता है तो बारिश की मात्रा में कमी हो सकती है।



**तापमान में बढ़ोत्तरी :** मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 6 जून से तापमान में एक बार फिर बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है। रांची का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि अन्य जिलों में भी गर्मी तेज होगी।

**अगले 5 दिनों का पूर्वानुमान**

- आंशिक बादल छाये रहेंगे।
- 3 जून को हल्की गर्जना होगी।
- 4 और 5 जून को आसमान में बादल छाये रहेंगे और कुछ इलाकों में गर्जन वाले बादल बन सकते हैं।
- अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना होगी।

# मेरे और मेरे परिवार पर हमला करने के लिए सुपारी दे रही हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार नहीं, संगठित गिरोह चला रहे है झारखंड के मुख्यमंत्री**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर आरोप लगाये। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार मेरे और मेरे परिवार, मेरे करीबियों पर हमला करने के लिये अपराधियों को सुपारी दे रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस प्रदेश में केवल नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नहीं। बल्कि उन लाखों झारखंडवासियों की आवाज बनकर उपस्थित हुये हैं जो भ्रष्टाचार, दमन और भय की राजनीति से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े कुछ अत्यधिक भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृत्ति के अधिकारी उनके, उनके परिवार और उनके निकट लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने में लगे हुये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को सरकारी संरक्षण प्राप्त है और वे उन्हें डराने-धमकाने के लिये संगठित योजनाओं का सहारा ले रहे हैं। इनमें हमले की साजिश से लेकर झूठे मुकदमे, चरित्र हनन और फर्जी स्टिंग ऑपरेशन तक की तैयारी शामिल है।

उन्होंने कहा कि सरकार उनके खिलाफ इसलिये सक्रिय हो गई है क्योंकि उन्होंने अनेक घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों को सार्वजनिक रूप से उजागर किया है। इनमें छत्तीसगढ़-झारखंड शराब घोटाला, बालू, पत्थर, जमीन और कोयले के अवैध खनन एवं तस्करी से जुड़े रैकेट, जेएसएससी-सीजीएल जैसी परीक्षाओं में व्यापक अनियमिततायें और ग्रामीण योजनाओं के नाम पर हो रही वित्तीय लूट शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि जब इन मुद्दों को जनहित में प्रमुखता से उठाया, तो सत्ता में बैठे कुछ लोगों को उनकी सक्रियता असहज करने लगी। उन्होंने याद दिलाया कि यह कोई पहली बार नहीं है जब उन्हें चुप कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिकारपाड़ा क्षेत्र में उनके खिलाफ उग्रवादियों से जानलेवा हमला कराने की साजिश की सूचना उन्हें मिली थी। उस समय की खुफिया जानकारी को गंभीरता से लेते हुये केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके कुछ करीबी अधिकारियों को संदेश दिया कि यदि उन्हें लगता है कि धमकियों, स्टिंग ऑपरेशनों या फर्जी मुकदमों के जरिये उन्हें डराया जा सकता है, तो वे भारी भूल कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब उग्रवादियों के हाथों उन्होंने अपने जवान पुत्र को खोया था, तब भी वे न झुके थे, न रुके थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के मूलभूत मूल्यों का घोर अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड को अब डराने और दबाने की राजनीति नहीं। बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है।

## सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं बाबूलाल मरांडी : विनोद पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए उन आरोपों को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाला बताया है, जिसमें उन्होंने अपनी जान पर खतरा और सरकार द्वारा गलत मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका जताई है। झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने इन आरोपों को हास्यास्पद बताते हुए इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा करार दिया है। साथ ही उन्होंने इन आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें ऐसे छिछले और आधारहीन आरोप लगाने से पहले अपनी गरिमा और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए। यह स्पष्ट है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता और जनहितकारी नीतियों से वे निराश और हताश हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मरांडी जी का यह रवैया झारखंड की प्रगति के खिलाफ है। जब राज्य सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है तो मरांडी जी परेशान हो उठते हैं। वे एंटी करप्शन ब्यूरो को सवाल भेजने लगते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि एक स्वतंत्र जांच एजेंसी को संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा प्रश्न भेजना कहां तक उचित है? यह सीधे-सीधे निष्पक्ष जांच में लगे सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाने की चाल है। जब सरकार रांची में रिम्स-2 अस्पताल जैसे जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट्स को लागू करने के लिए कदम उठाती है, तो मरांडी जी और उनकी पार्टी भाजपा के नेता इसका विरोध करते हैं। यह नेता प्रतिपक्ष का काम नहीं है। झारखंड की जनता विकास चाहती है, न कि बाधा उत्पन्न करने वाली सियासत।

विनोद कुमार पांडेय ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार जनता के हित में पारदर्शी और जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने जेएसएसपी और जेपीएससी जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की है और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कदम उठाए हैं। मरांडी जी के आरोप न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि यह जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा यह आग्रह करता है कि मरांडी जी और उनकी पार्टी भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएं और राज्य के विकास में सहयोग करें। झारखंड की जनता सियासी नाटक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में प्रगति चाहती है।

## पूर्व विधायक सीता सोरेन ने पासपोर्ट रिलीज करने के लिये कोर्ट से किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वर्ष 2012 में हुये राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपी पूर्व विधायक सीता सोरेन ने सीबीआई की विशेष अदालत से अपने पासपोर्ट को रिलीज करने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने पासपोर्ट का नवीकरण कराने के लिये इसे रिलीज करने की मांग की है। मामले में पूर्व विधायक सीता सोरेन, पिता बीएन मांझी, तत्कालीन आप्त सचिव राजेन्द्र मंडल समेत 6 आरोपी हैं। मालूम हो कि 30 मार्च 2012 को 2 सीटों के लिए राज्यसभा का चुनाव हुआ था। इसमें आरके अग्रवाल और पवन धूत उमीदवार थे। उमीदवार आरके अग्रवाल के पक्ष में मतदान करने के एवज में पैसा लेने का आरोप सीबीआई ने सीता सोरेन और उनके पिता और आप्त सचिव पर लगाया था। बता दें कि आयकर विभाग ने राज्यसभा चुनाव में वोटरों के खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने उक्त राज्यसभा चुनाव को रद्द कर दिया था और दोबारा 3 मई को चुनाव हुआ था। दोबारा हुये चुनाव में प्रदीप बलमुचू और संजीव कुमार ने जीत दर्ज की थी।


### शपथ-पत्र

नोटरी पब्लिक , लोहरदगा ।
शपथ-पत्र संख्या 5094
मैं, मुनिष बाड़ा, पिता सोमदेव बाड़ा, निवासी ग्राम मोरगांव, पोस्ट- भरनो, थाना-भरनो, जिला - गुमला (झारखण्ड) का निवासी हूँ, एतद् द्वारा शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पत्ते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा का मेरा आधार कार्ड संख्या 2570 3222 4162 है, जिसमें मेरा नाम मुनिष बाड़ा (Munish Bara) पिता सोमदेव बाड़ा (Somdeo Bara) दर्ज है, जो सही है।
3. यह कि मेरे नाम से ड्राईविंग लाईसेंस बना है. जिसका लाईसेंस नo JH0820130024840 है, जिसमें भूलवश मेरा नाम Manish Bara दर्ज है, जो गलत है।
4. यह है कि उक्त ड्राईविंग लाईसेंस में Manish Bara के स्थान पर मेरा सही नाम मुनिष बाड़ा (Munish Bara) सुधार किया जाय इस निमित यह शपथ-पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।
5. यह कि उपरोक्त बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।
यह शपथ-पत्र दिनांक 02.06.2025 ई० को लोहरदगा जिला में सम्पादित किया गया ।



### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित **क्रमांक, सूचना संख्या, कार्य का नाम, निविदा मूल्य, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय, और बयाना राशि (ईएमडी)** मूल्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **[1]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -36-2025;** रांची मंडल के पीडब्ल्यूआई/एलएडी के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/उन्नयन कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग का अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के साथ विकास; ₹ **9,00,42,656.38;** ₹ 6,00,200.00; 23.06.2025 को 15:00 बजे। **[2]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -37-2025;** रांची मंडल के पीडब्ल्यूआई/जीबीएक्स के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/उन्नयन कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग का अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के साथ विकास। ₹ **8,96,31,326.94;** ₹ 5,98,200.00; 23.06.2025 को 15:00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। (PR-226)



### कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ द्वारा निविदा हेतु प्रकाशित विज्ञापन PR 352716 Fish (25-26)#D (मत्स्य स्पॉन), को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.354073 Fish(25-26):D



### कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ द्वारा निविदा हेतु प्रकाशित विज्ञापन PR 352720 Fish (25-26)#D (फ्राई कैचिंग नेट) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ

PR 354072 Fish(25-26)#D



### कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ द्वारा निविदा हेतु प्रकाशित विज्ञापन PR NO. 352718 Fish (25-26):D (मैश फीड) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी,रामगढ

PR 354071 Fish(25-26).D


## पांच जून से पुन: शुरू होगा कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का जनता दरबार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा जन समस्याओं के समाधान तथा शिकायतों के निवारण के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा राज्य से लेकर जिला स्तर तक जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि सरकार गठन के प्रारंभ से ही कांग्रेस जन मुद्दों के प्रति गंभीर है और उनकी पंचायत से लेकर राज्य स्तर की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में भी मंत्रीगण अपने प्रभार वाले जिलो में जाकर जनता दरबार लगा चुके हैं। इस क्रम में आगामी 5 जून को राज्य के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा 11 बजे से जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस भवन में किया गया है, जहां पर लोगों की समास्याओं को सुनकर समाधान किया जाएगा।

श्री सिन्हा ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य जनता को समाधान का उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है ताकि अपनी समस्याओं को दूर करने में उन्हें अनावश्यक भाग-दौड़ और अन्य परेशानियों से बचाया जा सके। जनता दरबार में सभी विभाग से संबंधित समस्याओं पर कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के विभागों से संबंधित समस्याओं के अलावा यदि अन्य विभागों की समस्याएं आती हैं तो उस विभाग के मंत्री और अधिकारी से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। समय-समय पर निराकरण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी संबंधित अधिकारी से ली जाएगी। वहीं जनता की समस्याओं का दस्तावेजीकरण भी किया जाएगा।

श्री सिन्हा ने कहा है कि जिन उद्देश्यों के साथ जनता ने महागठबंधन पर अपना भरोसा जताया है उसके लिए बेहतर कार्य संस्कृति और मजबूत कार्य प्रणाली तैयार है। अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जाएगा जनहित के कार्यों से समझौता नहीं होगा।

## दारोगा चंद्रदीप प्रसाद के खिलाफ एसीबी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद नामकुम थाना का तत्कालीन दारोगा चंद्रदीप प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एसीबी ने मामले की जांच पूरी करते हुये जांच अधिकारी ने अदालत में आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत के साथ चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट में आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिये अभियोजन स्वीकृति आदेश भी है। सब इंस्पेक्टर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बीते 4 अप्रैल को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। वह दहेज प्रताड़ना के एक केस को मैनेज करने के नाम पर आशीष कुमार यादव नामक व्यक्ति से रिश्वत ले रहा था। मालूम हो कि पिछले दिनों एसीबी कोर्ट आरोपी को जमानत देने से इनकार कर चुकी है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए 25 करोड़ आवंटित

- **इस राशि का उपयोग विभिन्न कार्यों में परामर्श और विशेषज्ञ सेवाएं लेने के लिए किया जायेगा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने टेलीमेडिसिन और परामर्श सेवाओं के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों में परामर्श और विशेषज्ञ सेवाएं लेने के लिए किया जायेगा। इसके अलावा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए, विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के लिए गुणवत्ता और अंकेक्षण कार्य करने के लिए और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक एजेंसी चार्ज का वहन करने के लिए किया जायेगा।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के उद्देश्य :** इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाना है। इससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं का भी होगा लाभ :** इस पहल से केंद्र प्रायोजित योजनाओं का भी लाभ होगा। इससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में और अधिक गति आएगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## कई जिलों के डीसी सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में देवघर के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, धनबाद के डीसी आदित्य रंजन, कोडरमा के डीसी ऋतुराज, गढ़वा के डीसी दिनेश कुमार यादव एवं खूंटी डीसी आर रॉनिटा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## कई जिलों के एसपी सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, क्रांति कुमार गडिदेशी, डीआईजी नौशाद आलम अंसारी, एसएसपी प्रभात कुमार, पीयूष पाण्डेय, एसपी हरविंदर सिंह, निधि द्विवेदी एवं राजकुमार मेहता ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## डीआईजी पलामू ने डीजीपी से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड में सोमवार को नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू ने अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पुलिस महानिदेशक ने पलामू क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करने साथ-साथ नक्सल विरोधी रणनीतियों को परिष्कृत करने, संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने एवं विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू ने अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विदित हो कि नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक), झारखण्ड के पद पर रहते हुए उनका स्थानांतरण क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू के पद पर हुआ है एवं उनके स्थान पर सुरेन्द्र कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक ने योगदान दिया है।

## जेल से संचालित होने वाले अपराधिक गिरोहों की गतिविधि पर हो विशेष निगरानी : आईजी

- **रांची जिला की विधि-व्यवस्था व अनुसंधान पर समीक्षा बैठक आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** मनोज कौशिक पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, रांची के द्वारा सोमवार को एसएसपी रांची के कार्यालय स्थित सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक,रांची, पुलिस अधीक्षक (नगर, ग्रामीण, यातायात) तथा सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ रांची जिला के विधि-व्यवस्था एवं अनुसंधान के विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उन्होंने रांची जिला अंतर्गत विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

जिसमें अपराध नियंत्रण विशेषकर संगठित अपराध की रोकथाम हेतु निरोधात्मक उपाय करने तथा कार्ययोजना के तहत विशेष निगरानी रखने, संगठित गिरोह के सरगना एवं उनके सक्रिय आपराधिक सहयोगियों, उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्तियों, आश्रय प्रदाताओं का सम्पूर्ण डाटाबेस तैयार करने व फरार अपराधियों के विरुद्ध वारंट, इश्तेहार, कुर्की प्राप्त करने, जेल से संचालित होने वाले अपराधिक गिरोहों की गतिविधि पर विशेष निगरानी रखने , सिटी सीलिंग पॉइंट का क्रियान्वयन करने एवं सघन व प्रभावी एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने, थाना में आने वाले सभी पीड़ित व्यक्तियों व आगंतुकों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने, महिलाओं व बच्चों से संबंधित कांडों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं समयबद्ध निष्पादन, जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय व सेवन पर विशेष अभियान चलाने, अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, आमजन को जागरूक करने, मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के स्थानीय एवं अंतरराज्यीय नेटवर्क के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, सुगम ट्रैफिक व्यवस्था संधारित करने, साइबर क्राइम की घटनाओं पर विशेष निगरानी रखने तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने का निर्देश व प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से साइबर अपराधियों की अधिकतम गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही पुराने लंबित कांडों का ससमय निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करने, जन शिकायत प्रणाली के परिवादों का त्वरित निष्पादन व रांची जिले में थाना परिसर में मालखाना प्रदर्श के समुचित रख-रखाव हेतु शहर के परिधीय थाना क्षेत्र में केंद्रीकृत मालखाना हेतु कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया ताकि थाना परिसर को स्वच्छ रखा जा सके।

## राज्य के स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे देवघर, स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

- **एम्स में आयोजित राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर अस्पताल पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सावन की तैयारी को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सोमवार को देवघर पहुंचे। देवघर पहुंचते ही उन्होंने पूरे जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही अस्पताल पदाधिकारियों को कई अहम दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि देवघर जिले में आगामी 15 जुलाई से श्रावणी मेला की शुरूआत हो रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सजग है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी के मद्देनजर सभी जिले के सदर अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाए जाएंगे और उसे पीपीपी मोड पर चलाया जाएगा।

**10 जून को राष्ट्रपति पहुंचेंगी देवघर**

वहीं 11 जून को देवघर के एम्स में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम की जानकारी एम्स के निदेशक ने दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में वह मौजूद जरूर रहेंगे। वहीं सांसद निशिकांत दुबे के कार्यक्रम में आने के सवाल पर मंत्री इरफान अंसारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए। लेकिन उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय सांसद होने के नाते वह कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे तो अच्छा रहेगा। मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देवघर में एम्स को लाने का क्रेडिट कांग्रेस को जाता है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सांसद फुरकान अंसारी ने एम्स को देवघर में स्थापित करने का प्रयास किया था। लेकिन सरकार परिवर्तन होने के कारण फीता भाजपा सरकार में काटा गया।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के देवघर आगमन के दौरान जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता उनके साथ मौजूद थे।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकार तत्पर : मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मिले। मंत्री ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के साथ डॉक्टरों की कमी को भी दूर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने में जुटी हुई है। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की है और उन्हें आश्वासन मिला है कि झारखंड में जल्द ही तीन नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

### रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि छह जून

## बिना निबंधन के चल रहे प्ले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने सभी स्कूल संचालकों को छह जून तक निबंधन या नवीकरण कराने का अंतिम मौका दिया है। तय तिथि तक प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले प्ले स्कूलों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार, कई प्ले स्कूल बिना वैध निबंधन या नवीकरण के संचालित हो रहे हैं, जो कि नियमों का उल्लंघन है। जिला प्रशासन को कई ऐसे मामलों की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनमें प्ले स्कूल बिना वैध निबंधन के संचालित हो रहे हैं या पूर्व से निबंधित कुल 113 प्ले स्कूलों ने अब तक निबंधन नवीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। इन स्कूलों की सूची जिले की एनआईसी की वेबसाइट तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय, रांची के सूचना पट पर उपलब्ध है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्ले स्कूल संचालक जो अब तक निबंधन या नवीकरण नहीं करवा पाए हैं, वह छह जून तक अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र में रांची समाहरणालय के ब्लॉक बी, कमरा संख्या 113 में जमा कर सकते हैं। इसके बाद कोई मौका नहीं दिया जायेगा।

## झारखंड बंद का किया समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने 4 जून के झारखंड बंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार तानाशाही रवैया अपना कर अपने को आदिवासी विरोधी साबित कर दिया है। वर्तमान झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है, उन्होंने 2019 और 2024 में लगातार अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किए थे कि आदिवासी और मूलवासियों की ज्वलंत मुद्दों को सत्ता में काबिज होते ही समाधान कर देंगे, लेकिन यह सरकार पूरी तरह जनविरोधी और आदिवासी मूलवासी विरोधी है। इसका जालंत उदाहरण है सिरम टोली में सरना स्थल का अस्तित्व बचाने के आंदोलन पर कोई कार्रवाई नहीं करना।

### मॉनसून से पहले अलर्ट मोड में रांची नगर निगम

# मच्छर जनित डेंगू-मलेरिया की रोकथाम की तैयारी तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मॉनसून से पहले रांची नगर निगम तैयारी में जुट गया है, ताकि शहरवासियों को जल जमाव और मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। इस क्रम में नालियों की सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। जल जमाव रोकने और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए निगम की ओर से अहम तैयारियां की गई हैं।

**जल जमाव से निपटने की कवायद :** प्री-मानसून बारिश के पहले ही निगम ने नालियों का सफाई अभियान तेज कर दिया है, ताकि जल निकासी बाधित न हो। ड्रेनेज सिस्टम की नियमित जांच की जा रही है और खुले कचरे को उठाने का प्लान भी लागू किया जा रहा है। इससे जल जमाव के कारण होने वाली असुविधाओं को न्यूनतम किया जाएगा।



**हाई क्वालिटी केमिकल का छिड़काव :** डेंगू और मलेरिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए नगर निगम अब मच्छरों के लार्वा को खत्म करने के लिए पहले से अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल कीटनाशक का इस्तेमाल कर रहा है। यह केमिकल नालियों, ठहरे हुए पानी और अन्य संभावित मच्छर-प्रजनन स्थलों पर छिड़का जाएगा। डॉ. किरण कुमारी ने बताया कि यह नया केमिकल बेहतर और असरदार साबित होगा।

**डोर-टू-डोर जागरुकता अभियान होगा शुरू :** रांची नगर निगम वेक्टर बॉर्न डिजीज विभाग के सहयोग से अगले सप्ताह हिंदपीढ़ी क्षेत्र से डोर-टू-डोर अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत निगम की टीमें हर घर जाकर मच्छर लार्वा की जांच करेगी और उन्हें नष्ट करेगी। साथ ही लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी उपायों की जानकारी देगी। यह कदम डेंगू से बचाव के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**मॉनसून में भी सक्रिय रहेगा निगम का एक्शन प्लान :** रांची नगर निगम स्वास्थ्य शाखा की प्रमुख डॉ. किरण ने बताया कि यह अभियान केवल मानसून से पहले तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बारिश के दौरान भी फॉगिंग, केमिकल स्प्रे और सफाई अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि मच्छरों के पनपने पर रोक लगाई जा सके।

**जनसहभागिता की अपील :** नगर निगम ने नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की है। सभी से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर और पानी की टंकियों को नियमित साफ करें। यदि कहीं मच्छर का लार्वा दिखे तो तुरंत निगम को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। जिन नाले और नालियों की सफाई हो चुकी है उनमें गंदगी ना फैलाएं, बरसाती पानी के बहाव का न रोकने की अपील भी नगर निगम ने आम लोगों से की है। रांची नगर निगम की यह बहुस्तरीय योजना डेंगू-मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगी। यदि नागरिक भी सहयोग करें, तो इस मानसून में रांची को मच्छरजनित बीमारियों से काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है। हालांकि नाले और नालियों की सफाई के साथ-साथ बारिश के दौरान ड्रेनेज की व्यवस्था और तैयारी निगम की क्या है यह तो मानसून के दौरान ही दिखेगा।

### खबर एक नजर में

## संगठन सृजन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राजेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता भोपाल गए

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन के लिए प्रतिनियुक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सोमवार को भोपाल में आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए भोपाल के लिए रवाना हुए। दोनों नेता मंगलवार को भोपाल में राहुल गांधी की उपस्थिति में आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल होगे और अपना विचार रखेंगे।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन में भाग लेंगे न्याय मंत्री और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री एवं संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर जाकर वार्ता कर 6 जुलाई को धनबाद के राजविलास रिसोर्ट में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन मे आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार करते हुए अधिवेशन में अपने आने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर पवन कुमार गोयनका, ललित कुमार पोद्दार एवं विनोद कुमार जैन ने दोनों मंत्रीयों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया।

## मनी लाउड्रिंग का आरोपी जेल से निकला

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी मिल्लत कॉलोनी निवासी जमीन कारोबारी इरशाद अख्तर सोमवार को जेल से बाहर निकला। आरोपी को 29 मई को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी। अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा में बताया कि आरोपी को सशर्त जमानत की सुविधा सुप्रीम कोर्ट ने प्रदान की है। इसके तहत मामले में आरोप गठन होने तक का आरोपी को सशरीर कोर्ट में हर निर्धारित तारीख को उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

## टीएसपीसी जोनल कमांडर आक्रमण गंझू की बेल पर 11 को हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू उर्फ आक्रमण जी ने झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मांगी है। उसकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में 11 जून को सुनवाई होगी। कोर्ट ने 11 जून तक सरकार को प्रति शपथपत्र दायर करने का निर्देश दिया है। रवींद्र गंझू चतरा के टंडवा स्थित मगध आम्रपाली कोयला परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग केस समेत अन्य कई गंभीर आपराधिक मामलों का आरोपी है।

## टीएसपीसी के दो सक्रिय सदस्य हथियार और गोली सहित गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने टीएसपीसी के दो सक्रिय सदस्य सुमित लहरी और मनु सिंह उर्फ अभिमन्यु कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक पिस्टल, गोली, एक चिड़िया मारने वाला हथियार, टीएसपीसी का पर्चा व मोबाइल बरामद किया है। डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य सुमित लहरी बुढ़मू एवं बड़कागांव थाना के सीमावर्ती क्षेत्र में छिप कर ईलाज करा रहा है। उक्त सूचना पर एक टीम का गठन किया गया। छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए सुमित लहरी को टीएसपीसी का पर्चा के साथ घायल अवस्था में पकड़ा लिया। सुमित लहरी वर्ष 2024 में बुढ़मू थाना से जेल गया था। इसके बाद पुनः जेल से बाहर निकलकर टीएसपीसी के एरिया कमाण्डर दिवाकर गंझू के साथ पार्टी में शामिल हो कर उग्रवादी घटना को अंजाम देने लगा।

## डीपीएस रांची के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में लहराया परचम, नूपुर सिंह ने 2139 रैंक के साथ किया टॉप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। इसके 50 से अधिक छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के शिखर पर रहीं नूपुर सिंह, जिन्होंने आल इंडिया रैंक (एआईआर) 2139 प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनका यह प्रदर्शन उनकी



मेहनत, लगन और डीपीएस द्वारा प्रदान किए गए मजबूत शैक्षणिक सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा हमे जेईई एडवांस्ड में हमारे छात्रों की उपलब्धियों पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और अटूट समर्पण ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। डीपीएस रांची में हम उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और अपने छात्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जेई एडवांस्ड 2025 में द पाठशाला के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेई एडवांस्ड 2025 के परिणाम में द पाठशाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर संस्था की गुणवत्ता और मार्गदर्शन को सिद्ध कर दिया है। प्रनीत आयुष ने ओबीसी श्रेणी में 516वीं रैंक और उत्कर्ष 3305वीं रैंक प्राप्त की है। वहीं सामान्य श्रेणी में आदित्य आर्यन



चौबे ने सामान्य श्रेणी में 3758वीं रैंक, बीनू ने 7000वीं और रूपेश को 14715वीं रैंक मिला है। यह जानकारी संस्थान के निदेशक शिवशंकर ने दी है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम आज शाम 5 बजे तक प्राप्त हुए हैं। अभी भी कई छात्रों के रिजल्ट आने बाकी हैं। हमें उम्मीद है कि इस सूची में और नाम जुड़ेंगे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के सक्षम गोयल को 1713वीं रैंक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सक्षम गोयल ने एआईआर-1713 प्राप्त किया है। एआईआर-14714 के साथ रूपेश आनंद और एआईआर-25344 के साथ अन्वेषा अग्रवाल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राचार्या परमजीत कौर ने बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और संकल्प सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने शिक्षकों के ईमानदार प्रयासों, माता-पिता के निरंतर समर्थन की सराहना की और उपलब्धि हासिल करने वालों को शुभकामनाएं दीं।

## एआइआर 938 रैंक हासिल कर ब्रदर्स ऐकेडमी के साहिल बने संस्थान टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया रैंक 938 हासिल कर ब्रदर्स ऐकेडमी के साहिल आकाश अपने संस्थान के टॉपर बने है। ब्रदर्स ऐकेडमी के आनंद एआईआर 987, शौर्य 1714, आर्यन 2367 और तान्या 2876 रैंक हासिल किया है। ब्रदर्स ऐकेडमी के 115 से अधिक छात्रों ने जेई एडवांस्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। सफल छात्रों ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्याँकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की



समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आईआईटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

## कोल इंडिया : मानकीकरण समिति की बैठक आज बोनस के बदले पीएलआरएस योजना पर होगी चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ कोलकता।** कोल इंडिया द्वारा जेबीसीसीआई- 11 तहत गठित मानकीकरण समिति के पुनर्गठन के बाद 3 जून मंगलवार को इसकी बैठक होने जा रही है। यह बैठक समिति के नए चेयरमैन तथा एमसीएल के सीएमडी की अध्यक्षता में होगी।

बताया गया है 3 जून को आहूत मानकीकरण समिति की 5वीं बैठक उत्तराखंड स्थित देहरादून अथवा ऋषिकेश में होगी। इसके पहले चौथी बैठक 9 दिसंबर 2024 को रायपुर में हुई थी।

मानकीकरण समिति की बैठक के लिए निर्धारित एजेंडे में एक महत्वपूर्ण बिंदु बोनस के बदले पीएलआरएस पर चर्चा पर है। यानी बोनस के स्थान पर प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू किए जाने पर प्रबंधन विचार कर रहा है। इसके पहले भी प्रबंधन ने पीएलआरएस का प्रस्ताव रखा था, लेकिन यूनियन नेताओं ने इसका विरोध करते हुए खारिज कर दिया था। मानकीकरण समिति की 5वीं बैठक में प्रबंधन इस विषय को पुनः लेकर आ रहा है।

### यह है एजेंडा

- 9 दिसंबर, 2024 को मानकीकरण समिति की हुई चौथी बैठक के हिंदी व अंग्रेजी में कार्यवृत की पुष्टि।
- चौथी बैठक के एटीआर।
- कामगारों के लिए बोनस के स्थान पर प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआरएस) पर चर्चा।
- सहानुभूति के आधार पर रोजगार हेतु मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी पर चर्चा।
- कामगारों से संबंधित एमएआर में प्रस्तावित संशोधन।
- कामगारों के व्यक्तिगत विकास पर चर्चा।
- सेटलिंग भत्ता पर चर्चा।

### बैठक में ये होंगे सम्मिलित

मानकीकरण समिति के पुनर्गठन के पहले सीआईएल निदेशक (एचआर) विनय रंजन चेयरमैन थे। विनय रंजन अब समिति के मेंबर सेक्रेटरी हैं। समिति में चेयरमैन सहित 12 मेंबर हैं। पहले 11 मेंबर थे। बैठक में अनुषंगी कंपनियों के निदेशक एचआर, सिंगरेनी केडी (पी-पी), रमेंद्र कुमार (एटक), डीडी रामनंदन (सीटू), शिवकुमार यादव, शिवकांत पांडेय (एचएमएस), सुधीर घुरडे, मजरुल हक अंसारी (बीएमएस), आरपी सिंह (सीटू), रियाज अहमद (एचएमएस), हरिद्वार सिंह (एटक), यादगिरी सतैया सम्मिलित होंगे।

## अंधेरी रात में शोरूम का शीशा तोड़कर सामान ले उड़े चोर

**सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना कैद**

**रांची।** राजधानी के डोरंडा थाना अंतर्गत डिबडीह बाईपास रोड स्थित फोर्स मोटर्स शोरूम में रविवार रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने शोरूम के मुख्य प्रवेश द्वार के शीशे को तोड़कर चोरी की है। सोमवार सुबह जब शोरूम में कार्य करनेवाले कर्मचारी वहां पहुंचे तब घटना की जानकारी मिली। इसकी जानकारी डोरंडा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस शो रूम पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया, जिसमें चोर की तस्वीर कैद हुई है। इस संबंध में फोर्स मोटर्स के सीनियर सेल्स मैनेजर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चोरों ने शोरूम से कंप्यूटर, नकदी समेत कई जरूरी कागजात और उपकरण चोरी हुई है। साथ ही अंदर रखे अन्य सामानों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। चोरी से कंपनी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### खूंटी में संविधान बचाओ रैली में कृषि मंत्री ने मोदी सरकार पर साधा निशाना, कहा

# देश को आरएसएस की विचारधारा और बीजेपी के खतरे से बचाना होगा : शिल्पी नेहा तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस का जिला स्तर पर संविधान बचाओ रैली का दौर जारी है। इसी कड़ी में खूंटी जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा डाक बंगला परिसर में संविधान बचाओ सभा और उसके बाद शहर में रैली निकाली गयी। संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए राज्य की कृषि मंत्री सह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की प्रभारी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विश्व भर में जिस देश के लोकतंत्र की दुहाई दी जाती थी। आज उस देश का संविधान खतरे में है। केंद्र में बैठी मोदी सरकार संविधान को मजबूती प्रदान करने के बजाय देश की जनता को धर्म के जाल में उलझाना चाहती है। केंद्र सरकार ईसाई, मुसलमान, हिन्दू के बीच



विभाजन कर एक-दूसरे से खतरा होने की राजनीति कर रही है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि खुद को हिंदू समाज का ठेकेदार बताने वालों को बताना चाहिए की पहलगाम में धर्म पूछ कर निर्दोषों को जब मारा गया, तब हाफ पेंट और टोपी वाले कहां थे? भारतीय सेना के जवानों का पराक्रम और शौर्य को भूल कर बीजेपी के लोग ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर आज राजनीति करने में जुट गए है। उन्होंने कहा कि देश को सबसे बड़ा खतरा फरर की विचारधारा और बीजेपी से है। आदिवासी, दलित, पिछड़ा, किसान की रक्षा सिर्फ संविधान ही कर सकता है। देश के आदिवासी के अस्तित्व को मिटाने के लिए डीलिस्टिंग से लेकर सरना-सनातन तक का षडयंत्र रचा जा रहा है। लेकिन ये कभी सफल नहीं होगा।

मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी बिना डरे देश की जनता के हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रहे है। हम सभी को इस लड़ाई में कदम से कदम मिला कर उनका साथ देना होगा। हर हाल में लोकतंत्र को बचाने के लिए संविधान को बचाना होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जातिगत जनगणना के लिए संघर्ष का परिणाम है कि केंद्र सरकार को घुटना टेकना पड़ा। अब बारी सरना धर्म कोड की लड़ाई लड़ने की है। सदन से इस प्रस्ताव को गठबंधन वाली सरकार ने बहुत पहले पास कर दिया है। जब जातिगत जनगणन में दूसरे धर्म के लिए कॉलम का प्रावधान है तो सरना धर्म के लिए अलग कॉलम क्यूं नहीं मिलेगा? कांग्रेस सरना धर्म कोड की लड़ाई को दिल्ली तक ले जाने का काम करेगी । बीजेपी के लोग समाज में मनुस्मृति लाना चाहते है। उन्हें संविधान पर भरोसा नहीं है ।

वहीं, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि 6 मई से रांची में संविधान बचाओ रैली से कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। अब तक राज्य के कई जिलों में संविधान बचाओ रैली हो चुकी है। बंधु तिर्की ने कहा कि संविधान बचाना क्यों जरूरी है, इसे समझना होगा। देश संविधान से चलता है। संविधान के तहत ही हमें भाषा का अधिकार मिलता है। संविधान के तहत परम्परा, संस्कृति, रीति रिवाज, पड़हा, ग्राम सभा को बचाया जा सकता है। पेसा के तहत जो नियमावली लागू होगी, वो भी संविधान के तहत ही है। बीजेपी संविधान को कमजोर कर समाज को कमजोर करने और पूंजीपतियों का राज स्थापित करने का षडयंत्र रच रही है। खूंटी में संविधान बचाओ रैली को सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, कांग्रेस नेत्री दयामनी बारला सहित कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया।

## हिम्मत है तो बाबूलाल मरांडी को छूकर दिखाये हेमंत सरकार : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा बाबूलाल मरांडी पर हमला की साजिश रचे जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक और लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट सरकार के मुख्यमंत्री और उनके चहेते अफसरों भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनके परिवार को डराने, धमकाने और उन पर हमले की साज़िश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार सत्ता मद में डूब चुकी है। भ्रष्टाचार और अपराध ही इसके हाथ पैर बन गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आग से खेलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि बाबूलाल मरांडी या उनके परिवार के किसी भी सदस्य को एक खरोंच भी आती है, तो भाजपा का हर कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे।

## मुरझाये फूल हैं बाबूलाल मरांडी, इनको किसी से खतरा नहीं : राकेश

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के हालिया दिये गए बयान पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल जी आपको खतरा किसी से नहीं है। जब आप सीएम थे तो आपने षडयंत्र कर राज्य को जलाने का काम किया। आपके षडयंत्र को आपके दल के लोगों ने ही समझा और आपको मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। उसके बाद आपने अलग पार्टी बनायी, लेकिन फिर आप षड्यंत्र और साजिश राज्य के खिलाफ करते रहे। आप अपने जीते हुए विधायकों को षड्यंत्र कर दूसरे दल में भेजते रहे। राज्य सभा में क्रॉस वोटिंग तक करवाया तब आपको खतरे का आभास क्यों नहीं हुआ। श्री सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी मुरझाए हुए फूल है और मुरझाये हुए फूलों को किसी से खतरा नहीं होता है। सस्ती लोकप्रियता के लिए बाबूलाल जी इस तरह का बयान देते रहते हैं।

# प्रखंड स्तर पर कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने को कांग्रेसजनों को करनी होगी मेहनत : केशव कमलेश

- संगठन सशक्तिकरण को लेकर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस की हुई बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रखण्ड स्तरीय संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में सभी कांग्रेसजनों को कमर कस लेना होगा। साथ ही देश के वर्तमान राजनीतिक हालात में संविधान के महत्व एवं बचाव की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती के लिए प्रखण्ड, मण्डल, पंचायत से लेकर बूथ तक कार्य करना होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने संगठन सृजन 2025 के तहत संगठन को मजबूत करने की बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड स्तरीय संगठन सृजन का मासिक कार्यक्रम 04 जून शुरू होकर 17 जून तक चलेगा।

**बैठक में ये नेता थे शामिल**

बैठक में सम्मिलित होने वाले पदाधिकारी प्रदेश मिडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजिनी, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, बेलस तिर्की, अर्चना मिश्रा, संजय सरैया, माधो कच्छप, मदन महतो, ऐनुल हक, विनोद सिंह, शहीद अहमद, सदन साहू, तुलसी खरवार, मनोज लकड़ा, एतवा उरांव, अशोक गुप्ता, शैलेंद्र कुमार सिंह, विजय टोप्पो, कार्तिक चंद्र महतो, जगदीश चंद्र महतो, मंगलेश्वर उरांव, शिवटहल नायक, बलराम साहू, साबिर अंसारी, कुशल उरांव, मंगा उरांव, इस्तियाक अंसारी, सहाबिर लोहरा, रमेश महली, मनोहर महतो, संजय सेठ, इंदिरा देवी, जमील अंसारी, योगेंद्र बेदिया, दाऊद होरो, राम पाहन, तारकेश्वर मंडल, गुहीराम महतो, मनोहर कुमार महतो, दुर्गा प्रसाद सिंह, किशोर नायक, बलराम साहू, जमील अंसारी, लालू प्रसाद महतो, अब्दुल सलाम अंसारी, डॉ राजकिशोर, अरविंद लोहरा, धरमू नायक, फिरोज आलम, मोहम्मद इश्तियाक, कुलेश्वर मुंडा, रशीद अंसारी, मिथिलेश नारायण तिवारी, मंगल उरांव, अशफाक आलम, तबारक खान, मंगा उरांव, जाकीर हुसैन, राजीव रंजन राजू, रीता चौधरी, अजय साहू सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

## मेडिक्योर हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपी और रिहैब विभाग का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मेडिक्योर हॉस्पिटल, बूटी में सोमवार को अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी एवं रिहैब विभाग का शुभारंभ किया गया। अस्पताल का यह नया विभाग समग्र रूप से मरीज को प्रतिबद्धता के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। इस उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड राय यूनिवर्सिटी के कुलपति, सर्जन डॉ सतीश मीढ़ा, अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अमिताभ कुमार, चिकित्सा निदेशक डॉ. अर्चना पाठक, प्रशासनिक निदेशक डॉ सुमन दूबे एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों में प्रमुख रूप से डॉ. वी. आनंद नाइक, प्रमुख स्पाइनल एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन, नई दिल्ली, डॉ. रॉबिन्स कुमार, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, रॉबिन्स फिजियोकेयर (न्यूरो और ऑर्थो क्लिनिक, गुरुग्राम), डॉ. भास्कर सिंह, डॉ. कमर जाहिर, प्रबंधक, फिजियोथेरेपी रिहैब विभाग, डॉ नित्या तिवारी, डॉ पार्थ, डॉ नीलम सिंह शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. अमिताभ कुमार ने बताया कि हम इस आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित फिजियोथेरेपी और रिहैब विभाग द्वारा अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के साथ मरीजों को उनकी खोई हुई शक्ति और जीवन की गुणवत्ता लौटाने एवं उनके रोगों के सम्पूर्ण समाधान के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर फिजियोथेरेपी और हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस निःशुल्क शिविर में मरीजों को ऑर्थोपेडिक और न्यूरो-रिहैबिलिटेश समस्याओं पर विशेषज्ञ परामर्श, शारीरिक जांच और मूल्यांकन, जीवनशैली और निवारक उपायों पर सलाह दी गयी।

# जेइइ एडवांस परीक्षा में चैम्प स्क्वॉयर के कुमार सक्षम को एआईआर 1101 रैंक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** 2 जून, 2025 दिन सोमवार को जे.ई.ई. एडवांस परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैम्प स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ठ सफलता अर्जित की। चैम्प स्क्वॉयर के कुमार सक्षम चैम्प क्लासरुम प्रोग्राम में पढ़े हैं, उन्होंने आल इंडिया रैंक 1101 लाकर चैम्प स्क्वॉयर एवं पूरे रांची का मान बढ़ाया। इसके अलावा वेद वत्सल, अनवेश शेखर, तनुश्री, सताक्षी, सुमित, दिव्या गुप्ता, जतीन विजय, कुमार मयंक, पियुष और अन्य छात्रों ने भी जे.ई.ई. एडवांस में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

चैम्प स्क्वॉयर से कुल 79 बच्चों ने आई.आई.टी. जे.ई.ई., 2025 एडवांस में सफलता दर्ज करवाई जो कि संस्थान के लिए काफी सुखद है।

चैम्प स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण हेतु नियमित रूप में सुबह 10:00 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते हैं, जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैम्प स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, विचज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद चैम्प स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आई.आई.टी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है। संस्थान के सभी निदेशकों ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैम्प स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आई.आई.टी. एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी चैम्प स्क्वॉयर के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों का ज्ञान और उर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखाई और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशाजनक रहा।

## नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत तक की वृद्धि

- इफको का वित्त वर्ष 2024-25 में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** इफको ने पीबीटी के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों से जारी है। इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष 2024-2025 में नैनो उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं। जबकि पिछले वित्त वर्ष 2023-2024 में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया।

इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। इफको के प्रबंध निदेशक डॉ यूएस अवस्थी ने कहा कि मूल खुराक के रूप में प्रयोग के लिये दानेदार रूप में नैनो एनपीके उर्वरक भी लॉन्च करेगा। इफको ने 40 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। इसमें अमेरिका, ब्राजील, स्लोवेनिया, मॉरीशस, जाम्बिया, नेपाल और बांग्लादेश हैं।


### खबर एक नजर में

## योगदा सत्संग महाविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मॉडल डिजाइन किया



**रांची।** योगदा सत्संग महाविद्यालय के आरआईईपी सेल एवं ग्रीन सोसाईटी के बैनर तले वनस्पति विज्ञान विभाग एवं भौतिक शास्त्र विभाग के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मॉडल डिजाइन किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. सुमित कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में बायोफर्टिलाइजर यूनिट डिजाइन किया गया। जिसका प्रयोग भविष्य में जैविक खाद के रूप में किया जाएगा। वहीं भौतिकशास्त्र विभाग के डॉ. संतोष कुमार सिंह एवं डॉ.रत्नेश पाठक के पर्यवेक्षण में छात्रों ने सौर ऊष्मा ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण के लिए एक मॉडल डिजाइन किया। जिसका प्रयोग गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर बिनोद विहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजनी कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महाविद्यालय के सतत विकास लक्ष्य के साथ उक्त दोनों मॉडल की सराहना की साथ ही अपने अनुभव को साझा किया। इसके अलावे इस कार्यक्रम में शासी निकाय के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण, शासी निकाय के सचिव अश्वनी कुमार सक्सेना, आईक्यूएसी निदेशक कर्नल हिमांशु शेखर, प्राचार्य प्रो. प्रगति बक्शी उपस्थित थीं।

## प्रातः श्यामल दर्शन संध्या में तिलक श्रृंगार के दर्शन



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बाबा के नियमित पूजन कर सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती की गई। मंगला आरती के बाद श्रृंगार के लिए कुछ देर के लिए पट लगाए गए। इसके बाद श्याम बाबा ने भक्तों को श्यामल रूप में प्रातः श्रृंगार दर्शन दिए। 8:30 बजे के श्रृंगार आरती में भक्तों के भाव देखते ही बन रहे थे। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद पट लगाकर बाबा श्याम को विश्राम कराया गया। दोपहर के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में बाबा का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया। वैदिक मंत्रों के साथ मंदिर के आचार्य के साथ श्याम सुंदर शर्मा ने बाबा का अद्भुत तिलक श्रृंगार किया। खाटू धाम के परंपरा के अनुसार सोमवार को रांची श्याम मंदिर में भी केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा गुलबाहर तुलसीदल मॉर्गनफूल गेंदाफूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा को सजाया गया। नवीन पोशाक पहनाकर पंचमेवा का भोग लगाया गया। संध्या 4.30 बजे बाबा श्याम ने रजत सिंहासन पर भक्तों को अपना अद्भुत तिलक श्रृंगार दर्शन दिया। भक्तों के बीच प्रसाद एवं पंचमेवा भोग का वितरण किया गया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## कराटे प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रांची।** मिशन शक्ति फाउंडेशन के द्वारा आयोजित कराटे प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हो गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणादायक शब्द भी कहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल आत्मरक्षा का माध्यम हैं, बल्कि ये बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व की भावना भी विकसित करते हैं।

## आदिवासी बचाओ सह केंद्रीय सरना स्थल बचाओ मोर्चा ने 4 की बंदी में सहयोग मांगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी बचाओ मोर्चा सह केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में सिरम टोली सरना स्थल के मुख्य द्वार पर रैंप उतारे जाने के खिलाफ सहित आदिवासी के धर्म स्थली मारंग बुरू, पारसनाथ पहाड़, गिरिडीह, लुगूबुरू, मुड़हर पहाड़, पिठौरिया पहाड़, दिवरी दिरी राज्य सरकार बचा नहीं पा रही है। ये बातें सोमवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए गीताश्री उरांव, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, फूलचंद तिर्की ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार पेसा कानून, आदिवासियों की व्यापक रूप से जमीन लूट, धार्मिक न्यास बोर्ड, नियोजन नीति, लैंड बैंक ट्राईबल यूनिवर्सिटी हब, भाषा संस्कृति, शराबबंदी, नगड़ी में कृषि योग भूमि को जबरन कब्जा की जा रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर 4 जून को झारखंड बंद रहेगा। उन्होंने सभी धार्मिक एवं सामाजिक अगुवा पड़हा सहित डोकलो, सोहोर, मांझी, परगनैत, मानकी मुंडा संघ पाहन सभी अगुवाओं से बंदी का समर्थन करने को कहा है।

## अबुआ अधिकार मंच ने की ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर नियुक्त करने की मांग

**रांची।** ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर नियुक्त करने की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने सोमवार को राजभवन एवं मुख्यमंत्री सचिवालय में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने के पश्चात अबुआ अधिकार मंच झारखंड के अभिषेक शुक्ला ने कहा के राज्य के ट्राईबल वेलफेयर कमिश्नर का पद खाली रहना अति चिंतनीय है। ट्राईबल वेलफेयर कमिश्नर का परिपथ रिक्त होने के कारण राज्य के एससी/एसटी एवं ओबीसी छात्र-छात्राओं के कल्याण विभाग से संबंधित कार्यों में विलंब हो रहा है एवं छात्र-छात्राओं की परेशानियां दिन-ब-दिन अधिक बढ़ती जा रही है। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से झारखंड राज्य के छात्र-छात्राओं के हित में अविलंब ट्राईबल वेलफेयर कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से विक्रम कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, प्रतीक्षा कुमारी, अपूर्व शुक्ला, दिवाकर प्रजापति, राहुल यादव, पृथ्वी राज, सुदीप मिंज, अमीर हमजा, सलमान अली के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## लेखिका डॉक्टर आकांक्षा चौधरी की व्यंग्य आलेख की पुस्तक 'हंसगुल्ले तीखे हैं!' का हुआ लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी प्रेस क्लब में लेखिका डॉक्टर आकांक्षा चौधरी के व्यंग्य आलेख की पुस्तक 'हंसगुल्ले तीखे हैं!' का जदयू विधायक सरयू राय के हाथों सोमवार को विमोचन हुआ। श्री राय ने कहा कि इस पुस्तक को हाथ में लेने के बाद ही इसके रोचक नाम और कलेवर ने मुझे दस सालों बाद पुनः पढ़ने को मजबूर कर दिया। इसी से समझा जा सकता है कि यह पुस्तक कितनी रोचक और पठनीय है। उन्होंने व्यंग्य की समाज में सराहनीय भूमिका के बारे में बातें कीं।

इस अवसर पर जाने-माने व्यंग्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि पुस्तक की लेखिका डॉ आकांक्षा चौधरी से आस बंधी है कि व्यंग्य में और अच्छी रचनायें आने वाले समय में हिंदी साहित्य को मिलेंगी। मैथिली साहित्य में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त सियाराम झा सरस जी ने पुस्तक और लेखन के दमदार और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतीकरण की चर्चा की।

अनिता रश्मि ने कहा कि डॉ आकांक्षा चौधरी आने वाले दिनों में हिंदी साहित्य जगत की व्यंग्य विधा की नई हस्ताक्षर होने वाली हैं। जितना उनके लिखने का तरीका स्पष्ट है, उतना ही बेबाक उनका व्यंग्य है।

लेखिका डॉ आकांक्षा चौधरी ने बताया कि पद्मश्री डॉ उषाकिरण खां जी ने उन्हें प्रेरणा दी थी कि कटाक्ष और व्यंग्य की तीव्रता से समाज का भेदन किया जाये और समाज को नई दिशा देने की चेष्टा की जाये, तभी आपके शिक्षित होने का फायदा है। समारोह का संचालन राजीव थेपड़ा ने किया। उन्होंने पुस्तक की आद्योपांत समीक्षा भी लेखिका को भेंट की।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ करुणा झा, डॉ अनिल कुमार, डॉ संदीप अग्रवाल, डॉ ओमप्रकाश, सुषमा कुमारी, डॉ साक्षी शर्मा, डॉ अनंत ज्योति उपस्थित थे। डॉ धर्मवीर सिंह ने श्री सरयू राय को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व. पीएन सिंह की जयंती मनायी गयी

- कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व. पी.एन. सिंह की जयंती सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

श्रद्धासुमन के उपरांत एक सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों द्वारा स्व. पी.एन. सिंह का व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार पूर्व चर्चा की गयी।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्व. सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्त्ता एवं उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था। उनके नहीं रहने पर भी उनके पुत्रों द्वारा यह परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। स्व. सिंह जमीन से जुड़े हुए नेता थे, जो लोगों के दुःख-सुख में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। अपने जीवनकाल के कई उतार-चढ़ाव के बीच वो

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, अभिलाष साहु, संजय पांडेय, रवीन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, गजेन्द्र सिंह, राजन वर्मा, रामाश्रय प्रसाद, धमेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, सुनिल सिंह, राघेवन्द्र सिंह लोहा, कमल ठाकुर, राजेश चन्द्र, सूर्यकांत शुक्ला, बबलू शुक्ला, इम्तियाज अहमद, शहीद अहमद, गोपाल उपाध्यक्ष, नीरज सिंह, विकास सिंह, प्रवीण सिंह, शिव प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, संजय अग्रवाल, सचिन सिंह, आरएन सिंह, आदर्श सिंह, रश्मि मिकु, सुधीर सिंह, मनीष सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएमपीडीआई में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

- समारोह का उद्घाटन सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के 'रबीन्द्र भवन' में विश्व पर्यावरण दिवस-2025 समारोह का शुभारंभ एक आकर्षक कुकिंग प्रतियोगिता के साथ हुई। समारोह का उद्घाटन सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उत्सव की शुरुआत की। मौके पर श्री कुमार ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और कुकिंग कला की रचनात्मकता की सराहना की और रोजमर्रे की जिंदगी में टिकाऊ/सतत प्रथाओं के महत्व पर जोर दिया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में सीएमपीडीआई के कर्मियों, उनके जीवन-साथियों तथा बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कुकिंग कला कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल टीम भावना को बढ़ावा देना था बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ जुड़े टिकाऊ पाककला अभ्यासों को बढ़ावा देना भी था।

पर्यावरण जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप सीएमपीडीआई ने विश्व पर्यावरण दिवस तक कई गतिविधियों की योजना बनाई है। इनमें पर्यावरण विषयों पर केंद्रित ड्राइंग और पेंटिग प्रतियोगिताएं, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी और लघु वीडियो प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य प्रतिभागियों और व्यापक समुदाय को टिकाऊ/सतत जीवन शैली अपनाने और पर्यावरण की रक्षा करने के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कुकिंग कला प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया।

# शादी समारोह से लौट रहे बोलेरो की टक्कर, एक की मौत छः घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** एन- एच 39 मुख्य पथ पर स्थित मांडर थाना के निकट सोमवार अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे बोलेरो कि हुई दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पांच अन्य लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एक बोलेरो में सवार होकर पचीस वर्षीय बलवंत साहू पिता सेवक साहू, नीरज साहू 26 वर्ष, मनोहर साहू उर्फ.भगत 32 वर्ष, अमर साहू 26 वर्ष, सुनील साहू 22 वर्ष, सूरज साहू 23 वर्ष, मनोज साहू 21 वर्ष वापस लौट रहे थे। जतरू साहू के बेटे दीपक की बरात खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र स्थित बनगाना लोया गांव गई थी। शादी समारोह से लौटने के दौरान उक्त स्थान के निकट बोलेरो चालक की लापरवाही के कारण बोलेरो ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक को पीछे से धक्का मार दिया। इस हादसे में बलवंत साहू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने सभी को रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बलवंत को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल नीरज और मोहन को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मांडर से ही घर भेज दिया गया। बताया जाता है कि घटना के बाद बोलेरो का चालक मौके से फरार हो गया था।

मृतक बलवंत मजदूरी कर अपने परिवार की जीविका चलाने में सहायता किया करता था। वहीं दूसरी ओर दोनों घायलों की स्थिति भी देर शाम तक गंभीर बनी हुई थी। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुरे गाँव में शोक की लहर फैल गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# महादानी मंदिर के दान पेटी से चोरी अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज



चोरी के बाद जांच करने पहुंची पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में लगे दो दान पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इधर महादानी मंदिर परिसर में लगे दान पेटी से रूपए की हुई चोरी की घटना की सूचना महादानी सेवा सत्संग समिति के सचिव मेघनाथ गिरी और उपाध्यक्ष राजू सिंह ने बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान को दिया। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व के बाद थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने शस्त्र बल के साथ महादानी मंदिर परिसर में लगे दान पेटी की ताला तोड़कर हुई चोरी का जांच किया। इस दौरान एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने महादानी मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे है। दान पेटी से हुई चोरी को लेकर महादानी सेवा सत्संग समिति के सचिन ने बताया कि महादानी मंदिर परिसर में लगे दान पेटी को प्रत्येक माह के पहले शनिवार को खोला जाता है। दान पेटी में संभवत 15 से 20 हजार रूपए की चोरी हुई है। वही चोरी को लेकर समिति के उपाध्यक्ष राजू सिंह के द्वारा बेड़ो थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# बदला गया जला हुआ 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर, रात में बहाल हुई बिजली



समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय।

**खलारी।** महावीरनगर में तीन दिन पूर्व जला 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर आखिरकार सोमवार रात को बदल दिया गया। ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर बुजुर्गों और बीमार सदस्यों वाले परिवारों की मुश्किलें और बढ़ गई थीं। स्थिति को देखते हुए महावीरनगर के कुछ जागरूक नागरिकों ने समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय से संपर्क कर मदद की अपील की। समस्या की जानकारी मिलते ही श्री पांडेय ने तत्परता दिखाते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक, विद्युत अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता हिमांशु जी से संपर्क कर नए ट्रांसफॉर्मर की तत्काल आवश्यकता जताई। उनके प्रयासों से मात्र 24 घंटे के भीतर नए ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति मिल गई। सोमवार देर शाम 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर महावीरनगर पहुंच गया और देर रात बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई। कार्य की तत्परता को लेकर महावीरनगर और मस्जिद मोहल्ला के लोगों ने समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय और जेबीवीएनएल के अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। आभार जताने वालों में पृथ्वी सिंह, दशरथ साव, कुंडल साव, नौशाद आलम, बशीर अहमद, संजय मेहता, ललन सिंह, अमरेन्द्र यादव, टिंकू केशरी, विष्णु तिवारी, कृष्णा केशरी, परवेज आलम, युगल प्रसाद और चंदन सहित कई लोग शामिल हैं।


## Privilege CCL Employees Grih Nirman Swawlambi Sahkari Samiti Limited

[Reg. No. JKD-01-01-01-04-(H)2018]

**NOTICE FOR ANNUAL GENERAL MEETING**

Annual General Meeting of CCL Employees Grih Nirman Swawlambi Sahkari Samiti Limited (PCEGNSSS Ltd.) has been scheduled for **22.06.2025 (Sunday) at 11:00 AM** at the office of the society.

Agenda of the meeting is as follows:

1. Confirmation of minutes of the AGM held on 25.12.2024.
2. Adoption of audited statement of account for the financial year 2024-25
3. Review of progress of work of Phase-I and Phase II and roadmap ahead.
4. Revision of estimate for construction of flats of Phase-1.
5. Discussion over Arbitration case between former consultant Privilege Housing PrivateLimited (PHPL)
6. Any other matter, with the permission of the house, may also be taken up.

CEO
PCEGNSSS Ltd.


# बेड़ो में 6 जून को होगा सरना स्थल का सीमांकन, अतिक्रमण हटाने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** अंचल क्षेत्र के मौजा-बेड़ो स्थित खाता संख्या 386, प्लॉट संख्या 989/2512 की 1.05 एकड़ भूमि पर वर्षों से चले आ रहे विवाद के निपटारे के लिए अंचल प्रशासन द्वारा उक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायतों के बाद प्रशासन ने आगामी 6 जून दिन शुक्रवार को भूमि का सीमांकन कराने का निर्णय लिया है। अंचल कार्यालय बेड़ो से मिली जानकारी के अनुसार, इस विवादित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 31 मई 2025 को एक आम नोटिस भी जारी किया जा चुका है। इसी कड़ी में, राजस्व उप निरीक्षक-सह-प्रभारी अंचल निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे अंचल अमीन की उपस्थिति में 6 जून 2025 को सुबह 11:00 बजे से उक्त भूमि का पुनः सीमांकन कार्य सुनिश्चित करें।

सीमांकन की इस प्रक्रिया के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाहों की उपस्थिति अनिवार्य होगी और इसकी विस्तृत प्रतिवेदन अंचल कार्यालय में प्रस्तुत की जाएगी। प्रशासन के इस कदम से उम्मीद जताई जा रही है कि भूमि विवाद का जल्द समाधान हो जाएगा।

## पुरियो में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# योजनाओं का लाभ दिलाना डालसा का उद्देश्य : राजेश

- विधिक सेवा की दी गयी जानकारी
- नशापान के खिलाफ चले अभियान

**कार्यक्रम में बंटा लिफलेट**

पीएलवी पुष्पलता देवी ने वृद्धा व विधवा पेंशन फार्म भरने, सुनीता देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना व जॉब कार्ड, सुजीता देवी ने लोक अदालत व सुजिता देवी ने मईया सम्मान योजना के बारे में चर्चा की। पीएलवी प्रीतम सक्सेना ने दहेज प्रथा पर फोकस किये। वहीं, पीएलवी की ओर से लोगों के बीच पंपलेट और लिफलेट का वितरण किया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डिप्टी एलएडीसी, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनीता कुमारी, सुजीता कुमारी, प्रीतम सेन व राजा वर्मा ने हिस्सा लिया। श्री सिन्हा ने मुखिया और ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना ही डालसा का उद्देश्य है। श्री सिन्हा ने बाल विवाह, बाल श्रम शिक्षा का अधिकार, सड़क दुर्घटना, लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्पॉन्सरसीप प्रोग्राम, दिव्यांग जनों के अधिकार, विक्षिप्त व्यक्तियों को मिलने वाली सुविधा तथा नशा उन्मूलन पर भी प्रकाश डाला। अनाथ बच्चे, जिनका घर नहीं है, बेसहारा है, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, उन्हें डालसा की ओर से सहायता दिये जाने की बात कही। उन्होंने युवाओं से नशापान के खिलाफ अभियान चलाने का सुझाव दिया।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची।**
First Call PR- 339456

द्वितीय अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/01/2025-26 दिनांक– 31.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय, | दिनांक 11.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉची–02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment, Chemicals, Standard Reference Microbial cultures, Glasswares/ Plasticwares and General items in 13 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand A-Ranchi Zone ( Ranchi, Ramgarh, Koderma, Chatra Medininagar, Latehar, Garhwa, Chaibasa, Saraikela and Kharsawan, Khunti, Lohardaga, Simdega, Gumla) | 6,66,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
PR 354055 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉची।


# मैट्रिक परीक्षा में टॉप करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करते शाखा प्रबंधक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर करने वाली मॉडल स्कूल बेड़ो की छात्रा श्रुति कुमारी 94% व प्रीति कुमारी 90% को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बेड़ो शाखा द्वारा सोमवार को सम्मानित किया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक प्रिय रंजन ने बच्चों तथा अभिभावकों को न सिर्फ बैंक के योजनाओं की जानकारी दी बल्कि बच्चों के माता-पिता को यह भी आश्वस्त किया की बच्चों की पढ़ाई में बैंक हर कदम में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं बच्चों ने कहा की बैंक द्वारा सम्मानित करने से निश्चित ही उनका मनोबल बढ़ा है। वे अब आगे और परिश्रम कर पढ़ाई कर के माता-पिता तथा प्रखंड का नाम रौशन करेंगी। इधर बेड़ो झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा बच्चों के सम्मानित करने पर बच्चों के माता-पिता ने शाखा प्रबंधक का धन्यवाद किया। मौके पर सीनियर ऑडिटर राजकुमार शर्मा, ब्रजेश महतो, केश्वर महतो सुशीला देवी मौजूद थे।

# ठाकुरगांव में दो दिवसीय मंडा पूजा शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** सोमवार को ठाकुरगांव में ऐतिहासिक दो दिवसीय मंडा पूजा का शुरूआत किया गया। इस मौके पर सुबह से ही 200 शिव भक्तों को विशेष पूजा पाठ मुख्य पुजारी राजू गिरी व मुख्य शिव भोक्ता छोटन लोहरा के सानिध्य में कराया जा रहा है। देर रात सभी भोक्ताओं व सोकताईनो ने दहकती आग के अंगारों में चलकर फुलखुंदी करके अपने शिव भक्ति का परिचय दिया गया। वहीं रात्रि जागरण के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीण देर रात झूमते नजर आए। मंगलवार को झूलन सह मेला का आयोजन किया गया है। इन सभी कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष लाल राजीव नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष गोपाल भगत, सचिव मुकेश कुशवाहा, उपसचिव साकेत साहू संरक्षक उमेश वैद्य सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।


**जिला परिषद कार्यालय कोडरमा**

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा–सह–डाक आमंत्रण सूचना संख्या–03/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा।
2. सीलबंद आवेदन प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 09.06.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. सीलबंद आवेदन खोलने का समय :– दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. आवेदन प्राप्ति का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा।
5. कार्य की विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | आवेदन शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Dismantling of Old Zila Parishad Building and Scrap materials after dismantling of Old Zila Parishad Building, Koderma. | 340533=03 (Dismantling) 423001=67 (Salvage Value) | 16000=00 | 750=00 | 15 days |

1) जिला परिषद कोडरमा, भवन निर्माण विभाग झारखण्ड रॉची या किसी अन्य विभाग में निबंधित संवेदक या प्रतिष्ठित एवं समर्थ व्यवसायी/व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को सादे कागज पर कार्य का नाम अंकित करते हुए Dismantling कार्य तथा Salvage Value के लिए अलग–अलग दर देना होगा तथा आवेदन पर पूर्ण हस्ताक्षर, नाम, पता आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर अंकित करते हुए सीलबंद लिफाफे में आवेदन करना होगा ।
2) अग्रधन के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र (आठवीं निर्गम या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पास बुक/फिक्स्ड डिपोजिट के रूप में देय होगा, जो जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा के पदनाम से प्रतिज्ञप्त होना अनिवार्य होगा। जो कार्य समाप्ति के बाद वापस कर दिया जायेगा । Dismentaling एवं Salvage Value of Material की अन्तर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में भुगतेय होगा । जो डाक डालते समय जमा करना होगा ।
3) Dismantling कार्य के लिए मान्य/ प्राक्कलित राशि से अधिक दर एवं Salvage Value Materials के लिए मान्य प्राक्कलित राशि से कम दर स्वीकृत नहीं की जायेगी ।
4) कार्य पूर्ण होने की अवधि 15 दिनों के अन्दर Dismantling के बाद सभी Serviceable तथा Unserviceable सामग्रियों को कार्य स्थल से हटा लेना होगा अन्यथा 1% प्रति दिन के दर से विलम्ब शुल्क की वसूली की जायेगी ।
5) आवेदन शुल्क (जो लौटाया नहीं जायेगा) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा के पक्ष में होगा एवं कोडरमा में भुगतेय होगा।
6) Salvage के लिए निविदत्त दर से Dismantling के लिए निविदत्त दर घटाने के बाद जिस निविदाकार की राशि अधिक होगी उसे कार्य आवंटित किया जायेगा ।
7) निविदा/डाक की अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, कोडरमा
PR 354087 (Panchayati Raj)25-26*D


# जेके सिंह का जीएम रैंक मे प्रमोशन होने पर विकास समिति ने किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में पिपरवार विकास समिति के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह का महाप्रबंधक (जीएम) रेंक मे प्रमोशन होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पिपरवार विकास समिति के सदस्यों ने परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह को अंग वस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित करते हुए जीएम रैंक में प्रमोशन होने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की गई।

# आरपीएफ अधिकारी द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

मुरी। रेलवे सुरक्षा बल मुरी के अधिकारी संतोष कुमार के द्वारा ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत सराहनीय कार्य किया गया। जानकारी के मुताबिक रविवार के दिन संध्या लगभग 4:20 बजे मुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक से झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन रवाना हुई। इसी क्रम में एक यात्री अपने छोटे बच्चों के साथ चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। ड्यूटी में तैनात सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार ने स्थिति को भांपते हुए सतर्कता के साथ हस्तक्षेप करते हुए यात्री और बच्चे दोनों को गिरने या चोट लगने से सफलतापूर्वक बचा लिया। घटना के बाद ट्रेन को रोका गया एवं यात्री और बच्चे को सुरक्षित तरीके से ट्रेन में चढ़ने में सहायता की गई। यात्री ने आरपीएफ पोस्ट मुरी और विशेष रूप से अधिकारी संतोष कुमार को इस साहसी सहायता के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# करकट गांव का मंडा पूजा हुआ संपन्न



चान्हो। प्रखंड के करकट गांव में झूलन और मेला के साथ दो दिवसीय मंडा पूजा सोमवार को समाप्त हुआ। रविवार रात को आयोजित फुलखुंदी में करकट, बीजुपाड़ा, बहेरा टोली, रानीचाचों सहित आसपास के गांव के 300 भोक्ता और 450 सोकताइन दहकते हुए अंगारे पर नंगे पांव चलकर अपनी शिवभक्ति का परिचय दिया। उसके बाद सोमवार को भोक्ताओं को झूलन में झुलाया गया। इस दौरान भोक्ताओं के प्रसाद को लेने के लिए नीचे खड़े भक्तों के बीच होड़ मची रही। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने फुलखुंदी और झूलन मेला के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पूजा शिव के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। साथ ही सभी लोगों को मंडा पूजा उत्सव की बधाई देते हुए शांति पूर्वक आयोजन को सफल बनाने की अपील भी उन्होंने की।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि " **टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 03 (तीन) अद्द दूकान संख्या 09,36,38** को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए **दिनांक 26/06/2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते हैं :–

शर्त :–

1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जॉच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा । जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान ) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 354024 ( District) 25-26 (D)


## एसबी इंटर कालेज ओरमांझी में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

# विद्यार्थियों ने सफल हुए छात्रों पर किया पुष्पवर्षा



सम्मानित होने वाले विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एसबी इंटा कालेज मनातु ओरमांझी में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर इंटर साइंस में सफल हुए विद्यार्थियों को सम्मानि किया गया। विद्यार्थी जैसे की कार्यक्रम में पहुंचे, सभी विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा करने लगें, वहीं सभी को फुलमाला व पुष्प गुच्छे देकर सम्मानि किया। सम्मान मिलने पर विद्यार्थी भी काफी अभिभुत हुए। अपनी सफलता का श्रेय कालेज के शिक्षकों व अपने माता-पिता को दिया। मुख्य अतिथि जिप सदस्य सरिता देवी ने पहली बार में एसबी इंटर कालेज के सभी विद्यार्थियों के बेहतर अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उतीर्ण होने पर विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी बधाई दी, कहा परीक्षा का रिजल्ट ही किसी भी शिक्षण संस्थान की उत्कृष्टा को प्रमाणित करती है। उसने कॉलेज की शैक्षणिक माहौल की भी सराहना करते हुए कहा एसबी इंटर कालेज सुदूरवर्ती गांव व जंगल क्षेत्र में होते हुए भी शिक्षा का अलख जगा रही है। वहीं कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार ने बताया कॉलेज के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होने के साथ प्रखंड के तीनों प्रखंड टापर एसबी इंटार कॉलेज के छात्र ही हुए हैं। जिसमें कुसुम कुमारी ने 90.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रखंड टॉपर हुई है। वहीं खुशी कुमारी व संगम कुमारी दोनो 89.6 अंक के साथ द्वितीय टॉपर व अर्जुन महतो 86.2 अंक के साथ तृतीय टॉपर हुए है। बताया 24 विद्यार्थी इंटर साइंस की परीक्षा में शामिल हुए थें। जिनमें 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल हुए। वहीं निदेशक बिरेंद्र बंशवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व शिक्षकों का विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के प्रति समर्पण को दिया। कहा विद्यार्थियों को परिक्षा अनुरूप पढाई व तैयारी के लिए विशेष कक्षा का आयोजन किया गया था। छात्रा की मानसिक रूप से भी मजबूत बनाने को महिने में विशेष परिक्षा ली गई थी। पढाई में पिछड़े विद्यार्थियों को अलग से कोचिंग व विशेष तैयारी कराया गया था। उन्होने बताया कालेज के कैंपस में ही लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था है। कॉलेज में सभी विषयों के योग्य शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है। कॉजेल में गरीब ग्रामीणा बच्चों को बेहतर दी जा रही हैं। कार्यक्रम में बिरेंद्र महतो, हरेंद्र कुमार महतो, दीपक कुमार बेदिया, मंजू कुमारी, रतनलाल महतो, युगल किशोर, नीतीश चौधरी, प्रवीण झा, किरन देवी व शिक्षकों के अलावे कई विद्यार्थियों के अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# बेहतर माहौल

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2000 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों के परिणाम संकेत देते हैं कि राजस्व और मुनाफा वृद्धि में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही की तुलना में सालाना आधार पर राजस्व में 7.6 फीसदी की वृद्धि हुई। कर पश्चात लाभ में सालाना आधार पर 12.7 फीसदी और तिमाही आधार पर 15.7 फीसदी की वृद्धि हुई। एकबारगी समायोजित कर पश्चात लाभ सालाना आधार पर 9 फीसदी और तिमाही आधार पर 13 फीसदी बढ़ा। पेट्रोलियम और बैंकिंग एवं वित्त जैसे अस्थिर क्षेत्र, जिनका प्रदर्शन औसत रहा, उन्हें बाहर कर दिया जाए तो अन्य क्षेत्रों के लिए राजस्व में वृद्धि कुल मिलाकर सालाना आधार पर 9.5 फीसदी और तिमाही आधार पर 7.1 फीसदी रही, जबकि परिचालन लाभ में सालाना 18 फीसदी की वृद्धि हुई और कर पश्चात लाभ में सालाना आधार पर 21.4 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। वहीं करों का भुगतान सालाना और तिमाही आधार पर 13.9 फीसदी बढ़ा। कर पश्चात लाभ में 2 फीसदी की गिरावट आई। वित्त वर्ष25 की चौथी तिमाही में तेल एवं गैस कीमतों में गिरावट ने भी उनकी मदद की। बैंकों की आय में सालाना आधार पर 8.8 फीसदी की वृद्धि हुई और करों में 28 फीसदी का भारी इजाफा सहन करने के बाद सालाना आधार पर उनका कर पश्चात लाभ 3.3 फीसदी बढ़ा। गिरते ब्याज दर के दौर का सकारात्मक प्रभाव अभी तक सामने नहीं आया है। वाहन कलपुर्जा, पूंजीगत वस्तु, लॉजिस्टिक्स और औषधि क्षेत्र की राजस्व वृद्धि ने सालाना आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि का आंकड़ा पार कर लिया। अधोसंरचना और सीमेंट क्षेत्र आपस में करीब से जुड़े हुए हैं क्योंकि सीमेंट की बिक्री विनिर्माण पर निर्भर है, ऐसे में दोनों के राजस्व में तिमाही आधार पर 15 फीसदी का इजाफा हुआ है।




मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत को चाहिए नयी पीढ़ी की उद्यमिता

**हमारी** नई पीढ़ी के उद्यमियों को जोखिम लेने वाला होना चाहिए। उन्हें नवाचारी भी होना चाहिए और वैश्विक स्तर पर महत्त्वपूर्ण कारोबारी भी। बता रहे हैं देश में उद्यमिता के क्षेत्र में दो विशेषताओं का होना आवश्यक है। पहला, उसे इस कदर नवाचारी होना चाहिए कि वह अपनी कारोबारी योजना के अंतर्गत नए उत्पाद सामने लाए और नई प्रक्रियाओं को प्रस्तुत करे। दूसरा, उसकी मार्केटिंग भी वैश्विक होनी चाहिए ताकि वह भारत में विदेशी आपूर्तिकताओं से निपट सके और वैश्विक बाजारों में भी उनका सामना कर सके।

वित्तीय और कारोबारी नेटवर्क पर उद्यमियों का दबदबा था। इसके दो प्रमुख उदाहरण हैं बंगाल के बैंकर जगत सेठ और सूरत के कारोबारी मुल्ला अब्दुल गफ्फूर जिनके पास जहाजों का बेड़ा था और जिनका पश्चिम एशिया के कारोबार पर दबदबा था।


भारत पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख निर्यातक देश था, जहां दो बड़े साम्राज्य यानी सफवी और ओटोमन बहुत बड़े बाजार थे। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मुगल काल में निजी उद्यमिता के अधीन काफी आर्थिक तेजी देखने को मिली। उस समय वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24 फीसदी थी जो 1820 तक घटकर 16 फीसदी रह गई। पश्चिम में औद्योगिक क्रांति के विस्तार के बाद यह गिरावट बढ़ी।

उपनिवेशकाल में हालात बदले। भारतीय अर्थव्यवस्था में कारोबार, सैकड़ों की तादाद में मौजूद अनौपचारिक, असंगठित बाजारों की मदद से आकार लेता था जो उत्पाद के स्रोत और खपत के क्षेत्रों को जोड़ते थे। इन पर भारतीय बैंकरों और फाइनैंशर्स का दबदबा था और वे लेनदेन के रिकॉर्ड और फंड के लेनदेन के लिए हुंडी पर निर्भर रहते थे। औपनिवेशिक शासक इससे संतुष्ट नहीं थे लेकिन शासन के आरंभिक दिनों में वे भारतीय बैंकरों पर निर्भर थे।

हालांकि, जब वैश्विक व्यापार की बात आती तो भारतीय कारोबारी ब्रिटिश कारोबारी समूहों द्वारा स्थापित एजेंसियों के बढ़ते दबदबे के कारण हाशिए पर पहुंच जाते। सुब्रमण्यन ने दो लोगों का उल्लेख किया- जमशेदजी जीजीभॉय और द्वारकानाथ टैगोर। उनके मुताबिक ये दो भारतीय कारोबारी थे जिन्होंने औपनिवेशिक दबदबे को चुनौती दी और अफीम और नील के वैश्विक व्यापार में प्रमुखता से उभरे।




औपनिवेशिक काल की एक और प्रमुख बात है औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय कंपनियों का उभार। सुब्रमण्यन स्टील और जलविद्युत के उत्पादन में जमशेद टाटा के नवाचारों और उनकी सक्रियता का खास उल्लेख करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने तालों, टाइपराइटर और आत्मविकास के अन्य उत्पाद तैयार करने में गोदरेज की भूमिका और बाद में किर्लोस्कर,



- नितिन देसाई

> हमें भारतीय उपक्रमों को नवाचार पर केंद्रित करना होगा और वैश्विक व्यापार के साथ संबद्धता बढ़ानी होगी। उद्यमिता पर एक सरकारी नीति की स्थापना करनी होगी और ऐसी प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था करनी होगी जो बाजार की शक्तियों की ताकत को चिह्नित करे और बाजारोन्मुखी माहौल को बढ़ावा दे बजाय कि चुनिंदा कारोबारों या क्षेत्रों को बढ़ावा देने के।

बजाज और टीवीएस सुंदरम की भूमिकाओं को रेखांकित किया। यह उस समय हुआ जब औपनिवेशिक शासकों ने प्रथम विश्वयुद्ध के बाद भारतीय कंपनियों के लिए हालात आसान बना दिए थे। मैं वालचंद हीराचंद के काम को इसमें जोड़ना चाहूंगा जिन्होंने नवाचारी इकाइयों की स्थापना की।

उदाहरण के लिए आज की हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट, नौवहन कंपनी सिं?धिया, विशाखापत्तनम में पोत निर्माण उपक्रम और प्रीमियर ऑटोमोबाइल्स। आजादी के पहले के दौर में कई भारतीय उद्यमियों ने नई परियोजनाओं की शुरूआत की और वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। मुगल काल में सरकार उद्यमों पर अधिक निर्भर थी न कि उद्यम सरकार पर। बाद में औपनिवेशिक काल में स्वदेशी उपक्रमों को सरकार से शायद ही मदद मिली।

प्रथम विश्व युद्ध के समय अल्पकाल के लिए जरूर उनको जरूरी सहायता मिली।

स्वतंत्रता ने अतीत का सिलसिला पलट दिया और सरकार और निजी उपक्रमों के बीच मजबूत रिश्ता कायम हुआ। लाइसेंस राज के दौरान और उसके बाद भी ऐसा हुआ। हालांकि, सरकार ने विकास प्रक्रिया पर अपना नजरिया आरोपित करने का प्रयास किया। उदाहरण के लिए उत्पादन संबद्ध पहल और निजी क्षेत्र को अधोसंरचना विकास योजनाओं में शामिल करने का निर्णय, चूंकि इस क्षेत्र में सरकार का एकाधिकार है इसलिए सरकार द्वारा निवेशकों का विशिष्ट चयन आवश्यक होता है।

नवाचार की बात करें तो लाइसेंस वाले दौर में इसका उभार हुआ लेकिन मुख्य रूप से वह नए सरकारी उपक्रमों के माध्यम से सामने आया। बहरहाल, इसमें अक्सर वह गति नहीं थी जो प्रबंधन स्वामित्व के माध्यम से आती है और इनमें से कई सरकारी पहलों का अंत हो गया। निजी कारोबारी क्षेत्र पर निर्भरता में 1980 के दशक में इजाफा हुआ और निजी क्षेत्र पर वास्तविक निर्भरता की शुरूआत 1991 में लाइसेंस राज समाप्त होने के बाद हुई। इसमें वित्तीय तंत्र के जबरदस्त उदारीकरण का भी योगदान था।

हाल के दशकों में उद्यमिता के क्षेत्र में प्रमुख उन्नति सॉफ्टवेयर, कारोबारी सेवाओं और डिजिटल इकनॉमी से संबंधित कारोबारी कंपनियों की तेज वृद्धि के रूप में सामने आई। भारत में कुशल श्रमिकों की किफायती उपलब्धता ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। इसका एक सटीक उदाहरण है भारत में विदेशी स्वामित्व वाली कंपनियों की स्थापना जो वैश्विक चिप डिजाइन में 20 फीसदी की हिस्सेदार हैं। ये कंपनियां भारतीय श्रमिकों पर निर्भर हैं लेकिन भारतीय उद्यमियों पर नहीं। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि चिप निर्माण या असेंबली में स्वदेशी उद्यमों की भागीदारी का स्तर बहुत कम है।

इसके कारण सरकार को औद्योगिक विकास के लिए भारी सब्सिडी आधारित नजरिया अपनाना पड़ता है। इस क्षेत्र में सरकार की संबद्धता का पैमाना 70 फीसदी पूंजीगत लागत सब्सिडी से पता चलता है जो गुजरात में बनाए जा रहे एक नए सेमीकंडक्टर संयंत्र को दी गई। यह राशि तकरीबन दो अरब डॉलर है। इन प्रयासों के बावजूद भारत में नवाचार का पैमाना चीन, दक्षिण कोरिया और ताईवान जैसे देशों से पीछे है। कई प्रमुख उद्यमी जो अधिक नवाचारी और वैश्विक रुझान रखने वाले हैं उन्होंने रिटेल फाइनैंस जैसे अपेक्षाकृत कम प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्र में विविधता लाने का निर्णय लिया है। इससे भी अधिक परेशान करने वाला रुझान है बीते कुछ दशकों में विनिर्माण निवेश में धीमी वृद्धि।

हमें भारतीय उपक्रमों को नवाचार पर केंद्रित करना होगा और वैश्विक व्यापार के साथ संबद्धता बढ़ानी होगी। उद्यमिता पर एक सरकारी नीति की स्थापना करनी होगी और ऐसी प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था करनी होगी जो बाजार की शक्तियों की ताकत को चिह्नित करे और बाजारोन्मुखी माहौल को बढ़ावा दे बजाय कि चुनिंदा कारोबारों या क्षेत्रों को बढ़ावा देने के। पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनियों में प्रवर्तकों की शक्ति पर नियंत्रण और पेशेवर तरीके से कॉरपोरेट प्रबंधन में घरेलू और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रभाव में इजाफा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। स्टार्टअप्स को विस्तार देना होगा ताकि नए उत्पाद और प्रक्रियाएं सामने आ सकें। काफी कुछ वैसे ही करना होगा जैसा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में हो रहा है। छोटे उपक्रमों के लिए संगठित वित्तीय मदद बढ़ानी होगी। 2017 के व्यापक अध्ययन के मुताबिक अपनी वित्तीय जरूरतों

## लेटर टू एडिटर

### बयानबाजी बनाम बलिदान

हमारे आदर्शों के लिए इस तरह के बयान नए नहीं हैं। धर्म और जाति के नाम पर देश को बांटकर सैनिकों का अपमान करना कुछ लोगों की आदत बन गई है। ये नहीं समझते कि जिस आजादी और निर्भयता से वे बयानबाजी कर रहे हैं, वह उन्हीं सैनिकों की देन है, जो दुश्मन की गोलियों के सामने सीना तानकर खड़े होते हैं। ऐसे ओछी मानसिकता वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि दूसरों को भी सबक मिले।

**-संदीप भारद्वाज, रांची**

### सत्ता का नशा

राजनीति से जुड़े कुछ नेताओं को अपने पद और सत्ता का ऐसा नशा हो जाता है कि वे सार्वजनिक रूप से किसी के प्रति भी कटाक्ष, अभद्र टिप्पणी और अनुचित बयानबाजी करने से नहीं चूकते। सत्ता का अहंकार उनके व्यवहार में साफ झलकता है।

**- राजकुमार सिंह, रांची**

## ट्वीट

नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडगरी जी से मुलाकात किया। रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रगति की जानकारी दी, इसके लोकार्पण का आग्रह किया। उन्होंने 19 जून को कॉरिडोर के लोकार्पण की सहमति दी। यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर है, जिसकी सौगात रांची की जनता को मिली है। इसके लोकार्पण होने के बाद रातू रोड को पिछले 4 दशक के जाम से मुक्ति मिलेगी। वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा और रांचीवासी भी राहत महसूस करेंगे। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण की तैयारी जल्द शुरू हो जाएगी।

**- संजय सेठ सांसद-मंत्री**

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते और असुरक्षित समाज

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

समाज

**समाज** में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की क ीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए।

# झारखंड के राज्य उपभोक्ता आयोग अधिकारों को लेकर सचेत

समस्या

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत के प्रतिनिधियों ने रांची जाकर राज्य उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष श्री वसंत गोस्वामी जी से की मुलाकात।

_अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत के प्रतिनिधियों ने रांची जाकर राज्य उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष श्री वसंत गोस्वामी जी से मुलाकात किया। इस टीम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री शिवाजी क्रांति, अध्यक्ष डॉक्टर कल्याणी कबीर, उपाध्यक्ष ऐंजिल उपाध्याय जी और कोल्हान प्रमंडल संयोजक वी प्रभु जी सम्मिलित थे।



ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने ग्राहक हित से संबंधित उपभोक्ता अधिनियम, कानून, जागृति पोर्टल, ग्राहक जागरण जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया। इस विषय पर भी गहरी चिंता जताई गई कि पर्याप्त जानकारी के अभाव में कई बार बहुत सारे केस काफी दिनों तक पेंडिंग रहते हैं।इस बात पर सभी ने सहमति जताई कि हर व्यक्ति में ग्राहक अधिकारों का बोध होना चाहिए तभी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकेगी।

इस अवसर पर आगामी पर्यावरण दिवस को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पत्र भी आदरणीय वसंत गोस्वामी जी और उनकी पत्नी ने भरा। ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने उम्मीद जताई कि इस बैठक के परिणाम सकारात्मक होंगे और भविष्य में भी संगठन और उपभोक्ता आयोग दोनों के आपसी प्रयास से हम समाज में हरेक व्यक्ति को ग्राहक हित के अनुकूल जागरूक बना सकेंगे और अधिकार मिलेगा।

**केन्द्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडगरी 19 जून को रातू रोड रांची के एलिवेटेड कॉरीडर का उदघाटन करेंगे। आमंत्रित करते रांची क सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

### सड़क पर बने गड्ढों के कारण हो रहे हादसे : निदेश

**बरही।** बरही चौक से महज 300 मीटर की दूरी पर गया रोड स्थित मुमताज गैरेज के सामने समेत कई जगहों पर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिसके कारण आए दिन बाइक सवार गिरते रहते हैं। ताजा घटना सोमवार की शाम करीब 05 बजे की है। युवक अवधेश कुमार राणा बरही से अपने घर महुदी, चौपारण जा रहा था। इसी क्रम में सड़क पर बने गड्ढे के कारण वह गिर गया। इस दौरान बरही पश्चिमी के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश ने मानवता दिखाते हुए सड़क पर गिरे दोनों बाइक सवार को उठाया और उसकी मदद की। उन्होंने बताया कि उसे हल्की चोटें आई हैं। लेकिन दोनों स्वस्थ हैं। और दोनों घर चले गए। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अविलंब गड्ढे भरने की मांग की।

### लावारिस हालत में मिला एक घोड़ा, मालिक की तलाश

**बरही।** बरही के गौरियाकरमा में सोमवार की सुबह एक खेत के फसल में लावारिस हालत में भूरे रंग का एक घोड़ा मिला। जिसे देख गौरियाकरमा का युवा समाजसेवी संतोष कुमार ठाकुर व शंभू कुमार ने उसे बिना किसी नुकसान पहुंचाए पकड़ कर सुरक्षित अपने गांव में ही रखा है और घोड़े को उसके मालिक को सौंपने के लिए उसके मालिक की तलाश में जुटे हैं। इस संदर्भ में संतोष ठाकुर ने घोड़े के साथ अपना फोटो शेयर करते हुए बताया कि गौरियाकरमा व उसके पास के किसी भी गांव में कोई भी व्यक्ति घोड़ा नहीं पालता है। ऐसे में यह किसी दूर के क्षेत्र से भटक कर उनके गांव आ गया है। घोड़ा को उन्होंने फिलहाल सुरक्षित रखा और घोड़े के मालिक की तलाश में जुटे हैं। घोड़े के मालिक मिलते ही उन्हें सौंप दिया जाएगा। घोड़े के मालिक को खोजने के लिए उन्होंने इंटरनेट मीडिया का भी सहारा लेने की बात की।

### पांच फरार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरही थाना कांड संख्या 374/16 के अभियुक्त जोबराज मियां पिता स्व.लाटो मियां, शखावत मियां पिता नबी मियां एवं मो.अकबर अंसारी पिता अब्दुल अंसारी सभी ग्राम हथगड्डा थाना बरही, बरही थाना कांड संख्या 474/2009 के अभियुक्त बंधन यादव पिता स्व.माधो यादव ग्राम तेतरिया भंडार एवं बरही थाना कांड संख्या 218/2021 के अभियुक्त मुकेश प्रसाद पिता खूबलाल महतो ग्राम कोरियाडीह थाना बरही शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभास कुमार ने बताया कि लक्ष्य कांड के तहत ऐसे सभी पुराने वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जिनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट निर्गत किया गया है।

### बरकट्ठा के प्रवासी मजदूर की पुणे में संदिग्ध मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गैड़ा गांव निवासी प्रवासी मजदूर सुरेन्द्र यादव (32 वर्ष) की पुणे के बारामती में रविवार की रात अचानक मौत हो गई। सुरेन्द्र वहां पोकलेन मशीन ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा था और करीब एक माह पूर्व ही घर से बारामती के लिए निकला था। मौत की खबर मिलते ही उसके गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे पुत्र—आर्या (6) और आरव (2)—को छोड़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार सुरेन्द्र मिलनसार और शांत स्वभाव का व्यक्ति था। उसकी मौत से पूरा गांव स्तब्ध है। पुणे में रह रहे गैड़ा गांव के अन्य प्रवासी मजदूरों ने आर्थिक सहयोग जुटाकर शव को हवाई जहाज से रांची लाने की तैयारी शुरू कर दी है, जहां से मंगलवार को एंबुलेंस से उसका शव गांव लाया जाएगा।

## मेन रोड के व्यापारियों ने सांसद मनीष जायसवाल से मिलकर सौंपा ज्ञापन

# नो-एंट्री जोन से प्रभावित व्यापार पर जताई चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के मुख्य वाणिज्यिक क्षेत्र मेन रोड के व्यावसायिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल से उनके सेवा कार्यालय में मुलाकात कर व्यापारिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि सदर अस्पताल से पंचमंदिर चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, पगोडा चौक से आनंदा चौक और सांसद सेवा



सांसद को जानकारी देते व्यापारी

कार्यालय से बंशीलाल चौक तक के मार्ग को नो-एंट्री घोषित कर दिया गया है। इस निर्णय से टोटो जैसे छोटे वाहनों का संचालन ठप हो गया है, जिससे ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और व्यापार में भारी गिरावट आ रही है। व्यापारियों ने कहा कि टोटो मध्यम वर्ग, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सुलभ परिवहन साधन है। अब ग्राहक मेन रोड नहीं पहुंच पा रहे, वहीं स्कूटी और बाइक से आने वाले लोगों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा भारी चालान झेलना पड़ रहा है। एक ग्राहक यदि 100 रुपये की खरीदारी करता है, तो उसे पार्किंग उल्लंघन पर 1000 रुपये का चालान भरना पड़ रहा है। इससे ग्राहक व्यापारिक क्षेत्र से दूरी बना रहे हैं और दुकानदारों के सामने रोजगार संकट खड़ा हो गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे जल्द ही पुलिस, नगर निगम और ट्रैफिक विभाग से बैठक कर समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी और हर हाल में उनके साथ खड़े रहेंगे।

# सख्ती के बावजूद नहीं सुधर रहे बाइक सवार

## हजारीबाग की सड़कों पर मचाई हुई है तबाही

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में ट्रैफिक पुलिस की तमाम सख्तियों और नियमों के बावजूद बाइक सवारों की मनमानी पर लगाम नहीं लग पा रही है। शहर के प्रमुख मार्गों पर बुलेट की 'धाड़-धाड़' आवाज और ट्रिपल लोड में सवार युवकों की रफ्तार ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कोर्रा चौक से कॉलेज मोड, इंद्रपुरी से मटवारी, जबरा से सिंघानी फौरन, बिरसा चौक जैसे इलाकों में शाम होते ही तेज रफ्तार बुलेट बाइकें दौड़ने लगती हैं। कई बार ये सवार बिना साइलेंसर की बुलेट चलाते हैं, जिससे भयानक शोर उत्पन्न होता है। वृद्ध, महिलाएं और छोटे बच्चे इस आवाज से बुरी तरह परेशान हैं, लेकिन बुलेट चालकों पर कोई असर नहीं है। शहर में हेलमेट का उपयोग ना करना, ट्रिपल लोडिंग, ओवरस्पीडिंग और स्टंट करना आम बात हो गई है। पुलिस समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाती है, चालान भी काटे जाते हैं, पर इसका कोई स्थायी असर नहीं दिखता। शहरवासियों का कहना है कि जब तक सख्त कानून लागू कर ऐसे बुलेट चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह शोरगुल और खतरा बना रहेगा।

# बरही चौक बना कूड़े का ढेर

## बढ़ा मच्छरजनित बीमारियों का खतरा, प्रशासन से नाराज जनता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही चौक और उसके आसपास का इलाका इन दिनों कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुका है। सार्वजनिक स्थानों पर जगह-जगह फैला कचरा न सिर्फ बदबू फैला रहा है, बल्कि डेंगू, मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों को भी खुला निमंत्रण दे रहा है। बरही की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिख रही है।

पैदल चलना तक दूभर हो गया है और स्थानीय निवासी गंदगी और सड़ांध के बीच जीने को मजबूर हैं। बरही चौक के आसपास रह रहे लोगों की हालत सबसे दयनीय है, जिनका जीवन कचरे के बीच नारकीय बन गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन को कई बार शिकायत दी



फैली हुई गन्दगी

गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बरसात का मौसम नजदीक है और अगर स्थिति नहीं सुधरी, तो संक्रामक बीमारियों का खतरा और बढ़ जाएगा। गौरतलब है कि पिछले महीने बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू की अध्यक्षता में एक प्रशासनिक बैठक हुई थी, जिसमें बरही चौक की साफ-सफाई, नो-पार्किंग जोन और अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई थी। लेकिन बैठक के बाद भी धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा रोष है। नागरिकों ने मांग की है कि तुरंत साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए ताकि बरही को गंदगी और बीमारियों के दलदल से निकाला जा सके।

# तालाताड़ में धूमधाम से मनी मंडा पूजा

## मेला में उमड़ी भीड़, छऊ नृत्य ने मोहा मन

### दहकते अंगारों पर चलकर शिवभक्तों ने दिया आस्था का परिचय

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री मंडा पूजा समिति तालाताड़ के तत्वावधान में रविवार और सोमवार को तालाताड़ में पारंपरिक मंडा पूजा और छऊ नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही मंडा मेला का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहान द्वारा झारखंडी रीति-रिवाज और पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

इस दौरान भोक्ताओं और 104 शोक्ताइनों ने दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूला पर झूलकर अपनी आस्था और शिवभक्ति का परिचय दिया। मंडा मेला और सांस्कृतिक महोत्सव का



मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी और अन्य अतिथिगण

शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। छऊ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड की लोकसंस्कृति और परंपराएं ही हमारी असली पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से हमारी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि मंडा में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। श्री चौधरी ने कहा कि हमसबों को अपनी संस्कृति को संजोए रखने की जरूरत है। बेहतर आयोजन के लिए विधायक ने मंडा पूजा समिति को बधाई दी।

### हजारीबाग नगर निगम ने तेज की नालियों की सफाई

**हजारीबाग।** बरसात से पहले जलजमाव और बीमारियों से बचाव के लिए हजारीबाग नगर निगम ने युद्धस्तर पर नालियों की सफाई अभियान शुरू कर दिया है। सफाई कर्मचारी सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक शहर की प्रमुख नालियों की सफाई में जुटे हैं। नगर निगम यूनियन अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि ने बताया कि अगर समय पर सफाई नहीं हुई, तो बारिश में नालियों का पानी घरों में घुस सकता है और गंभीर बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो सकता है। नगर आयुक्त के निर्देश पर चार जेसीबी मशीनों को सफाई कार्य में लगाया गया है, जिनकी निगरानी हेड जमादार दीपक गोस्वामी कर रहे हैं। वाल्मीकि ने बताया कि यदि किसी वार्ड में सफाई को लेकर कोई समस्या हो, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। आम जनता और अधिकारियों के बीच संवाद की कमी के कारण कई बार सफाई को लेकर समस्याएं बनी रहती हैं। उन्होंने अपना संपर्क नंबर 7004501470 साझा करते हुए कहा कि वे नगर आयुक्त से मिलकर हर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। उनका उद्देश्य है कि हर वार्ड स्वच्छ और व्यवस्थित रहे।

### सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ के यूनियन प्रतिनिधियों ने सोमवार को क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के नेतृत्व में सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा के बरका-सयाल एरिया चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुप कुमार टोप्पो से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की मांग की। मौके पर यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रिय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि अस्पताल में मरीजों के साथ डॉक्टर का व्यवहार अनुकूल नहीं है। जबकि डॉक्टर को मरीजो के साथ व्यवहारिक होना चाहिए।

## प्रेस क्लब रामगढ़ ने भुरकुंडा पंचायत भवन में किया

# पत्रकारों के बीच परिचय पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में सोमवार को प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भुरकुंडा, भदनीनगर, बासल और उरीमारी क्षेत्र के दर्जनों पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष वीरू कुमार और कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम ने उपस्थित पत्रकारों के बीच परिचय पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर बिरेंद्र कुमार उर्फ वीरू ने बताया कि जो पत्रकार साथी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, उनका परिचय पत्र क्लब के



परिचय पत्र देते अध्यक्ष वीरू कुमार और उपस्थित क्लब के लोग

कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र प्रसाद के पास सुरक्षित है। सभी पत्रकार अपना परिचय पत्र उनसे प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में अवध किशोर शर्मा, उत्तम सिन्हा, धर्मेंद्र रंजन यादव, सुरेंद्र प्रसाद, अजीत कुमार, कमलेश मेहता, विजेंद्र कुमार, संजय पासवान, कर्मवीर सिंह, रॉकी अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### किसी भी हालात में धर्म परिवर्तन न करें: किरण मुंडा

**कुजू।** संविधान में मिले अधिकारो से वंचित रह रहे आदिवासी मुलवासी को शिक्षा व नशामुक्ति के प्रति जागरूक को लेकर धर्म यात्रा निकाला गया है। उक्त बातें जागरुकता रैली का नेतृत्व कर रही जय सरना ट्रस्ट के केंद्रीय सचिव अधिवक्ता किरण मुंडा ने कही। वह आदिवासी मूलवासी समाज को जागरूक करने के लिए कटकमसांडी पत्थलकुदवा सरना स्थल से निकाली गई यात्रा धर्म अड्डा रैली में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आदिवासी समाज के धर्म संस्कृति परम्परा, जल, जंगल जमीन को बचाए रखना है। किसी भी हालात में धर्म परिवर्तन न करें।

# बिहार से लाये जा रहे नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा जब्त

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुट्टूपालू टोल प्लाजा पर बसों में की गयी छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने रामगढ़ पुलिस की मदद से भारी मात्रा में नकली खोवा, पनीर और मुरब्बा चुट्टूपाली टोल प्लाजा पर जांच के क्रम में जब्त किया। बिहार से रांची लाया जा रहा 750 किलो नकली खोवा, 150 किलो नकली पनीर और 400 किलो मुरब्बा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बतायी गयी है। साथ ही नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा ला रहे तीन बसों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। बिहार से नकली खाद्य पदार्थ ला रहे



बरामद पनीर और खोवा

तीन बस आरजू बस, भोजपुर क्लासिक बस और राखी ट्रेव्लस पर जुमार्ना भी लगाया गया है। दो बसों पर 15-15 हजार तथा एक बस पर पांच हजार का जुमार्ना लगाया गया है। बिहार से लाये जा रहे नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा समेत अन्य खाद्य पर्दाथों के रैकेट का पदार्फास हुआ है। दो दिन पूर्व ही हजारीबाग में भी चार टन से अधिक में नकली खाद्य पदार्थ जब्त किया गया था। रामगढ़ में जब्त किये गये नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा को कोई मालिक सामने नहीं आया तथा इस संबंध में किसी व्यक्ति को पकड़ा नहीं गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग को जानकारी मिली थी कि बिहार से भारी मात्रा में नकली पनीर और खोवा बस के जरिए रांची लाया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग और रामगढ़ पुलिस की ओर से बीती रात बिहार से आने वाली बसों की जांच की गई। इस दौरान पाया गया कि बसों में नकली पनीर और खोवा भरकर अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने हकीकत जानने के लिए बसों मालिकों से संपर्क किया, जिस पर बस मालिकों ने कहा कि उन्हें खोया और पनीर के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

अभी तक कोई भी इन खाद्य सामग्रियों को अपना कहने वाला सामने नहीं आया है। पनीर के टुकड़ों पर आयोडिन डालते ही वह काला हो गया, जिससे साफ है कि यह पनीर नकली है। नकली पनीर में सिंथेटिक केमिकल और स्टार्च मिलाया जाता है, जो शरीर के लिए जहर के समान है। इसे बनाने में डिर्टजेंट पाउडर, सिंथेटिक दूध और वनस्पति घी का प्रयोग होता है।

एक नजर में

## केडी माइंस में उग्रवादियों द्वारा आगजनी और फायरिंग, खनन कार्य जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड स्थित पगार ओपी के पांडु में स्थित एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में उग्रवादियों द्वारा की गई आगजनी और फायरिंग के बावजूद खनन और ट्रांसपोर्टिंग कार्य सुचारू रूप से जारी है। घटना के बाद भी सभी वाहन और मशीनें सामान्य रूप से काम कर रही हैं। बताया जाता है कि 1 जून की रात लगभग 8 बजे, ओबी एरिया में कार्यरत दो हाइवा वाहनों को उग्रवादियों ने आग लगा दी और उन पर तीन राउंड फायरिंग की। इस दौरान, एक वाहन चालक गौतम दुबे, जो बालेदेवरी गांव का निवासी है, भी मारपीट का शिकार हुआ और उसे गोली के छींटे भी लगे। घायल चालक को इलाज के लिए हजारीबाग के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद कोल माइंस में कुछ समय के लिए कोयला खनन और



वाहन पर गोली के निशान

परिवहन कार्य प्रभावित हुआ, लेकिन जल्द ही काम फिर से शुरू हो गया।

घटनास्थल पर टीपीसी नक्सली संगठन के पर्चे भी मिले, जिनमें इस घटना की जिम्मेदारी ली गई और कुछ चेतावनियाँ भी दी गईं। यह भी सामने आया है कि इस संगठन ने 20 मई को पहले ही एक चेतावनी पर्चा जारी किया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है और इस घटना के पीछे के असल कारणों का पता लगाने के लिए गहन छानबीन की जा रही है।

### पदमा में विवाहिता की संदिग्ध हत्या!

## ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप, पुलिस हिरासत में पति

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** पदमा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना में 35 वर्षीय विवाहिता श्वेता कुमारी जायसवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना 1 जून 2025 को घटी। पुलिस ने पति सत्येंद्र जायसवाल को हिरासत में ले लिया है, जबकि ससुराल के अन्य सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए हैं। मृतका की चार साल की बेटी अनन्या ने अपनी नानी को फोन कर मां की मौत की जानकारी दी, जिसके बाद श्वेता के मायके पक्ष के लोग देर रात पदमा पहुंचे। मृतका के पिता सुरेश प्रसाद जायसवाल ने बेटी की हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाते हुए बताया कि श्वेता की शादी 22 फरवरी 2020 को सत्येंद्र जायसवाल के साथ हुई थी। विवाह में पांच लाख रुपये नकद और दस तोला सोना दिया गया था, बावजूद इसके दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा लगातार श्वेता को प्रताड़ित किया जाता रहा। पिता के अनुसार, श्वेता के गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया, जिससे आहत होकर वह मायके लौट आई थी। डाल्टनगंज कोर्ट में मामला दर्ज कराने के बाद न्यायालय के आदेश पर 21 फरवरी 2025 को वह पुनः ससुराल लौटी, लेकिन प्रताड़ना जारी रही और अंततः उसकी जान चली गयी ।

## बकरीद को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक



बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** आगामी 7 जून को मनाए जाने वाले बकरीद पर्व को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने की, जबकि संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। बैठक में थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या नकारात्मक संदेश सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क रहने और निगरानी रखने की सलाह दी। अधिकारियों ने पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए प्रत्येक पंचायत स्तर पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और ग्रुप एडमिन सक्रिय रहेंगे। बैठक में सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल, प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, सासंद प्रतिनिधि कृष्णा राम, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि, पूर्व मुखिया और कई समाजसेवी उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया।

## कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही/चुरचू।** चुरचू प्रखंड के चनारो ग्राम पंचायत में 2 जून को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में किसानों को भारत सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के तहत आधुनिक व जैविक खेती की तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्र में विशेष रूप से फसलों में लगने वाले कीटों और बीमारियों की पहचान, पोषक तत्वों की कमी के लक्षण, एकीकृत कीट प्रबंधन, जैविक कीटनाशकों का उपयोग, तथा जीवामृत जैसे जैविक खाद तैयार करने की विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पौधा संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. लाईनौ कशिश, डॉ. जितेंद्र कुमार मंडल और डॉ. हिमानी प्रिया ने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया बृजबिहारी महतो ने की, जबकि संचालन चोलेश्वर महतो ने किया।

# हिमालय, पर्यावरण का सबसे बड़ा संकेतक



पर्यावरण दिवस पांच जून पर विशेष

## यह प्राकृतिक आपदा हमारे कृत्य का प्रमाण

**पहाड़ों** में ऐसा विकास न हो जो हिमालय की अस्मिता से खिलवाड़ करे। इसे अध्यात्म का गढ़ बना रहने दें- एक स्प्रीचुअल सेंटर। कुछ अन्य धर्मों के उदाहरण लें। मक्का अपने मूल स्वरूप में विकास की आधुनिक गतिविधियों से मुक्त है। वेटिकन सिटी का स्वतंत्र अस्तित्व है। हिमालय के एक भाग को आध्यात्मिक क्षेत्र घोषित करें। ताकि आध्यात्मिक व धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहे। शुचिता को बढ़ाने के लिये पुण्य जीवन शैली में संवृद्धि करें। आज कोई व्यक्ति पहाड़ों में ध्यान कैसे करे। ऊपर कोई ध्यान कर रहा है नीचे कोई शराब पीकर गाड़ी में तेज म्यूजिक बजा रहा है। चंचल मन प्रभावित होता ही है।

### अलग आध्यात्मिक क्षेत्र बने

हमें विचार करना है कि देवभूमि की अस्मिता को नुकसान पहुंचाए बिना ही पर्यटन चल सके। वैसे तो पूरा हिमालयी क्षेत्र ही आध्यात्मिक स्थल है लेकिन कुछ इलाका आध्यात्मिक गतिविधियों के लिये संरक्षित किया जाये। ताकि जो आध्यात्मिक साधक साधना के लिये जा रहे हैं उनकी साधना बाधित न हो। पहले ही भारत-चीन बॉर्डर पर कई बंदिशें लगी हैं, ऋषि-मुनि व साधक पूरे हिमालय क्षेत्र में नहीं जा पाते हैं। निजी साधना के लिये हिमालयी पर्वत शृंखला में जगह होनी चाहिए। सरकार को नीति बनानी चाहिए। साधना के लिये एकांत चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी केदारनाथ यात्रा के दौरान एकांत में एक गुफा को चुना था। नीति-नियंता इस पहलू पर जरूर विचार करें। नहीं तो धर्म व अध्यात्म सिर्फ फोटो व सोशल मीडिया तक सीमित होकर रह जायेगा। कलि की चाल में सिर्फ ये नकली अध्यात्म रह जायेगा। सरकार को पहाड़ों की संवेदनशीलता के अनुसार पर्यटन के लिये जाने वाले वाहनों को नियंत्रित करना होगा। पर्यटन के नाम पर कारों का बोझ बढ़ रहा है। यातायात नियंत्रित होना चाहिए। पीक सीजन में शिमला के लिये कई-कई किलोमीटर वाहनों का जाम लग जाता है। पहाड़ों में खुली-खुली पार्किंग की सुविधा नहीं है।

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिले। अच्छी वाहन योजना के जरिये सीमित वाहनों की स्थिति बनायी जा सकती है। हिमालय में देने वाली शक्ति है, वो जगह देंगे। वे एक तरह से जीवंत देवता हैं तो वे स्थान भी देंगें। दरअसल पहाड़ शक्ति के स्रोत हैं। घटोत्कच का उदाहरण लें, श्रीकृष्ण ने उन्हें कौरवों के खिलाफ युद्ध में मुख्य सेनापति शक्तिशाली होने के कारण ही बनाया। उनका स्थान मनाली के पास था। हमें देवभूमि में अध्यात्म के लिये जगह बनानी है। ये दिव्य स्थान है, जिसकी पवित्रता की जिम्मेदारी हमारी है।

# देवभूमि से न आये प्राकृतिक विपदा के संदेश



डॉ मेरी ग्रेस

**आस्था** और श्रद्धा की स्थली हिमाचल में जल-विलप्व ने देश-दुनिया को विचलित किया। आध्यात्मिक साधना की धरा में कुदरत के रौद्र के मायने तलाशे जा रहे हैं। जब अतिवृष्टि, बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन की खबरें शेष देश को भयभीत कर रही थी, उस दौरान योग व आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर देवभूमि के साधना स्थलों, आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्रों व अन्य दुर्गम इलाकों में भारत, ब्रिटेन, कैरिबियन देशों व रूस के साधकों के साथ साधनारत थे। ऐसे इलाके में जिनसे आम लोग अनभिज्ञ हैं। वे इस घटनाक्रम को प्रकृति के परिवर्तन की प्रक्रिया मानते हैं। लेकिन कहते हैं कि देवभूमि से भोग के पर्यटन में तब्दील होते हिमाचल में आध्यात्मिक साधना के लिये स्पेस सुरक्षित रखने की जरूरत है। प्रकृति से सामंजस्य रखने वाली जीवन शैली की जरूरत है। हिमालय पर्वत शृंखलाओं में साधना से लौटते हुए हिमालय सिद्ध अक्षर ने चंडीगढ़ में बातचीत के दौरान अरुण नैथानी को देवभूमि के मायने, विकास की विद्रूपता और इसके अतीत, वर्तमान व भविष्य के बारे में बताया।

हिमालय बार-बार बुलाता है। इससे आध्यात्मिक प्रेम का संबंध है। एक विशिष्ट उद्देश्य नजर आता है। जिसके लिये हम संत-साधक बने हैं। जो जीने का तरीका सीखा है। सच कहें तो आत्मा को भी संतुष्टि मिलती है। गुरुओं की आज्ञा भी है। आज दुनिया भर से साधक हिमालय की ओर आ रहे हैं। सदियों से यहां ऋषि-मुनियों ने मानव कल्याण का आध्यात्मिक-धार्मिक साहित्य रचा। एक आध्यात्मिक यात्रा में हम तामसिक प्रवृत्तियों से पूरी तरह मुक्त होकर पुण्यकर्म में रत रहते हैं। ऐसी स्थिति बनी रहे। हिमालय में दुर्गम इलाकों में साधना के दौरान हम आधुनिक सभ्यता के आडंबरों से मुक्त होते हैं। वहां मोबाइल नहीं होता। कोई दूसरा बाधक विचार भी नहीं आता। संदेश यही कि पुण्य शक्ति कैसे जीवन में आत्मसात करें। एक मायने में जीवन का शुद्धीकरण है। हम अध्यात्म की गतिविधियां आगे बढ़ाते हैं। निस्संदेह, अध्यात्म से मनुष्य जीवन को पूर्णता मिलती है। हिमालय के आंचल में क्या-क्या नहीं है। हर बार हिमालय नया नजर आता है। हर बार नया संदेश है। नये साधकों के साथ नित बड़ी विचित्र घटनाएं घटती हैं। अब चाहे दिन में चल रहे हों या फिर रात को सपने में हों।

### ईश्वरीय सत्ता और संवाद का माध्यम है हिमालय

वास्तव में हिमालय नाराज नहीं। प्रकृति का तो नियम ही निरंतर बदलना है। सामान्यतः दो तरह के जीवन हो सकते हैं। एक प्रकृति का जीवन है। दूसरा प्रकृति को विकास के नाम पर डिस्टर्ब करने वाला। विगत में प्रकृति से साम्य के रूप में हिमालय के प्रति जो श्रद्धा रही है उसने परिवेश से आत्मीय संबंध स्थापित किया। पर्वत नाराज नहीं होते भक्तों व बच्चों से। उन्हें कष्ट नहीं देंगे। लेकिन क्या करें हमारी करनी ऐसी है। हमारे कर्म ऐसे हैं कि विकास के नाम पर पाप हो रहा है। कुल्लू-मनाली को देखिए, धारणा बन गई है जो होगा वो विकास से होगा। ये भ्रमित विचार है। हमने प्रण लिया है कि जब भी पहाड़ पर आएं, देवी-देवताओं के स्थान के रूप में इसकी गरिमा का ख्याल रखेंगे। हम पहाड़ों जैसी दूसरी जगह बना नहीं सकते। ये पहाड़-पेड़ और झरने कुदरत का शृंगार है। कुदरत साक्षात विराजमान है। डिजास्टर एक मायने में प्रकृति के बदलाव की प्रक्रिया है। ऊपर का पहाड़ जायेगा, तो नीचे का दिखेगा। नया पहाड़ दिखेगा। लेकिन विकास के नाम पर छेड़छाड़ से कष्ट होगा। फिर हम दोनों तरह का जीवन न जी पाएंगे- न भौतिक और न ही आध्यात्मिक।

निस्संदेह, हिमालय आस्था और दैवीय शक्तियों से संवाद की स्थली है। हिमालय की पर्वत शृंखलाओं में तमाम साधु-संत और शंकराचार्य आए। विडंबना देखिये कि नई पीढ़ी भोग लिये जा रही है। शराब पीकर हुड़दंग करने के लिये। उच्छृंखल होकर अराजक व्यवहार करती है। आखिर इस भोगवादी अराजकता पर कैसे अंकुश लगे। विडंबना यह है कि हिमालय की अस्मिता से खिलवाड़ पर सत्ता व समाज मौन है।

आम धारणा है कि हिमाचल में जो मौसम के रौद्र से बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन की घटनाएं हुई वे ग्लोबल वार्मिंग का असर हैं। सवाल किया जाता है कि ये कैसे रुकेगा। वैसे हमें रोकने के बारे में सोचना नहीं चाहिए। मनुष्य इतना बड़ा कभी नहीं हो सकता कि हिमालय जैसी शक्ति को रोक सके। हिमालय के सामने इंसान की उपस्थिति चींटी जैसी है। हम इसे जीत लेंगे, यह गलत विचार है। एक बाप अपने बच्चे को कंधे पर बैठाकर खुश होता है। ऐसे ही हिमालय भी आनन्दित होता। यह अहंकार भाव पैदा करना कि हमने हिमालय जीत लिया, मुश्किल पैदा करेगा। हिमालय हमारे पिता तुल्य हैं। यह टकसाली सत्य है कि हिमालय की प्रकृति बदलेगी। उसके कुछ पत्थर सरकेंगे। यदि वहां रहना है तो प्रकृति से साम्य बनाना होगा। हर जगह सड़क बनाई जा रही है। जहां जगह मिल रही है मकान बना दिये जा रहे हैं। इसमें हिमालय को दोष नहीं। प्रकृति का नियम बदलना है। नदी भी बदलेगी। इसमें कभी पानी ज्यादा व कभी कम होगा। पहाड़ नीचे भी सरकेगा। हिमालय के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना होगा। गलत जगह घर बनाने से बचना होगा। हिमाचल हो या उत्तराखंड- पूरी हिमालय शृंखला आपके पास है। इसकी रक्षा करें। यदि इसकी प्रकृति से खिलवाड़ करेंगे तो नुकसान होगा।

## 6.5 करोड़ वर्ष पुराना है हिमालय



**सही** मायनों में ईश्वरीय सत्ता का व संवाद का माध्यम है हिमालय। सहज, सरल मन से ईश्वरीय संवाद की आकांक्षा हो। यदि मन साफ रहेगा तो आध्यात्मिक उन्नति संभव है। गुरु ज्ञान से जो बताएं वो करें। पश्चिम-उन्मुख पीढ़ी इस ज्ञान से वंचित है। अध्यात्म हमें अनुशासित व मानवीय बनाता है। मन को ऐसा पवित्र बना लेना कि गर्व महसूस करें मैं शांत हूं। सही मायनों में रूपांतरण हो जाता है। अहम, गुस्सा, काम वासना संयमित हो जाती है। मानो हम हिमालय प्रवास में व्रत लेते हैं। इसे दूसरे जगत से जुड़ना मानते हैं। इस देवभूमि में जब सहज ध्यान लगाते हैं तो उस शक्ति से जुड़ना सहज हो जाता है। भारतीय युवाओं के लिये तो ध्यान लगाना आसान है। विदेशी युवाओं में भी जीवन में पूर्ण परिवर्तन का वाहक बन जाता है ध्यान। इस यात्रा के दौरान विदेशी युवाओं ने मानसिक द्वंद्वों से मुक्ति महसूस की। उन्हें अच्छी नींद मिली और अच्छे सपने देखते रहे हैं। सात्विक साधना से मन हल्का और हृद्य शुद्ध हो जाता है। दृष्टि में परिवर्तन आ जाता है।

**शिवालिक हिमालय।**

महान हिमालय के उत्तर की ओर या बाहर की ओर स्थित होने के कारण इसे पार हिमालय कहा जाता है। इसे ट्रांस हिमालय के नाम से भी जाना जाता है। इसके अंतर्गत कैलाश श्रेणी, लद्दाख, जास्कर, तथा कराकोरम श्रेणी को शामिल किया जाता है। सिंधु नदी लद्दाख और जास्कर पर्वत श्रेणियों के मध्य में प्रवाहित होती है। और यह लद्दाख श्रेणी को बुंजी नामक स्थान पर काटकर गहरे गार्ज का निर्माण करती है। इस हिमालय के कराकोरम श्रेणी में भारत का सर्वोच्च शिखर गाडविन आस्टिन ( के2 ) ( 8611 मीटर ) स्थित है। जो दुनिया के दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है माउन्ट एवरेस्ट ( 8848 मीटर ) के बाद।

ट्रांस हिमालय परतदार चट्टानों से निर्मित है। तथा यहाँ वनस्पतियो का पूर्ण आभाव पाया जाता है। सिंधु, सतलज, ब्रह्मपुत्र नदियों का उद्गम स्थल इसी हिमालय में है।

**महान हिमालय।**

यह हिमालय पर्वत श्रृंखला का प्रमुख पर्वत श्रेणी है। इसकी औसत उचाई 6100 मीटर तथा औसत चौड़ाई 25 किमी है। यह एक सतत श्रेणी है। इसे दर्रों के माध्यम से पार किया जा सकता है। इसकी दक्षिणी ढाल तीव्र तथा उत्तरी ढाल मध्यम है। सर्वाधिक उचाई के कारण इसे बृहद हिमालय भी कहा जाता है। जिसके कारण इसको पार कर पाना काफी कठिन है। इसमें सालो भर बर्फ से ढके रहने के कारण इसे हिमाद्रि के नाम से भी पुकारा जाता है।


इस श्रेणी का निर्माण 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व आदिनूतन कल में हुआ है। इस श्रेणी के आंतरिक भाग में जीवाश्मरहित चट्टानें पाई जाती है। जिसके ऊपर अवसादी ( परतदार ) चट्टानें की परत थी किन्तु अपरदन के कारण वर्त्तमान समय में परतदार चट्टानें पूरी तरह से नष्ट हो गई है एवं आंतरिक भाग की अजैविक चट्टाने बाहर निकल गई है। ये चट्टानें ग्रेनाइट, निस, शिष्ट प्रकार की है।

## हिमालय के संवाद और उसकी पीड़ा को समझें, जानें



एनके मुरलीधर

**मैंने** कई बार हिमालय की यात्रा की। लेकिन गंगोत्री गोमुख की यात्रा कई मायनों में अदभुत और हिमालय से संवाद करने जैसा था। कहीं न कहीं तो शुरूआत करनी होगी। गंगोत्री तक आप बस या किसी वाहन से जा सकते हैं लेकिन उसके आगे भोजवासा होते हुए पैदल मार्ग ही है। इस मार्ग में चलने के क्रम में संयोग जाते हैं। धर्म का पतन हो जाता है पाप कर्म से। देव भूमि के दिव्य स्थानों में अपसंस्कृति फैलाने पर जुमार्नें जैसी व्यवस्था होनी चाहिए। महर्षि जमग्दिनी, महर्षि श्रृंग आदि की कर्मस्थली रही है। देखकर दुख होता है साधना स्थलियों पर चारों तरफ शराब की बोतलें पड़ी रहती हैं। मन बदलना पड़ता है योग अभ्यास के लिये। हमें अपनी साधना छोड़कर सफाई में समय खराब



से डॉ कर्ण सिंह के साथ चलने का अवसर मिला। हिंदू धर्म और हिमालय को लेकर उनका विराट चिंतन निश्चित ही आंख खोलने वाला था। उन्होंने मुझे अपनी पुस्तक हिंदू धर्म की चुनौतियां पढ़ने के लिये भी कहा। इस यादगार यात्रा के क्रम में मैंने उनसे कहा कि मैं गंगोत्री से गंगा जल ले जाकर रामेश्वरम शिव लिंग पर चढ़ाना चाहता हूं। क्या यह धार्मिक कार्य माना जायेगा। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन हिंदू धर्म जड़ चेतन सभी में ईश्वर को देखते हुए भक्ति के माध्यम से व्यक्ति के विराट करना पड़ता है।

इस दौरान हमने आध्यात्म व आस्था के केंद्रों में हनोगी देवी मां, जिनसे आस्था का प्राचीन संबंध है। रोप-वे से एक पहाड़ी से दूसरी पहाड़ी पर बेहद शांत वातावरण में जाना होता है। योगनी फॉल में भगवान शिव का अभिषेक होता है। ऋषि वशिष्ठ की मनाली के निकट कर्मस्थली रही है। यहीं पीपल के अद्भुत वृक्ष तले शिवलिंग स्थित है। साधना के लिये जाने वाले साधक के विचारों में स्पष्टता आ जाती है। उसका मन आनन्दित होती है। आगे मार्कंडेय भगवान व बिजली



अस्तित्व को स्थापित करता है। इसमें तुम्हारा यह काम सिर्फ माध्यम बनेगा। इसी बहाने तुम हिमालय तो आये। खैर मैं रांची लौटने के बाद उनके पुस्तक का अध्ययन किया तब पाया कि हिमालय पर उनकी सोच उनकी तरह ही दिव्य है।

हिमालय भोग के लिये नहीं है। भोग एक व्यक्तिगत विचार हो सकता है। कैसे जीवन जीना है ये व्यक्ति का निजी मामला है। हिमालय का बल संतों व महापुरुषों को दिव्यता देता है। आज भी तमाम साधन करने वाले यहां आते हैं। शंकराचार्य आए, रामानुजाचार्य, ऋषि मार्कण्डेय, जमदग्नि ऋषि, परशुराम, महर्षि व्यास देव आदि कई दिव्य पुरुष यहां तप करते रहे। वे बड़े बने हैं हिमालय के आंचल में आकर। यह स्थान आध्यात्म बल हासिल करने के लिए है।

भोग के लिये कोई और स्थान बना लें। हिमालय की शक्ति को क्यों नष्ट कर रहे हैं।

हमारी पहचान रही है हिमालय की संस्कृति। हम न चेते तो काला दाग लग जाएगा। योग का उद्गम स्थल है हिमालय। न जाने कैसे-कैसे रहस्य है। अनूठे पौधे हैं। पौधों की महक मात्र से व्यक्ति का रूपांतरण हो जाता है। क्रोध इस वातावरण में आते ही शांत हो जाता है। जो प्रदेशवासी हैं, वे सदियों से प्रकृति अनुरूप व्यवहार से पूरे आनन्द में रहे हैं। आज युवा ड्रग्स, शराब आदि नशों से अपना ही नुकसान कर रहे हैं। वे और उदास हो जाते हैं, बहक जाते हैं। वे कुछ अच्छा करना चाहते हैं। नशे से विकास तो हुआ ही नहीं आज तक। बल्कि वे खुद पाप से खत्म हो महादेव आदि बेहद रोचक स्थान है। फिर बूढ़ी नागिन के लिये एक-डेढ़ घंटे का ट्रैक है। मैप जिसे सियोलसर लेक दशार्ता है। एक दूसरी ही दुनिया में होते हैं। दिव्यता से हमारी आंखें भर जायेंगी। इसे देखने के लिये एक नहीं हजार आंखें होनी चाहिए। कैमरा कैप्चर नहीं कर पाता उसे जो हम आंख से देख रहे हैं। ऐसा अद्भुत अनुभव मिलता है। नीचे आकर सीधे निकल जाते हैं चंद्रताल की तरफ। हाई एल्टीट्यूड पर बैठकर आसन व प्राणायाम अभ्यास करने का अलग सुख है। बड़ी चट्टानों पर बैठकर ध्यान साक्षात रूप से कर पाते हैं। स्थिति ध्यान,जल प्रतिबिंब ध्यान आदि करते हैं । चंद्रताल की अद्भुत परिक्रमा होती है। मंत्रों के साथ दिव्य शक्ति चल रही हैं। जुड़ने का कारण प्रकट होता है।

हिमाचल में रोहतांग पास के निकट व्यास, वशिष्ठ जी की विरासत के दर्शन होते हैं। जोगिनी फॉल- आधा घंटा पहले रोक दिया जाता है।

वजह जोगिनियों का स्थान है, शांत स्थान है। स्वर्ग जैसी जगह है। सुरसरबरी मां, हिडिंबा देवी, घटोत्कच की विरासत हैं। हमता पास पर भगवान जमदग्नि की कर्मस्थली है। मुरली मनोहर कृष्ण जी की नागर स्थित प्राचीन मूर्ति है। हजारों साल पुरानी दुर्लभ मूर्ति है राधा कृष्ण की।

हिमालय तप स्थली है उसे अगर पर्यटन स्थल की तरह व्यवहार किया जाएगा तो वह क्रुद्ध होगा। वह असहज होगा। हिमालय देव है हम न पहचानने की भूल कर चुके हैं। अब उसके परिणाम भुगतने की बारी है।

# आज भी बढ़ रहा है हिमालय, 1954 से 86 सेमी बढ़कर 8848.86 मीटर तक पहुंचा




मनोज शर्मा

हिमालय आज भी बढ़ रहा है। 1954 में हिमालय की उंचाई नापी गयी थी। तबसे 2015 तक दूसरी बार नापे जाने तक हिमालय 86 सेमी बढ़ चुका है।

भारत के उत्तर में विश्व के सबसे ऊँची, नवीनतम तथा मोड़दार पर्वत श्रृंखला हिमालय स्थित है। यह भारत के उत्तर पश्चिम में नागा पर्वत चोटी ( शिखर ) से उत्तर पर्व में नामचा बरुआ पर्वत चोटी तक अर्थात भारत के उत्तर पश्चिम में सिंधु नदी के मोड़ से उत्तर पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी के मोड़ तक अर्ध चंद्राकर रूप में फैला हुआ है।

भारत का भौतिक स्वरूप का मुख्य भू-आकृति उत्तरी पर्वतमाल, हिमालय पर्वत का क्षेत्रफल भारत में लगभग 5 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। इस पर्वत की लम्बाई पश्चिम से पूर्व लगभग 2500 किमी है। तथा उत्तर से दक्षिण की चौड़ाई 160 से 400 किमी है। इस पर्वत की औसत ऊंचाई समुद्रतल से लगभग 6000 मीटर है।




यह पर्वत श्रृंखला पश्चिम की ओर चौड़ी 400 किमी तथा पूर्व की ओर 160 किमी संकरी होती जाती है। जबकि इसकी ऊंचाई पूर्व की ओर अधिक तथा जैसे-जैसे पश्चिम की ओर बढ़ते है इसकी उचाई कम होते जाती है। विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटियों में अधिकांश हिमालय में ही स्थित है। माउंट एवरेस्ट दुनिया के सबसे ऊंची पर्वत चोटी (8848 मीटर) हिमालय में ही स्थित है।

# हिमालय के निर्माण का प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत

**प्लेट विवर्तनिकी** सिद्धांत के अनुसार मेसोजोइक महाकल्प ( 6.4 से 24.5 करोड़ वर्ष पूर्व ) में अंगारालैंड से इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट अलग होकर उत्तर पूर्व की ओर अग्रसारित होकर एशियाई प्लेट से जा टकराई। जिससे टेथिस भू-अभिन्नति में दबाव पड़ने के कारण मेसोजोइक महाकल्प के क्रिटेशियस काल ( 6.5 से 14.4 करोड़ वर्ष पूर्व ) टेथिस भू-सन्नति में उभार या ऊपर उठने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। और यह उभार की प्रक्रिया वर्त्तमान समय तक जारी है। जिससे हिमालय पर्वत की ऊचाई वर्त्तमान समय में भी बढ़ना जारी है।

इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट के लगातार उत्तर पूर्व की ओर अग्रसारण के कारण आदिनूतन काल में 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व महान हिमालय का उद्भव हुआ। इसी प्रकार अल्पनूतन काल में 2.5 से 3.0 करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय का द्वितीय उत्थान लघु हिमालय के रूप में हुआ। तथा अतिनूतन काल में 1.4 करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय के शिवालिक श्रेणी की उत्पत्ति हुई।

इस प्रकार हिमालय पर्वत का उद्भव संभव हुआ है। भू-वैज्ञानिको का मानना है कि, भविष्य में प्लेटो के अभिसरण के कारण गंगा के मैदानों में एक चतुर्थ पर्वत श्रेणी का निर्माण हो सकता है।

**हिमालय का प्राकृतिक या भौतिक या भू-आकृतिक विभाजन**

भारत में हिमालय पर्वत का विस्तार 5 लाख वर्ग किमी में है। हिमालय पर्वत के अंतर्गत कई समांतर श्रेणियाँ उत्तर पश्चिम से उत्तर पूर्व की ओर फैली हुई है। इसको मुख्य रूप से चार प्राकृतिक भागो में विभाजित किया जाता है।

पार हिमालय। महान हिमालय।
लघु हिमालय।

हिमालय पर्वत श्रृंखला की उत्पत्ति कैसे हुई है?

महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत
भू-अभिन्नति सिद्धांत
प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत

हिमालय का प्राकृतिक या भौतिक या भू-आकृतिक विभाजन

पार हिमालय।
महान हिमालय।
लघु हिमालय।
शिवालिक हिमालय।

हिमालय पर्वत श्रृंखला का प्रादेशिक विभाजन

कश्मीर या उत्तरी-पश्चमी हिमालय।
हिमाचल और उत्तरांचल हिमालय।
दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय।
अरुणाचल हिमालय।
पूर्वी पहाड़ियां और पर्वत।

# जेईई (एडवान्सड)-2025 में नारायणा जमशेदपुर के 38 छात्रों का चयन

■ नारायणा जमशेदपुर के अभिनव क्षितिज ने ऑल इंडिया रैंक 791 वां स्थान हासिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



परीक्षा में नारायणा के सफल छात्र- छात्राएं।



अभिनव क्षितिज। अश्विनी कुमार। ध्रुव एच भादोरिया। उज्ज्वल आदित्य।



आदित्य प्रकाश। मयंक गुप्ता। दिव्यांशु समल। गुरुवंश सिंह।

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. (एडवान्स)-2025 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के नेशनल एकाडमिक हेड श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेंटर में रिजल्ट जांचे जाने तक 38 छात्र सफल हुए हैं। सफल छात्रों की सूची जारी की गयी है।

श्री श्याम भूषण ने कहा कि जे.ई.ई. (एडवान्स)-2025 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से जेनरल कटेगरी रैंकिंग में टॉप 10 में 5 छात्रों ने स्थान हासिल किया है, जिनका नाम - माजीद हुसैन (ऑल इंडिया रैंक-3), पार्थ मंदार वर्तक (ऑल इंडिया रैंक-4), अक्षत चौरसिया (ऑल इंडिया रैंक-6), साहिल देव (ऑल इंडिया रैंक-7) एवं बदलामुडी लोकेश (ऑल इंडिया रैंक-10)।

**नारायणा जमशेदपुर से जे.ई.ई. (एडवान्स) 2025 में सफल छात्र-छात्राओं की सूची :** अभिनव क्षितिज (ऑल इंडिया रैंक-791), अश्विनी कुमार (ऑल इंडिया रैंक-1630), ध्रुव एच भदोदारिया (ऑल इंडिया रैंक-1800), उज्जवल आदित्य (ऑल इंडिया रैंक-2506), आदित्य प्रभात (ऑल इंडिया रैंक-2809), मयंक गुप्ता (ऑल इंडिया रैंक-2975), दिव्यान्शु समल (ऑल इंडिया रैंक-3430), गुरवंश सिंह (ऑल इंडिया रैंक-4521), इमरान वकिल (ऑल इंडिया रैंक-5126), जयन्त (ऑल इंडिया रैंक-5733), मयंक कुमार (ऑल इंडिया रैंक-9888), अनुभव सेन (ऑल इंडिया रैंक-13475), शिवम् मुखर्जी (ऑल इंडिया रैंक-15260), मयंक राज (ऑल इंडिया रैंक-22797), एम मीनल राज (ऑल इंडिया रैंक-23261), रितिका वर्मा (ऑल इंडिया रैंक-24221), उत्कर्ष कुमार (ऑल इंडिया रैंक-24337), मो. जिशान (ऑल इंडिया रैंक-26104), सौरभ कुमार (ऑल इंडिया रैंक-29350), हरकिरत सिंह करीर (ऑल इंडिया रैंक-30690), कुणाल सिंह (प्रिप-एस.टी.-1797), प्रियांशु सिंह (जेन-ईडब्लूएस रैंक-4366), इत्यादि। श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि नारायणा आईआईटी/ नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेंडर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कराती है। जमशेदपुर सेंटर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैकिंग का पता चलता है अर्थात जमशेदपुर सेन्टर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को केवल अपने कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कम्प्टीशन नहीं बल्कि उनका कम्प्टीशन पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से हो रही है।

## आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुरः आकाशियंस का जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट तैयारी के साथ सफलता का परिचय दिया है। वेदांत सारस्वत, जो दो वर्षीय इंजीनियरिंग कोर्स के छात्र हैं, ने ऑल इंडिया रैंक 2247 प्राप्त किया है। अन्य सफल छात्रों में अभिजीत मिश्रा ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 3439, प्रत्युष जायसवाल ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 10622 एवं आदित्य सहाय ने ऑल इंडिया रैंक 20280 हासिल किया है। इस उपलब्धि पर निदेशक राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आकाश इंस्टिट्यूट गुणवत्ता युक्त कोचिंग देने में विश्वास रखता है और हमें गर्व है कि आकाशियन्स ने शहर में सबसे अधिक प्रतिशत के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। छात्रों ने अपने सफल प्रदर्शन का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और आकाश इंस्टिट्यूट के IIT-JEE प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

# ऑल इंडिया रैंक 385 लाकर ध्रुव प्रकाश बने कोल्हान टॉपर

■ आईआईटी दिल्ली या बॉम्बे से रिसर्च करना चाहते हैं ध्रुव

खबर मन्त्र ब्यूरो



अपने माता-पिता और भाई के साथ ध्रुव प्रकाश।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के रहने वाले ध्रुव प्रकाश ने जेईई एडवांस 2025 में ऑल इंडिया रैंक 385 हासिल कर कोल्हान प्रमंडल के टॉपरबने हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर के छात्र ध्रुव ने पहले ही अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया था। 10वीं में उन्होंने 98.6% और 12वीं में 94.8% अंक प्राप्त किये थे। इसके बाद उन्होंने इंजीनियर बनने का सपना देख कोचिंग शुरू की। जेईई मेंस के दोनों चरणों में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा। पहले अटेम्प्ट में 99.97 परसेंटाइल और दूसरे में 99.93 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 489 वहीं जेईई एडवांस में उन्होंने 360 में से 242 अंक हासिल कर AIR 385 प्राप्त किये।

ध्रुव का सपना है कि वे आईआईटी दिल्ली से मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग या आईआईटी बॉम्बे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लेकर गणित के क्षेत्र में रिसर्च करें। पढ़ाई के अलावा उन्हें चेस खेलने का भी शौक है। पिछले दो वर्षों से उन्होंने किसी तरह की यात्रा नहीं की, लेकिन अब वे दुबई घूमने की ख्वाहिश रखते हैं।

अपनी सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता, शिक्षकों और कठिन मेहनत को देते हैं। उनका कहना है कि कंसिस्टेंसी और डिसिप्लिन ही उनके इस बेहतरीन परिणाम का राज है। उनकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रही– सुबह 4 बजे उठकर पूरे दिन का प्लान तैयार करते, सुबह 9 बजे तक न्यूमेरिकल, फिर दोपहर में थ्योरी और शाम को दोबारा प्रैक्टिस और रिविजन में जुट जाते।

ध्रुव के पिता राम निरंजन सिंह टाटा स्टील में कार्यरत हैं। उन्होंने बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह मेहनत और समर्पण का नतीजा है। वहीं माता प्रियंका ने बताया कि ध्रुव शुरू से ही शांत, अनुशासित और मेधावी छात्र रहा है। उसका छोटा भाई धैर्य, जो अभी सातवीं कक्षा में पढ़ता है। वह भी भाई की इस उपलब्धि से बेहद उत्साहित है और कहता है। भाई ने माइलस्टोन सेट किया है।

## स्पीड न्यूज



### गम्हरिया की याशिका राज को जेईई एडवांस में मिला 10,888 वां रैंक

**गम्हरिया।** जेईई एडवांस के परीक्षा परिणाम में गम्हरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कॉलोनी की याशिका राज को 10888 वां रैंक प्राप्त हुआ है। परिणाम घोषित होते ही कॉलोनी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत गौतम कुमार की पुत्री याशिका राज ने देश की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अव्वल रैंक लाकर परिवार और राज्य का नाम रोशन किया है। इस कठिन परीक्षा में अच्छे अंक आने के कारण देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में इन्हें पढ़ने का मौका मिलेगा।

### कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करे राज्य सरकार : साहिस



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव ने आजसू पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव, आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव और राष्ट्रीय सुढ़ी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें धमकी देनेवाले की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। झारखंड की वर्तमान विधि व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र साहिस ने कहा कि यह झारखण्ड की विडंबना ही कही जायेगी कि यहां न तो पत्रकार सुरक्षित है और न ही सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता ही निडर होकर अपना काम कर सकते हैं। सहिस ने कहा कि कृतिवास मंडल की धमकी मामला बीडीओ सह जनसूचना पदाधिकारी पोटका प्रखंड कार्यालय से आरटीआई मांगने से जुड़ा है और यह जनहित से जुड़ा मामला है इसलिए इस मामले की जांच पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा अविलंब करते हुए दोषी तत्वों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### हर कार्यकर्ता बाबूलाल मरांडी के साथ : सुधांशु



**जमशेदपुर।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पर उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश रचने तथा अप्रिय घटनाओं की आशंका के लगाए गए आरोप को जमशेदपुर भाजपा ने अत्यंत गंभीर, चिंताजनक और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला बताया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इस मुद्दे पर हेमंत सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है और श्री मरांडी के साथ चट्टान की भांति खड़े होने और पूर्ण समर्थन की घोषणा की है।

## लोयोला स्कूल की 10 वर्षीय माया ने कैंसर मरीजों के लिए बाल दान किया

■ बच्चों को देने और बांटने की महत्ता सिखाने के लिए माया की प्रेरणादायक कहानी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** लोयोला स्कूल, जमशेदपुर की 10 वर्षीय छात्रा माया ने अप्रैल 2025 में कैंसर मरीजों के लिए अपने बाल दान करने का एक निस्वार्थ निर्णय लिया। यह छोटा लेकिन महत्वपूर्ण इशारा न केवल माया की दयालुता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि किसी और के लिए जो चीज अधिक मूल्यवान है, उसे बांटने की महत्ता क्या है। माया की कहानी हमें बच्चों को देने और बांटने की महत्ता सिखाने के महत्व की याद दिलाती है। जब बच्चे दूसरों की जरूरतों को प्राथमिकता देना सीखते हैं और अपने कार्यों के प्रभाव को समझते हैं, तो वे आवश्यक जीवन कौशल जैसे सहानुभूति, दया और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करते हैं। देने और बांटने से बच्चे दूसरों की भावनाओं और जरूरतों को समझने और उनकी सराहना करने में मदद करते हैं।

## अर्का जैन यूनिवर्सिटी में महामहिम राज्यपाल का आज होगा आगमन

■ डीसी और एसपी ने किया रहे तैयारियों का निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



अरका जैन, गम्हरिया कैंपस का निरीक्षण करते डीसी नितिश कुमार सिंह व एसपी मुकेश लुणावत। साथ में अरका जैन के निदेशक डा अंगद तिवारी।

**जमशेदपुर/गम्हरिया।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी, गम्हरिया के तृतीय दीक्षांत समारोह में मंगलवार, 3 जून को महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के संभावित आगमन को लेकर किए जा रहे तैयारियों का उपायुक्त नितिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने यूनिवर्सिटी परिसर, कार्यक्रम स्थल, सेफ हाउस, ग्रीन हाउस, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग आदि का जायजा लेकर संबंधित पदाधिकारी एवं यूनिवर्सिटी के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर समेत अन्य सम्बन्धित पदाधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित करते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न कराने को कहा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मौसम को ध्यान में रखकर सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने, कार्यक्रम स्थल एवं मुख्य द्वार समेत सभी मुख्य स्थलों, चौक- चौराहों पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## टाटा स्टील फाउंडेशन और जिला प्रशासन के बीच एमओयू पर किया गया हस्ताक्षर

■ पूर्वी सिंहभूम के तीन प्रखंडों में एजुकेशन सिग्नेचर प्रोग्राम के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में साझेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन एवं टीएसएफ (टाटा स्टील फाउंडेशन) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गये हैं, जिसका उद्देश्य जिले के तीन प्रखंडों क्रमशः मुसाबनी, डुमरिया और गुरबांदा में एजुकेशन सिग्नेचर प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को समतामूलक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन की ओर से डीएसई श्री आशीष पांडेय एवं टीएसएफ की ओर से दिव्यहस रे ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस साझेदारी के तहत एक सशक्त सार्वजनिक विद्यालय प्रणाली को पुनर्जीवित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चे अपनी पूरी क्षमता के साथ विकास कर सकें।

जिला प्रशासन एवं टीएसएफ अपने-अपने विशेषज्ञता क्षेत्रों और क्षमताओं का लाभ उठाकर अगले तीन वर्षों में तीनों चयनित प्रखंडों में कार्यक्रम को पूरी तरह लागू करेंगे। इस दौरान जीरो स्कूल ड्रॉपआउट, शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार, तथा सशक्त विद्यालय प्रबंधन समितियों के निर्माण को प्राथमिक लक्ष्य के रूप में रखा गया है। यह एमओयू हस्ताक्षर तिथि से प्रभावी होकर 31 मार्च 2028 तक मान्य रहेगा। इसके तहत उक्त तीन प्रखंडों के 37 पंचायत, 224 गांव के 295 स्कूल शामिल हैं।

## मरीन ड्राइव के किनारे सुबह अवैध हथियार संग तीन अपराधी गिरफ्तार

■ हो रही थी पिस्टल की सौदेबाजी

■ तीनों का रहा है आपराधिक इतिहास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर स्थित मेरिन ड्राइव, खरकई नदी के किनारे से सोमवार सुबह अवैध हथियार के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ घूम रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने मौके पर पहुंचकर छापामारी की। पुलिस टीम को देखते ही तीनों अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर मौके पर ही पकड़ लिया।

## प्रखंड कमेटी लोगों के बीच जायें और समस्या को लेकर आंदोलन करें : आनंद दुबे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जुगसलाई।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर नसीम पैलेस गौरीशंकर रोड जुगसलाई में एक बैठक का आयोजन संगठन सृजन अभियान के तहत प्रखण्ड कार्यकारीअध्यक्ष इरसाद हैदर के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि प्रखंड स्तर पर संगठन को धारदार बनाने का कार्य की जाए, प्रखण्ड स्तर पर नये लोगों को संगठन से जोड़कर जनहित की अनेकों समस्या है। उन्हें एक एक कर आंदोलन के माध्यम से समाधान करने का कार्य करें। इसी प्रकार से मण्डल अध्यक्षगण भी संगठन सृजन अभियान के तहत कमिटी का विस्तार करें, नये सदस्यों को जोड़ने का कार्य करें। समाज के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को सहयोग करें, जन समस्याओं को चिन्हित करें सम्बन्धित अधिकारी को मांग पत्र सौंप कर, समस्या समाधान कराने का प्रयास करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी के द्वारा संविधान बचाओ अभियान, जातीय जनगणना, सेना के सौर्य के अभियान को मजबूती के साथ रखें। केन्द्र की सत्तारूढ भाजपा सरकार ने पुरे देश में महंगाई रोकने में विफल है। गरीब और मध्यम परिवारों का तानाबाना चरमरा गई है। महंगाई के कारण शिक्षा और स्कूल से अनेकों छात्रों का पढ़ाई छूट गये है। बहुत से अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई कराने में असमर्थ हो गये है। केंद्र सरकार के कारण अनेकों सरकारी उपक्रमों को निजीकरण कर दिया गया है। यह बड़ी चिंता की बात है। जो छात्र पढ़ाई कर रहें है। उन्हें नौकरी कहाँ मिलेगी। रेलवे में रिक्त पदों पर बहाली रोक दी गई है। रेल यात्रा और हवाई यात्रा दिनों दिन महंगी हो रही है। आम जनता को परेशान किया जा रहा है। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने आजसू पार्टी के नेता सह जुगसलाई नगरपालिका मण्डल अध्यक्ष मो. तनवीर ऊर्फ राजू को कांग्रेस पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया। बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रखण्ड अध्यक्ष कैसर आलम अंसारी, प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष इरसाद हैदर, जुगसलाई मण्डल 2 अध्यक्ष राजू गद्दी, प्रदेश सचिव के के शुक्ल, जिला महामंत्री ज्योति मिश्र, नलनी सिन्हा, मलखान दुबे, नवनीत मिश्र, रसीद करीम, सरदार हरविंदर सिंह, लालचंद, नजीर अब्बास अंसारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भारत फायनांस के कर्मचारी से लूट के मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

**सरायकेला।** थाना क्षेत्र के सीनी ओपी के कमलपुर में 24 अप्रैल को भारत फाइनेंस कंपनी के एजेंट से 98,311 रुपये, टैब और बायोमैट्रिक मशीन लूटी गयी थी। जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन्हें गिरफ्तार किया है, उनमें मो हुसैन (34), अशोक महतो (32), देवाशीष महतो (23) और राकेश महतो (21) शामिल हैं। इनमें मो हुसैन पर पहले से छह आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, हत्या का प्रयास और रंगदारी जैसे संगीन अपराध शामिल हैं। सभी सरायकेला-खरसावां जिले के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं। पूरे कांड का मास्टरमाइंस मो हुसैन है, उस पर आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें सरायकेला जिले में 5 कांड दर्ज है, जबकि उड़ीसा के बड़बिल में एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा, एक ग्लैमर, तीन मोबाइल फोन, दो कीपैड फोन, लूटा हुआ काला बैग और 3400 रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विधवा महिला को डायन बता कर उसके दरवाजे के पास चहारदीवारी बनायी, प्रशासन ने तोड़वाया



**गम्हरिया।** प्रखंड के गायत्रीनगर में विधवा महिला कौशल्या देवी को उसके पड़ोसी दिलीप घोष द्वारा डायन कहकर अपमानित करने और उसके घर के दरवाजे के पास अवैध चहारदीवारी निर्माण किये जाने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार को गम्हरिया के सीओ कुमार अरविंद वेदिया आदित्यपुर थाना के पुलिस बल के साथ गायत्री नगर पहुंचे और उक्त अवैध चहारदीवारी को तोड़ कर हटवाया। विदित है कि दिलीप घोष द्वारा डायन कहकर अपमानित किये जाने और चहारदीवारी निर्माण कर घर से बाहर निकलने का रास्ता बंद किये जाने की सूचना जब पद्मश्री छूटनी महतो को हुई तो विगत 9 मई को वह कौशल्या देवी को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचकर उपायुक्त और एसपी से इस बावत शिकायत की। तत्पश्चात, प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आदित्यपुर थाना प्रभारी और गम्हरिया के बीडीओ को जांच का आदेश दिया। जांच के बाद पुलिस प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर उस चहारदीवारी को हटाने का निर्देश भी दिया। किंतु, दो सप्ताह बीतने के बाद भी दिलीप घोष ने उसे नहीं हटाया। उसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार को यह कार्रवाई की गई।

### साकेत अस्पताल, मानगो के अस्पताल में घुस कर कर्मचारियों से मारपीट, आइएमए खफा

**जमशेदपुर।** साकेत अस्पताल, मानगो में कुछ बदमाशों की गुंडागर्दी मामले में आइएमए के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी एसपी से तत्काल मुलाकात की, जहां मरीज के साथ आए कुछ लोगों ने स्टाफ और मैनेजर पर बेरहमी से हमला किया। प्रतिनिधिमंडल को सिटी एसपी ने एफआईआर दर्ज कर कानून के अनुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने थाना प्रभारी और डीएसपी को तत्काल दोषियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार जेल भेजने का निर्देश दिया है। आइएमए के अध्यक्ष डा जीसी माझी व सचिव डा सौरव चौधरी ने एसपी से मिलनेके पश्चात कहा कि हम एसपी की त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हैं। डा सौरव चौधरी ने कहा, मसला चाहे कुछ भी हो आप हेल्थ स्टाफ को मार कैसे सकते है? कानून अपने हाथ में लेने का हक किसी को नहीं है। इस तरह की गुंडागर्दी हम किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### अनुकंपा समिति ने चार आवेदनों पर की अनुशंसा पांच नवनियुक्त कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र





**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल पांच अनुकंपा आवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने सभी आवेदनों की बारीकी से जांच की गई, जिसमें आवेदकों के आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल थे। दस्तावेजों की जांच के उपरांत समिति ने चार आवेदनों को नियुक्ति के लिए उपयुक्त मानते हुए अनुशंसा की। इनमें तीन आवेदक तृतीय वर्ग और एक आवेदक चतुर्थ वर्ग पद के लिए चयनित किए गए। एक आवेदन को आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। उपायुक्त द्वारा नव नियुक्त पांच कर्मियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया। तृतीय वर्ग पदों पर मुस्कान मार्डी, कुणाल सिंह, शंकर सिंह एवं भाष्कर दास की नियुक्ति की गई, वहीं चतुर्थ वर्ग पद पर दोला साहू को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नवचयनित कर्मियों को बधाई देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान एवं उत्तरदायी रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में दायित्वबोध के साथ कार्य करना अनिवार्य है। आप सभी से अपेक्षा है कि ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। बैठक में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, स्थापना उप समाहर्ता चंद्रजीत सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार उपस्थित थे।





## क्या कहते हैं फाइनल के आंकड़े

2011 में चार टीमों प्लेऑफ में पहुंची थीं। केकेआर और मुंबई इंडियंस के बीच एलिमिनेटर खेला गया तो पहला क्वालीफायर सीएसके और आरसीबी के बीच खेला गया। पहले क्वालीफायर में हारने के बाद आरसीबी क्वालीफायर 2 में मुंबई इंडियंस को हराकर फिर फाइनल में पहुंची लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स से हार गई। अब तक क्वालीफायर 1 हारने वाली टीम 11 बार दोबारा फाइनल में पहुंची हैं लेकिन 2 बार ही खिताब जीत पाई है। केकेआर और सनराइजर्स हैदाराबाद आइपीएल इतिहास की वो दो टीमें हैं, जो एलिमिनेटर खेलकर फाइनल में पहुंची हैं। पंजाब किंग्स भी बेंगलुरु से क्वालीफायर वन हार गई थी लेकिन उन्होंने मुंबई इंडियंस को क्वालीफायर 2 में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली है। इतिहास गवाह है कि क्वालीफायर वन जीतने वाली टीमें 14 में 11 बार खिताब जीत चुकी हैं लेकिन आइपीएल में नये कारनामे लिखे जाते रहे हैं और अगर पंजाब किंग्स को काहनी बदलनी है तो उन्हें 2014 वाली गलती से बचना होगा।




# खिताबी जंग के लिए तैयार श्रेयस और पाटीदार



एजेंसी

**अहमदाबाद।** आइपीएल 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। मंगलवार को इस सत्र का फाइनल मुकाबला पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीती है। अब दोनों टीमें इस सूखे को खत्म करने का उद्देश्य लेकर उतरेंगी। फाइनल से पहले दोनों फाइनलिस्ट टीमों के कप्तानों की सोमवार को अहमदाबाद में मुलाकात हुई जिसकी तस्वीरें आइपीएल ने साझा की हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से लेकर अंत तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालिफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरूआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने के कारण आरसीबी के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आइपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर हैमुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालिफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। 10 टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आइपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है। प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है। युजवेंद्र चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालिफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। पंजाब और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

## लीग स्टेज में टॉप-2 रहीं दोनों टीम





पंजाब और आरसीबी दोनों ने लीग स्टेज में शानदार प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने 14 में से 9 मैच जीते, 4 हारे और एक मैच बेनतीजा रहा। नेट रन रेट में भी दोनों में मामूली अंतर था। लीग स्टेज में पंजाब ने बेंगलुरु को उनके होम ग्राउंड पर हराया था, जबकि आरसीबी ने रिवर्स फिक्सचर में मुल्लांपुर में जीत दर्ज की थी। क्वालिफायर-1 में दोनों टीमों की भिड़ंत हुई थी, जहां आरसीबी ने पंजाब को सिर्फ 101 रन पर समेटकर 10 ओवर शेष रहते मैच जीत लिया और सीधे फाइनल में पहुंच गई। वहीं पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई को हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। अब सभी की निगाहें 3 जून को अहमदाबाद में होने वाले आइपीएल 2025 के फाइनल पर टिकी होंगी, जहां क्रिकेट प्रेमियों को एक नया चैंपियन देखने को मिलेगा।

## दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**आरसीबी:** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, जितेश शर्मा, फिलिप साल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह, मयंक अग्रवाल, ब्लेसिंग मुजारबानी, टिम सेफर्ट।

**पंजाब :** नेहाल वढेरा, हरनूर सिंह, श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, प्रवीण दुबे, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई, एरोन हार्डी, हरप्रीत बराड़, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, मिशेल ओवेन, काइल जैमीसन।




## आइसीसी ने महिला विश्व कप के तारीखों और स्थानों की पुष्टि की, 30 सितंबर से होगी शुरूआत

एजेंसी

**दुबई।** आइसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले महिला वनडे विश्व कप की तारीखों और आयोजन स्थल की घोषणा कर दी है। यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जायेगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

### दो नवंबर को

महिला वनडे विश्व कप का फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की शुरूआत बंगलूरू में 30 सितंबर को होने वाले मैच से रहेगी। उद्घाटन मुकाबले में भारत की टीम खेलेगी। इस वैश्विक टूर्नामेंट का आयोजन 12 साल बाद भारत में किया जाएगा। पहला सेमीफाइनल मुकाबला 29 अक्तूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा,




जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच 30 अक्तूबर को बंगलूरू में खेला जाएगा। फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को तैयारियों के लिए दो दिन का समय मिलेगा। महिला वनडे विश्व कप का खिताबी मुकाबला दो नवंबर को बंगलूरू या कोलंबो में खेला जाएगा।

### आठ टीमें लेंगी हिस्सा

महिला वनडे विश्व कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। उसने 2022 में न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराया था। आस्ट्रेलिया सात बार खिताब जीत चुकी है और वह टूर्नामेंट इतिहास की सबसे सफल टीम है।

## राजीव शुक्ला को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी




**नयी दिल्ली।** रोजर बिन्नी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला क्रिकेट निकाय के कार्यवाहक अध्यक्ष बनेंगे। शुक्ला जुलाई से तीन महीने के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष बनेंगे। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में होने वाली वार्षिक आम बैठक के साथ वह पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनावों में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रोजर बिन्नी को 2022 में बीसीसीआइ अध्यक्ष चुना गया था और उन्होंने सौरव गांगुली की जगह ली थी। उस समय 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बिन्नी नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे।

## मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे से संन्यास का एलान कर दिया है। वह टी20 में खेलना जारी रखेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि उन्होंने टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियों के लिए एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की है। मैक्सवेल के वनडे करियर की शुरूआत 2012 में हुई थी। 149 वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए दिग्गज खिलाड़ी ने कुल 3990 रन बनाए और 5.46 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 77 विकेट अपने नाम किए। वह 2015 और 2023 की विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे। मैक्सवेल के नाम इस प्रारूप में चार शतक और 23 अर्धशतक दर्ज हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ 201 रन की नाबाद पारी खेली थी। इस प्रारूप में यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी। गेंदबाजी में भी वह विपक्षी बल्लेबाजों के लिए मुसीबत साबित हुए हैं। उन्होंने चार बार पारी में चार विकेट लिए। फील्डिंग में भी उनका



कोई सानी नहीं रहा। उनके नाम इस प्रारूप में 91 कैच दर्ज हैं। मैक्सवेल ने संन्यास के फैसले पर बात करते हुए कहा- 'मुझे याद है कि शुरूआत में ही मुझे समय से पहले और अप्रत्याशित रूप से चुन लिया गया था। मुझे आस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच खेलने पर गर्व है। मुझे लगा कि मैं ऐसा ही करूंगा। तब से मैं उतार-चढ़ाव से गुजरा हूं, जैसे टीम से बाहर होना, वापस आना, कुछ विश्व कप में खेलना और कुछ बेहतरीन टीमों का हिस्सा होना। मैक्सवेल को आखिरी बार इस प्रारूप में चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते देखा गया था। इस दौरान वह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। वहीं, आइपीएल 2025 से भी वह चोट के कारण कुछ मैचों के बाद ही बाहर हो गए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से बात करते हुए आगे कहा- 'मुझे लगा कि मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा हूं क्योंकि शरीर परिस्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया कर रहा है। मैंने (चयन समिति) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं? हमने 2027 विश्व कप के बारे में बात की और मैंने उनसे कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा।

### क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्लासेन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा की। क्लासेन ने पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 से भी संन्यास ले लिया है। उन्होंने वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## श्रेयस अय्यर, हार्दिक पर लगा जुमार्ना

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच में धीमी गति से ओवर करने के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुमार्ना लगाया गया है। रविवार रात अहमदाबाद में खेले गए आइपीएल 2025 के क्वालिफायर दो बारिश के कारण मैच दो घंटे के बाद शुरू हुआ था। दोनों टीमों की ओर से धीमी ओवर गति के कारण मैच और अधिक देरी से खत्म हुआ।

## ब्रॉड होंगे दक्षिण अफ्रीका के सलाहकार कोच



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल से पहले इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। 38 वर्षीय ब्रॉड नौ जून को अभ्यास के दौरान सलाहकार के रूप में काम करेंगे। एशेज 2023 के आखिर में रिटायर होने के बाद ब्रॉड की कोचिंग में पहली भूमिका होगी।

## रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीते स्वर्ण पदक

**चांगवोन (दक्षिण कोरिया)।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के तीसरे दिन सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते। आज यहां विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप में हुई प्रतियोगिता के तीसरे दिन 10 मीटर एयर पिस्टल महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में सुमेधा पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और सृष्टि अरोड़ा ने रजत पदक जीता।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**रोसारियो (अर्जेंटीना)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से कनिका सिवाच ने (11वें और 45वें)मिनट में दो गोल किए। खेल पहले क्वार्टर में चार गोल हुये। अर्जेंटीना की सोल गुइग्नेट गुनाजू ने (पांचवें) मिनट में पहला गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट के बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने (सातवें) मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच गोल के अंतर को कम किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तेजी से जवाब दिया, 13वें मिनट में मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के लिए 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल के जरिये अपना चौथा गोल दागा। कनिका ने 45वें मिनट में खेल का अपना दूसरा गोल किया, जिससे भारत को उम्मीद की किरण दिखाई दी, लेकिन अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

## पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**लाहौर।** मोहम्मद हारिस (नाबाद 107) और सैम अयूब (45) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 16 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने परवेज हुसैन इमॉन (66), तंजिद हसन (42), मो. तौहीद हृदोय (25) और कप्तान लिटन कुमार दास(22) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने दो-दो विकेट लिये। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# डी गुकेश ने विश्व नंबर वन मैगनस कार्लसन को हराया

## हार के बाद दिग्गज कार्लसन ने आपा खोया, मेज पर हाथ पटका, फिर माफी मांगी और चलते बने

एजेंसी

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन आपा खो बैठे। अपने देश में गुकेश से हार को वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया। गुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में कार्लसन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेल खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया। जैसे जैसे कार्लसन पर समय से चाल चलने का दबाव बढ़ता गया, कार्लसन ने गलतियां कीं और इसने गुकेश को वापसी का मौका दिया। गुकेश ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने सारी स्किल को मैच में झोंक दिया और जीत दर्ज की। मैच के बाद गुकेश ने कहा- मैं बहुत कुछ नहीं कर सकता था। मुझे बस इसका अधिकतम लाभ उठाना था। मैं ऐसे कदम उठा रहा था जो कार्लसन के लिए मुश्किल थे और सौभाग्य से चालें सही साबित हुईं। इस टूर्नामेंट से मैंने एक बात सीखी है कि समय से चाल चलने का दबाव आपको गलती करने पर मजबूर कर सकता है। दोनों के बीच टूर्नामेंट के पहले दौर में भिड़ंत हुई थी, जहां कार्लसन ने अपने ट्रेडमार्क चालों से जीत हासिल की थी। इस बार, हालांकि, गुकेश ने बाजी मारी और पिछली हार का बदला ले लिया। नॉर्वे शतरंज को व्यापक रूप से शतरंज कैलेंडर पर प्रमुख टूर्नामेंट में से एक माना जाता है। छह खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक दूसरे से भिड़ते हैं। पुरुष और महिला दोनों ही श्रेणी में मैच होते हैं। 2025 संस्करण स्टावेंजर में 26 मई से छह जून तक चलेगा।






# एसकेएमयू की परीक्षा समिति की बैठक संपन्न पीएचडी का नामांकन प्रक्रिया जल्द होगी प्रारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में परीक्षा बोर्ड की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने की। बैठक में विवि के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों से जुड़े कुल 15 एजेंडों पर गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि विवि में नये सत्र के लिए पीएचडी नामांकन प्रक्रिया का प्रारंभ होगी। ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षों से पीएचडी नामांकन की प्रक्रिया रुकी हुई थी। जिससे कई योग्य और शोध के इच्छुक छात्र पीएचडी नामांकन से वंचित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विवि में शीघ्र ही पीएचडी नामांकन प्रक्रिया को प्रारंभ होगा। इस संबंध में विवि के पीएचडी सेक्शन को पूरी प्रक्रिया को संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रारंभिक चरण में सभी स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्षों से योग्य शोध निर्देशकों की अद्यतन सूची एवं उनके अधीन रिक्त शोध सीटों की जानकारी मंगाई जाएगी। इसके बाद नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया यूजीसी की 2022 की नियमावली के अनुरूप संचालित होगी। जिससे छात्रों को एक पारदर्शी और न्यायसंगत अवसर मिल सके। यह निर्णय पीएचडी की प्रतीक्षा कर रहे उन छात्रों के लिए राहत लेकर आया है। जो लंबे समय से नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे थे। विशेष रूप से नेट व जेआरएफ उत्तीर्ण छात्र विश्वविद्यालय से बार-बार आग्रह कर रहे थे कि उन्हें शोध की दिशा में अवसर दिया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए छात्रहित में यह निर्णय लिया है। इस बार लगभग सभी विषयों में पर्याप्त संख्या में सीटें उपलब्ध हो सकती हैं। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, डीएसडब्लू डॉ जैनेन्द्र यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह, संकायाध्यक्ष डॉ टीपी सिंह, डॉ पीपी सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल एवं दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मजदूरों की समस्या का निराकरण प्रबंधन की शीर्ष प्राथमिकता : पीओ

एसडीओसीएम प्रबंधन के साथ आरसीएमएसयू की 10 सूत्री मांग को लेकर वार्ता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम परियोजना कार्यालय में सोमवार को पीओ के साथ युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (यूकोवयू) प्रतिनिधियों ने एजेंडा मीटिंग की। बैठक में यूकोवयू आरसीएमएसयू ने अपनी 10 सूत्री मांग रखी। आयोजित बैठक में यूकोवयू की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेंद्र दूबे की अगुवाई में पीओ को मजदूर समस्या से अवगत कराया गया। बैठक में क्षेत्रीय सचिव भीम महतो और अध्यक्ष जितेंद्र दूबे ने कहा कि खदानों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। अधिक उत्पादन कराने में श्रमिक संगठन अपनी पूरी भागीदारी देगी। कहा कि मुख्यालय की ओर से मिले लक्ष्य को पाने के लिए प्रबंधन मशीनों का रख रखाव सही तरीके से करे, ताकि उत्पादन में बाधा उत्पन्न न हो। कहा गया कि उत्पादन उत्पादकता के साथ-साथ प्रबंधन मजदूरों के मूलभूत सुविधाओं का भी ख्याल रखे। इस अवसर पर पीओ शैलेश प्रसाद ने यूनियन प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मजदूरों की समस्या का निराकरण प्रबंधन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसके लिए यूनियन प्रतिनिधियों को प्रबंधन को सहयोग देना होगा। मजदूरों के सहयोग से ही एसडीओसीएम का उत्पादन लक्ष्य हासिल किया जाएगा। बैठक में मैनेजर राजीव कुमार सिंह, ईएंडएम इन्जीनियर अभिषेक कुमार, कार्मिक प्रबंधक मो तौकीर आलम, राम लखन, पीई कुमार अमित, किशन राय, यूकोवयू के कार्यकारी अध्यक्ष जवाहरलाल यादव, बुटल महतो, राम नारायण महतो, राजेंद्र रविदास, ओमप्रकाश, बेणेश्वर महतो, गणेश महतो, संदीप गिरी, राजकुमार, राजेंद्र रविदास, के अलावे सदस्य व वर्कर मौजूद थे।

## एक नजर में

### बोकारो : चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से की मुलाकात, विकास का सौंपा ज्ञापन



बोकारो। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने नव पदस्थापित उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और जिले की प्रमुख समस्याओं व विकास से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की पहल गैर मजरुआ खास जमीन की रजिस्ट्री शीघ्र शुरू करने बोकारो एयरपोर्ट का शीघ्र उद्घाटन ओपन जिम की मरम्मत और गुजरात कॉलोनी मोड़ पर रोड ब्रेकर निर्माण जैसी मांगें प्रमुखता से रखीं। संरक्षक संजय बैद ने इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक बताया। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर रोक की मांग की। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बोकारो एयरपोर्ट की बहुआयामी आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसके जल्द शुरू होने की आवश्यकता बताई। हवाई अड्डे को व्यवसाय पर्यटन स्वास्थ्य शिक्षा व रोजगार के दृष्टिकोण से जरूरी बताया। साथ ही ओपन जिमों की मरम्मत तथा गुजरात कॉलोनी मोड़ पर सुरक्षा के लिए रोड ब्रेकर निर्माण की आवश्यकता जताई गई। मुलाकात में सिद्धार्थ पारीख नरेंद्र सिंह विनय सिंह रवि शंकर प्रसाद राजेश पोद्दार सुभाष चौरडिया मुकेश अग्रवाल संजय अग्रवाल व अंकित चोपड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कर्मचारी संघ ने डीसी को दी गुटबाजी की सूचना

बोकारो। अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) जिला बोकारो के एक शिष्टमंडल ने डीसी अजयनाथ झा से भेंट की। महासंघ के जिला मंत्री मनोरंजन कुमार निराला ने अन्य सभी गतिविधि को अवगत कराया। इसमें बताया गया कि समाहरणालय संवर्ग का सम्मेलन सह चुनाव दिनांक 10 अप्रैल 2025 को हो चुका है जिसमें अध्यक्ष और मंत्री निर्वाचित हो चुके हैं। उनके द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि बोकारो जिला में दो गुट हैं- जो वैचारिक रूप से अलग हैं। उपायुक्त द्वारा संघ की सभी बातों को सुना गया और आश्वासन दिया गया कि हम लोग मिलकर कार्य करेंगे। मौके पर मंत्री निराला संघ अध्यक्ष उमेश प्रसाद महतो सहित जिला मंत्री विभांशु मिथिलेश कुमार पाठक संजय कुमार गोराई हिमांशु कुमार मांझी संजय कुमार उमेश कुमार मांझी नवीन कुमार खगेन दास आदि मौजूद रहे।

### डीसी के निदेश पर भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

बेरमो/बोकारो। डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर सोमवार को तेनुघाट (बेरमो) के सिंचाई विभाग में भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी ने आमजनों से आगे बढ़ कर रक्त दान करने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है, जो कि पूरी तरह से गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि रक्त दान करने से शरीर और भी ऊजार्वान होता है। रक्तदान कई मायने में शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने का बेहतर उपाय है। रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है। रक्तदान सही मायने में जीवनदान देने जैसा है। जिंदगी में हम कई बार समय पर खून नहीं मिलने की समस्या से प्रभावित होते हैं, ऐसे में हम सभी स्वस्थ लोगों का दायित्व बनता है कि समय-समय पर रक्तदान करते रहें ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके। जानकारी हो कि, रेडक्रास द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर 21 जुलाई तक जारी रहेगा। कैलेंडर के अनुरूप जिले के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोज किया जा रहा है।

### बेरमो : श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



बेरमो। अनुमंडल स्थित पेटरवार में सोमवार से पंचदिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह भव्य आयोजन पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत कसमार रोड अंतर्गत मंदिर टोला स्थित शिव मंदिर में संपन्न होगा। यज्ञ का आयोजन 2 जून से 6 जून तक किया जाएगा, जिसमें अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। मंदिर समिति के अनुसार, सोमवार प्रातः 5:30 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो महावीर स्थान मंदिर टोला से प्रारंभ होकर गंगेश्वर महादेव मंदिर, बस स्टैण्ड, रामचन्द्र गली बाजार, बबली जैन के घर के सामने, मठटोला, खत्रीटोला होते हुए राजा तालाब पहुंची। जहां पंडितों के द्वारा पूरे विधि विधान? एवं मंत्र उच्चरणों के साथ कलश में जल भरा गया। तत्पश्चात कसमार रोड मार्ग होते हुए मंदिर यज्ञ मंडप तक पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो और बविता देवी भी शामिल हुऐ। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लिए भक्ति गीतों के साथ और पुरुष श्रद्धालु बैंड-बाजे और जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिये। वहीं महायज्ञ के दौरान हवन, पूजन, आरती, प्रवचन, भंडारा, कलश स्थापना और मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी की जायेगी। यज्ञ का समापन 6 जून को शिव परिवार, राधे-कृष्ण, माता महाकाली आदि देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा, शोभायात्रा एवं भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ किया जाएगा।

### बेरमो कांग्रेस कमेटी के मिलन समारोह में झामुमो उलगुलान के दिगंबर महतो ने ली सदस्यता



फुसरो। पांच नंबर धौड़ा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रधान कार्यालय मे झारखंड सरकार मुख्य सचेतक, इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के निर्देशानुसार कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजन किया गया। यहॉ मुख्य रूप में बेरमो विधायक सिंह की माता रानी सिंह उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो ने अपने चार साथियों में टेकलाल महतो उर्फ टीकू महतो, कार्तिक महतो जानकी महतो व हरलाल महतो के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। रानी सिंह ने सभी को पुष्पगुच्छ, फूल माला, अंग वस्त्र व कांग्रेस का पट्टा बनाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, इंटक के जिला अध्यक्ष परवेज अख्तर, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह, अरुण सिंह, सलीम जावेद, फूलचंद महतो, केदार सिंह, मुस्तकीम अंसारी, फुलवा देवी, पम्मी सिंह, प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह, राजू दिगार, मुन्ना सिंह, नेजाम अंसारी, जितेंद्र सिंह, साधु बाउरी, रमेश मिश्रा, रामदेश राम, मनोज ठाकुर, प्रदीप सिंह, पवन राव, बैजनाथ सिंह, कलीम अंसारी, मनोज सिंह, राजू दिगर, प्रमोद सिंह, अशोक अग्रवाल, विल्सन फ्रांसिस, राजेंद्र अग्रवाल, सुनील सिंह, मनोज श्रीवास्तव, नारायण शर्मा, जेपी पाठक, रेहना राज, फूलों देवी, सुनीता देवी, प्रदीप सिंह, मनोज ठाकुर, अमित कुमार सिंह, प्रदीप महतो, जितेंद्र चम्पीया, समर सिंह, शंकर दास, मो रईस आलम आदि सैकडो लोग मौजूद थे।

### डीवीसी चंद्रपुरा में 5 डीवीसी कर्मी हुए सेवानिवृत्त



बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में सेवानिवृत्त पांच डीवीसी कर्मियों के सम्मान समारोह में इन कर्मियों को उपहार भेंट कर डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत कर्मी सत्यनारायण शाह अजय कुमार सिंह दुखन मांझी भुवनेश्वर मंडल बालेश्वर नाथ देव के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने कहा कि डीवीसी द्वारा जो संसाधन डीवीसी सेवानिवृत कर्मियों को उपलब्ध कराई जाती है उससे उनका जीवन अत्यंत सुखद बीतेगा। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि डीवीसी में एक दूसरे से काफी लगाव रहता है। सेवानिवृत्त कर्मियों और उपस्थित उनके परिजनों से उन्होंने अपील किया कि वह अब खुशहाल जीवन जीने के लिए आवश्यक कदम उठाए। वरिष्ठ महाप्रबंधक डॉ डीसी पांडेय ने सेवानिवृत्ति को गौरव का प्रतीक भावना बताया और कहा कि यह एक अनमोल क्षण है। वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने कहा कि किसी भी संस्था में जॉइनिंग के ही समय उसका रिटायरमेंट की तिथि लिख दिया जाता है। उन्होंने कहा कि डीवीसी में अपनापन संबंध काफी गहरा होता है। समारोह का संचालन अनिमेष गिरी ने किया। समारोह को डीजीएम आरआर ओझा वरिष्ठ प्रबंधक अभिमन्यु कुमार सिंह राजकुमार चौधरी कंचन अस्मिता टोप्पो अक्षय कुमार सेवानिवृत कर्मी व उनके परिजन आदि ने भी संबोधित किया।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा



बेरमो। डुमरी के इसरी बाजार से बीते बुधवार को एक यामहा बाइक की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पीडित के आवेदन पर गिरिडीह एसपी विमल कुमार के निर्देश पर डुमरी इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम बना कर चोरों की पहचान में पुलिस जुट गई थी। जिसके बाद पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही से दो वाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तीन बाइक को भी बरामद किया गया। इसकी जानकारी इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है।

### गोमिया के रिजवान की मलेशिया में मौत



बेरमो। गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया थाना क्षेत्र के महावीर स्थान निवासी रिजवान हुसैन (उम्र 49 वर्ष), पिता सिराज हुसैन की मलेशिया में काम के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। यह दुखद घटना 1 जून को हुई, जिसकी सूचना उनके परिजनों को 2 जून की सुबह लगभग 9 बजे प्राप्त हुई। मृतक रिजवान हुसैन मलेशिया में रोजगार के सिलसिले में कार्यरत थे और परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनके असामयिक निधन की सूचना मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन गहरे सदमे में हैं और शव के अंतिम दर्शन की इच्छा लिए सरकार से मदद की आस लगाए बैठे हैं। इस बीच मृतक की पत्नी ने मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो को एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने निवेदन किया है कि सरकार विदेश मंत्रालय व मलेशिया स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से पहल करे, ताकि उनके पति का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत लाया जा सके।

### सीता सोरेन ने पूर्व पीए पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

दुमका। भाजपा नेत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन ने पूर्व पीए देवाशीष घोष के खिलाफ नगर थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में पीए देवाशीष घोष पर धोखाधड़ी का आरोप लगायी है। जानकारी के अनुसार लिखित शिकायत में चेक के माध्यम से फर्जी हस्ताक्षर कर अवैध रूप से राशि निकासी का आरोप लगायी है। हलांकि पुलिस मामले में अभी कुछ भी स्पष्ट कहने से बच रही है। मामला हाई-प्रोफाईल होने के कारण नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद जांच के बाद कुछ स्पष्ट करने की बात कही। यहां बता दें कि बीते मार्च माह में धनबाद के कतरास में शादी समारोह में पूर्व पीएम देवाशीष घोष ने सीता पर जानलेवा हमला के प्रयास का भी आरोप में लोगों ने पुलिस के हवाले किया था।

### एसकेएमयू के कॉलेजों में क्विज प्रतियोगिता 22 जून को

दुमका। संताल लाहांती वैसी, दुमका की ओर से सोमवार को आदिवासी कल्याण छात्रावास संख्या 5 के सभा भवन में बैठक आहूत हुई। बैठक में एसपी कॉलेज के विभिन्न कल्याण छात्रावास के छात्रनायक छात्रानायिका शामिल हुए। बैठक वैसी के संयोजक जोसेफ बास्की के दिशा निर्देशानुसार जोएल टुडू की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

**बोकारो : भू- अर्जन प्रखंड अंचल कर्मी और लाभुकों की मिलीभगत**

# सरकारी योजनाओं की मुआवजा राशि का अवैध तरीके से बंदरबाट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना के तहत कसमार अंचल में लगभग तीन दर्जन से अधिक विभिन्न सरकारी विभाग की निर्मित संरचनाओं को अधिग्रहित की गई है।

कई सरकारी योजनाओं की मुआवजा राशि अवैध तरीके के लाभुकों को दिया गया है। भू-अर्जन प्रखंड अंचल कर्मी व लाभुकों की मिलीभगत से लाभुकों को मुआवजा राशि दे दी गयी है। कई योजनाओं की कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर लाभुकों को मुआवजा राशि देने की तैयारी है। लेकिन भू-अर्जन कार्यालय बोकारो द्वारा एक आरटीआई कार्यकर्ता के जवाब में एक भी सरकारी संरचनाओं को अधिग्रहित नहीं करने की बात कही गई है। जब आरटीआई कार्यकर्ता सह जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन सचिव भुनेश्वर महतो ने कसमार अंचल अंतर्गत चौड़ा मौजा से कसमार तक मुआयना किया तो तीन दर्जन सरकारी योजनाओं होने की बात सामने आयी है।

इनमें चौड़ा मौजा में यमुना मांझी के माड़ा योजना द्वारा निर्मित दो सिंचाई कूप तथा बगदा एवं जामकुदर मौजा में एक एक मनरेगा योजना द्वारा निर्मित सिंचाई कूप को मिट्टी भर सड़क निर्माण कर दिया गया है। इन योजनाओं का मुआवजा राशि लाभुक को भुगतान हुआ या संबंधित विभाग को इसकी जानकारी भी गुप्त रखी जा रही है। इसके अलावा सूदी चौक के पास सोलर आधारित जलमीनार खुदीबेड़ा मौजा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा अधिष्ठापित सात नलकूप भी अधिग्रहण में शामिल है। मंजूरा मौजा में चार सोलर आधारित जलमीनार एवं नलकूप तथा हरिजन टोला में सामुदायिक भवन मंजूरा में स्वास्थ्य उपकेंद्र का चारदीवारी व गेट तथा कब्रिस्तान का चहारदीवारी व गेट शामिल है। वहीं गर्री मौजा में बजरंगबली मंदिर के सामने हाल में विधायक मद द्वारा बना यात्री शेड भी अधिग्रहण में शामिल हैं।

ये योजनाएं अब भी नहीं हटी है जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य बाधित है। जिसका मुआवजा सीधे संबंधित विभाग को मिलने का प्रावधान है। लेकिन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को यह सब मालूम नहीं है।

**अनुकंपा के आधार पर दो अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र**

# नियुक्ति केवल अवसर ही नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व भी : दुमका आयुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला अनुकंपा समिति बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में संथाल परगना प्रमंडल, आयुक्त लालचंद दादेल ने दो कर्मियों को नियुक्ति पत्र सोमवार को सौंपा। नियुक्ति पत्र समेकित बाल विकास कार्यक्रम अंतर्गत मो वशीम अख्तर एवं पालती हांसदा को निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर के लिए नियुक्ति-पत्र दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त दादेल ने नियुक्त अभ्यर्थियों को अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुकंपा पर प्राप्त नियुक्ति नहीं केवल अवसर है, बल्कि एक उत्तरदायित्व भी है। जिसे ईमानदारी से निभाना अत्यंत आवश्यक है। मो वशीम अख्तर को जिला समाज कल्याण कार्यालय, दुमका एवं पालती हांसदा को बाल विकास परियोजना कार्यालय, जामा में प्रतिनियुंक्त किया गया। इस अवसर पर आयुक्त सचिव अमित कुमार, अवर सचिव अल्बर्ट दास, मो अमजद हुसैन, सौरभ कुमार तिवारी, लिपिक बाबूराम मुर्मू व अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने 10वीं के जिला टॉपर राजलक्ष्मी को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कथारा।** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कक्षा 10वीं में जिला टॉपर राजलक्ष्मी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मंत्री को लिखित पत्र सौंपा। जानकारी के गोमिया स्थित झामुमों कार्यालय परिसर में एक जून 2025 को सूबे के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया रहिवासी 10वीं कक्षा में बोकारो जिला टॉपर राजलक्ष्मी को अंग वस्त्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र की बेटी राजलक्ष्मी ने 10वीं की परीक्षा में जिला टॉपर बनकर गोमिया विधानसभा क्षेत्र एवं जिला का नाम रौशन किया है, जो काफी गौरव एवं हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि मेहनत एवं लक्ष्य के साथ अगर पढ़ाई किया जाए तो लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा नहीं आती है। यह सब राजलक्ष्मी ने कर दिखाया है। वही दूसरी ओर आंगनबाड़ी की सेविकाओं ने मंत्री को लिखित पत्र सौंप कर कहा कि सुपरवाइजर द्वारा उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। इस बाबत मंत्री ने बोकारो डीसी से बात कर तुगलकी फरमान पर संज्ञान लेने की बात कही। मौके पर डॉ जितेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, धनंजय सिंह, राजू शाह, मो असलम, ओमप्रकाश कुमार, बिनोद यादव, घनश्याम महतो, गणेश यादव सहित सैकड़ो की संख्या में रहिवासी उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखंड बोकारो अंचल के सदस्यों की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय जो हैवेन्स चीरा चास में बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखण्ड के बोकारो अंचल के सदस्यों का एक दिवसीय बैठक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के बोकारो अंचल के बोकारो एवं गिरिडीह जिला के सुदूरवर्ती सभी शाखाओं के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक का शुभारंभ साथी अध्यक्ष एस के अदक महासचिव साथी दिनेश झा लल्लन उप महासचिव साथी एसएन दास संगठन सचिव साथी राकेश मिश्रा कोषाध्यक्ष साथी प्रदीप झा सहायक सचिव साथी सत्यजीत गिरि एवं साथी शहबाज आलम ने किया। बैठक में उपस्थित फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के अखिल भारतीय महासचिव तथा बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखंड के महासचिव साथी दिनेश झा लल्लन ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें अपना अस्तित्व को बचाने के साथ-साथ बैंक को भी बचाने के लिए तथा इसे जनोन्मुखी बनाए रखने के लिए संघर्ष हेतु खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने आह्वान किया कि संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा द्वारा 9 जुलाई को आहूत एक दिवसीय हड़ताल को सफल करने के लिए हम सभी पूरे मनोयोग से भाग लेंगे-कारण उनकी मांगों में हमारे मांगे भी शामिल हैं। यूनियन के अध्यक्ष एसके अदक ने कहा कि सभी अंचलों में समस्याओं की स्थिति एक जैसी है। प्रबंधन पूर्णतया मनमाना रवैया अपनाए हुए है। अतः पूरे झारखंड राज्य में आंदोलन किया जाना चाहिए। सभा में बोकारो आंचल से राज्य कार्यकारिणी के लिए 10 सदस्य स्थाई समिति सदस्य एवं दो आमंत्रित सदस्य का चुनाव किया गया। जिसमें इंद्रजीत चौधरी दीपक कुमार लाल प्रियंका कुमारी अनुपम कुमारी परमहंस कुमार दीपक कुमार संजय हेंब्रम जगन्नाथ दास शुभम दोस्त शिव शंकर भगत तथा रणवीर कुमार राय वह अजय कुमार शामिल हैं। पूर्व उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति पर उन्हें अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक को सफल करने वालों में अजय कुमार विनय कुमार बृजेश सिंह शशि भूषण मिश्रा संदीप रवानी रवीनव कुमार मनोज विजय बांसफोड रामजी कुमार शोभा कुमारी आदि ने अपना योगदान दिया।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोड्डा में समर कैंप संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, गोड्डा में सोमवार को भाषा समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल सहित विद्यालय के शिक्षकगण की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गई। यह समर कैंप 25 मई से 2 जून तक आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को बांग्ला भाषा की मूल बातें, सामान्य बोलचाल, पारंपरिक पहनावे, बंगाली भोजन, रंगों के अर्थ और पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक पहचान से अवगत कराया गया साथ ही पेंटिंग, डांसिंग, संवाद प्रतियोगिता जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कहा, भारतीय भाषाएं हमारी सांस्कृतिक आत्मा हैं। बच्चों का यह उत्साह यह दशार्ता है कि वे भाषायी विविधता को समझने और स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह प्रयास निश्चित रूप से राष्ट्र की एकता को मजबूत करता है। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल भाषा सिखाना नहीं है, बल्कि छात्रों को विविध संस्कृतियों के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। विषय विशेषज्ञ देव कुमार राय ने अपने उद्बोधन में कहा, भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि एक संस्कृति की संवाहक होती है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अनुमंडल पदाधिकारी उरांव द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल, पीजीटी जीव विज्ञान मो इफ्तिखार आलम, पीजीटी अंग्रेजी अल्बेन्स मरांडी, पीजीटी सीएस मनीष कुमार, अभिभावक जनार्दन राय उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत परीक्षाफल के लिए कड़ी मेहनत करें छात्रः अभिजित





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडियट विज्ञान परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 छात्र-छात्राओं को डीसी अभिजित सिन्हा ने सोमवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी ने जिले के शतप्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त करने वाले 43 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कमना की। डीसी ने कहा कि इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष शत-प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त करे के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय जो इस वर्ष प्रथम बार दशवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुआ और शत-प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त किया।

स्पीड न्यूज

## असम के मुख्यमंत्री ने की 'शिशु साहित्य समग्र' की सराहना

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि शिशु साहित्य समाज का दर्पण है। यह बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को दिशा देता है और समाज को समझने-बूझने में उनकी सोच को गहराई प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि असम में बाल साहित्य को समृद्ध करने में कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों का योगदान रहा है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आयकर रिटर्न दाखिल किया

**कोलंबो।** श्रीलंका में अब ऑनलाइन आयकर रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। श्रीलंका के राजस्व विभाग की वेबसाइट आईआरडी में यह सुविधा आज शुरू कर दी गई है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग शुरू होने पर खुद का 2024-2025 मूल्यांकन वर्ष के लिए रिटर्न दाखिल किया। ऐसा करने वाले देश के वह पहले व्यक्ति बन गए।

## पोलैंड के अगले राष्ट्रपति होंगे करोल नावरोकी

**वॉरसा।** पोलैंड के अगले राष्ट्रपति करोल नावरोकी होंगे। पोलैंड के राष्ट्रीय स्मृति संस्थान के प्रमुख और इतिहासकार नावरोकी को राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में 50.89 प्रतिशत मत मिले। निकटतम प्रतिद्वंदी सत्तारूढ़ सिविक कोएलिशन (केओ) के उम्मीदवार और वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोवस्की को 49.11 प्रतिशत मत हासिल हुए।

## देशभर में कोरोना के मामलों ने बढ़ाई चिन्ता

**नयी दिल्ली।** देशभर में कोरोना के नए मरीजों की बढ़ती संख्या से वायरस को लेकर एक बार फिर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। कोरोना की नई लहर में जनवरी से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से चार लोगों की मौत हो चुकी है। देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या की 3961 हो गई है।

## 24.28 करोड़ रुपये सोनपुर मेला के लिए स्वीकृत

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सोनपुर मेला स्थल, सारण में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। सोमवार को यहां उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 की उप-योजना (सीबीडीडी ) के तहत सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है।

## सीएम ने निमार्णाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ तथा पुनपुन सस्पेंशन का लिया जायजा

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर रुककर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और यहां पर आकर मिलेगा। मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड में मीठापुर रेलवे क्रासिंग के पास दोनों तरफ सर्विस रोड होगा।

## केंद्र ने इलेक्ट्रिक यात्री वाहन विनिर्माण योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह योजना ईवी यात्री कार क्षेत्र में वैश्विक निमार्ताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को ई-वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी ।यह योजना वैश्विक ईवी निमार्ताओं से निवेश आकर्षित करने और भारत को ई-वाहनों के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जबरदस्त उत्साह, योग संगम में 25,000 पंजीकरण

# देश में 1 लाख से अधिक स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आइडीबाइ) 2025 के प्रमुख कार्यक्रम योग संगम में भारत भर में 1 लाख से अधिक स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल पर आधारित एक समन्वित सामूहिक योग प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। इस सामूहिक उत्सव का उद्देश्य योग के कालातीत अभ्यास और आज की दुनिया में इसकी स्थायी प्रासंगिकता के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे कर लिये हैं। इस वर्ष 2025 में, हम 11वें आइडीबाइ को वास्तव में वैश्विक और समावेशी तरीके से मनाएंगे। इस साल का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तारीख करीब आने के साथ ही इसका उत्साह भी खासा बढ़ता नजर आ रहा है। प्रमुख उत्सव कार्यक्रम योग संगम को पहले ही भारत और उसके बाहर 25,000 से अधिक संगठनों से असाधारण प्रतिक्रिया मिल चुकी है। योग के अब तक के सबसे बड़े और सबसे समावेशी उत्सव के लिए मंच तैयार कर रहा है। शीर्ष-स्तरीय शैक्षणिक संस्थानों से लेकर प्रसिद्ध गैर सरकारी संगठनों तक, और प्रमुख कॉरपोरेट्स से लेकर प्रभावशाली सरकारी विभागों तक, हर तरफ से समर्थन मिल रहा है। एकल फाउंडेशन, अंतर्राष्ट्रीय योग संघ) और अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन जैसे संगठन उनमें से हैं जिन्होंने पूरे दिल से इसमें भाग लेने का संकल्प लिया है।



फाइल फोटो

**हर तरफ योग दिवस की गूंज :** उल्लेखनीय शैक्षणिक संस्थानों ने योग संगम की भावना को उत्साह के साथ अपनाया है। आईआईटी कानपुर, आईआईएम मुंबई, एनआईटी कुरुक्षेत्र, आईआईएम बैंगलोर, बीआईटी मेसरा और वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने पंजीकरण कराया है, जिससे भारत के सबसे प्रतिष्ठित परिसरों में इस कार्यक्रम की गूंज दिखाई देती है। यहां तक कि सरकारी विभाग भी उदाहरण पेश कर रहे हैं। गोवा वन भवन के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय, अल्टिन्हो ने योग संगम के साथ हाथ मिलाया है झ जो पर्यावरण जागरूकता और समग्र कल्याण के साथ योग के संरेखण पर प्रकाश डालता है।

**पंजीकरण में ये राज्य अग्रणी :** वहीं राज्य स्तर पर, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब संगठनात्मक पंजीकरण में अग्रणी के रूप में उभर रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों में योग के लिए गहरे समर्थन को दर्शाता है। जैसे-जैसे योग संगम का पैमाना और भावना बढ़ती जा रही है, आयोजक सभी शेष शैक्षणिक, सरकारी, कॉर्पोरेट और गैर-लाभकारी संस्थानों से इस आंदोलन में शामिल होने और इसे अब तक का सबसे प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने में मदद करने का आह्वान कर रहे हैं।

एक नजर में

## असम में बाढ़ का कहर जारी, 19 ज़िले प्रभावित, अब तक दो लोगों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। डिजास्टर रिर्पोटिंग एंड इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 19 ज़िले बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ की चपेट में आकर पिछले 24 घंटे के दौरान अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें एक महिला कछार जिले और एक पुरुष श्रीभूमि जिले से है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा रविवार की रात जारी बुलेटिन के अनुसार ब्रह्मपुत्र (डिब्रूगढ़ और निमातीघाट), धनसिरी (नुमलीगढ़), कपिली (कामपुर), काटाखाल (माटीजुरी), बराक (बीपी घाट) और कुशियारा (श्रीभूमि) नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 56 राजस्व सर्किलों के अंतर्गत 764 गांव प्रभावित हुए हैं। करीब 3.64 लाख की आबादी पर बाढ़ का असर पड़ा है जबकि 3524.38 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा 52 राहत शिविर और 103 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। कुल 155 केंद्रों में 10,272 लोग शरण लिए हुए हैं, वहीं 45,331 लोग शिविरों से बाहर राहत सामग्री प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार कुल 2,35,193 पशु प्रभावित हुए हैं, जिनमें 71,538 बड़े पशु, 40,017 छोटे पशु और 1,23,638 पोल्ट्री शामिल हैं। अब तक 696 पशु (12 बड़े, 28 छोटे और 656 पोल्ट्री) बह चुके हैं।

# वार्ता : दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट : मोदी

### भारत-पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस से कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा, आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है।

**भारत-पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग :** पीएम मोदी ने कहा, भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर क्राइम, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं।



पीएम मोदी ने कहा, आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं, इससे आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर हैं। यह यात्रा भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को नए आयाम प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक-दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जहां हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। हम इन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

## बाढ़ प्रभावित लखीमपुर जिले का सीएम ने किया दौरा

**लखीमपुर (असम)।** राज्य में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते उपरी असम और बराक घाटी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस कड़ी में उपरी असम के लखीमपुर जिले में नीपको के डैम से अचानक पानी छोड़े जाने के चलते काफी तबाही हुई है। स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा राज्य के जल संसाधन विभाग के मंत्री पीयूष हजारिका, शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगू, केशव महंत आदि के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि हाल की बारिश के संदर्भ में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली या ऐसे प्राकृतिक आपदाओं के समय में किस प्रकार की सक्रियता और पूर्व चेतावनी अपनानी चाहिए, इस विषय पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। साथ ही, बारिश की पूर्व सूचना मिलने के बाद तुरंत अधिक सावधानी से जिला प्रशासन के साथ समन्वय करते हुए आगे की कार्रवाइयां करने के लिए अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया। ानी के अचानक और अस्थायी रूप से छोड़े जाने से बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है।

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एफआरयू स्थापित होंगे : स्वास्थ्य मंत्री सिंघल



एजेंसी

**गुवाहाटी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अशोक सिंघल ने सोमवार को गुवाहाटी स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में विभाग की कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा की। बैठक में आयुक्त एवं सचिव पी अशोक बाबू और बनार्ली शर्मा, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के आयुक्त-सचिव डॉ. सिद्धार्थ सिंह, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक डॉ. उमेश फांग्सो, परिवार कल्याण निदेशक कमलजीत तालुकदार और एनएचएम असम के कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज चौधरी समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, बुनियादी ढांचे के विकास और विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। मंत्री सिंघल ने राहत शिविरों में नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## गजब डोले गाने ने मचाई इंटरनेट पर धूम



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा ने आज के समय में हर जगह धूम मचा रखी है। सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना 'गजब डोले' ने इंटरनेट पर खूब धूम मचा रखी है। भोजपुरी संगीत की दुनिया में इन दिनों सुपरस्टार सिंगर्स के फैंस के बीच गजब का कंपीटिशन शुरू हो गया है। पहले जहां नए गानों को रिलीज के बाद मिलियन्स तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लगते थे, वहीं अब कुछ ही घंटों में धमाकेदार व्यूज से गाने सपुरहिट हो रहे हैं।

## असम में निर्वासन अभियान के खिलाफ याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से निपटने के लिए असम सरकार की डिपोर्ट करने की नीति के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने याचिकाकर्ता को गौहाटी हाई कोर्ट का जाने को कहा। यह याचिका बीटीसी माइनोरिटी स्टूडेंट्स यूनियन ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े ने कहा था कि असम सरकार विदेशी होने के संदेह में लोगों को बिना कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में लेकर जबरन सीमा पार भेज रही है। उन्होंने कहा कि असम सरकार सुप्रीम कोर्ट ने 4 फरवरी के आदेश के बाद ऐसा कर रही है। हेगड़े ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 4 फरवरी को कहा था कि उन 63 विदेशी नागरिकों को वापस उनके देश डिपोर्ट कर दिया जाए।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत बनाने की सशक्त कड़ी है : शिवराज

एजेंसी


**पूर्वी चंपारण।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के पांचवे दिन सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मोतिहारी पहुंचे। जहां पीपरा कोठी कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में किसानो कों संबोधित करते कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने की सशक्त कड़ी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि उत्पादन में लागत को कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। विकसित कृषि और समृद्ध किसान के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को नई तकनीकी सिखा रही हैं। जिसका उद्देश्य आधुनिक तरीके खेती को बढावा देना है,जिससे कम लागत में बेहतर कृषि उपज प्राप्त किया जा सके। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढावा देना है। जिसमे प्राकृतिक खेती, कृषि में ड्रोन का उपयोग, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन इत्यादि को भी शामिल किया गया है। इस अभियान का मूल मंत्र है 'लैब टू लैंड' जिसमे एक देश एक कृषि और एक टीम का निर्धारण कर देश में कृषि और किसानो को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है ।उन्होने किसानो से इस अभियान का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। अपने संबोधन के दौरान कृषि मंत्री ने महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का स्मरण चंपारण की भूमि का नमन किया। जिसमें केंद्रीय कारा, आईसीआर, स्वास्थ्य विभाग, लोहिया स्वच्छता विभाग, पशु व मत्स्य संसाधन विभाग, जीविका, समावेशिक शिक्षा व पीएम पोषण विभाग, आईसीडीएस, इफको, सात निश्चय, मशरूम रिसर्च, मधुमक्खी पालन विभाग, डीआरसीसी, कृषि अभियंता व प्रौद्योगिकी विभाग, प्राकृतिक खेती विद्यालय, पोषक अनाज व मूल्य संवर्धन उत्कृष्ट केंद्र, जल जीवन हरियाली, लीची व आम उत्पादन, मृदा जांच केंद्र का स्टॉल शामिल रहा। इसके साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसान चौपाल लगाकर किसानो की बाते सुनी।



## दो हजार रुपये के 6,181 करोड़ रुपये के नोट अभी भी जनता के पास : आरबीआई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2000 रुपये के नोट बंद करने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी जनता के पास यानी प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने 19 मई 2023 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। ये 2000 रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा हैं। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मई, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,181 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, इस प्रकार 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.26 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के बैंक नोट कानूनी मुद्रा बने रहेंगे। रिजर्व बैंक के मुताबिक 2000 रुपये के इन बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। ये सुविधा अब केवल रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों मेंउपलब्ध है।




## रविशंकर प्रसाद ने प्रवासियों को आतंकवाद के खिलाफ अवगत कराया

**नयी दिल्ली।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल फ्रांस, इटली, डेनमार्क का दौरा पूरा करने के बाद लंदन पहुंचा। लंदन में अपने प्रथम दिन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मध्य लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और डॉ. बीआर अंबेडकर संग्रहालय का दौरा किया। इसके उपरांत हजारों की संख्या में उपस्थित भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख से अवगत कराया।

# सूर्य के तापमान तक पहुंचने वाले 'वारहेड' से करेंगे अटैक, सब हो जायेगा राख

एजेंसी

**रूस।** यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन वह वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने रूस पर खतरनाक जवाबी हमले की चेतावनी दी है। वीडियो में पुतिन ने कहा है कि हम यूक्रेन पर ऐसे वारहेड से जवाबी हमला करेंगे, जो जिनकी गर्मी सूर्य के तापमान तक पहुंच जाती है। पुतिन ने कहा कि हमारे ओरेशनिक वारहेड्स सूर्य के तापमान तक पहुंचते हैं। यह बेहद विनाशकारी होते हैं। जाहिर है अगर रूस यूक्रेन पर हमले के लिए ओरेशनिक वारहेड्स का इस्तेमाल करता है तो भयानक तबाही मच सकती है। पुतिन का ये वीडियो को पुराना बताया जा रहा है। मगर रसीया रूप ने इसे 02 जून को शेयर किया है।



**पुतिन ने बताया-कैसे लेंगे बदला :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को खतरनाक तीखी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि रूस अब 'लक्ष्य चुन रहा है' और यह लक्ष्य यूक्रेन की सीमाओं से भी परे हो सकते हैं। उनके इस बयान को पश्चिमी सहयोगियों और विशेषकर अमेरिका और नाटो के लिए एक सीधी धमकी माना जा रहा है। पुतिन ने ओरेशनिक वारहेड्स से हमला करने की धमकी दी है।

**क्या हैं 'ओरेशनिक वारहेड्स' :** ओरेशनिक वारहेड्स रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। जो कि किसी भी देश के मौजूदा एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देकर बेहद तेज और सटीक हमले करने में सक्षम हैं। यह ध्वनि की गति से 5 गुना अधिक तेज चलते हैं। पुतिन ने दावा किया कि रूस के पास ऐसे 'ओरेशनिक वारहेड्स' हैं जो 3 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से उड़ते हैं और टारगेट पर गिरते समय उनका तापमान 4000 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जोकि लगभग सूर्य की सतह के तापमान के बराबर है। यह रूस के अत्याधुनिक हाइपरसोनिक मिसाइल वॉरहेड्स हैं। यह महाविनाश और भयानक तबाही लाने के लिए जाने जाते हैं। पुतिन ने कहा, 4000 डिग्री सेल्सियस की ऊर्जा से सब कुछ राख बन जाता है। यह सिर्फ सैन्य चेतावनी नहीं, यह वास्तविकता है। हम अब लक्ष्य चुन रहे हैं।

### 'यूक्रेन से परे निशाना' का मतलब पश्चिमी देश!

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस जवाबी हमले के दौरान यूक्रेन से परे भी निशाना लगा सकता है। उनके इस बयान से साफ संकेत है कि रूस केवल यूक्रेन तक सीमित नहीं रहेगा। जरूरत पड़ी तो वह पश्चिमी देश, विशेषकर अमेरिका और नाटो पर भी हमला कर सकता है, जो यूक्रेन को लगातार सैन्य मदद दे रहे हैं। नाटो और अमेरिकी हथियारों के दम पर ही यूक्रेन रूसी सीमाओं पर उसके अंदर तक हमला करने में सक्षम हो गया है। इसलिए रूस अपने जवाबी हमले को और भी व्यापक बना सकता है।

**'जेलेंस्की को पछताना पड़ेगा' कठोर भाषा में हमला :** पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की को 'पश्चिम की कठपुतली' करार दिया और चेतावनी दी कि रूस की प्रतिक्रिया 'निर्दयी' होगी। पुतिन ने कहा कि 'जेलेंस्की और उसके पश्चिमी आका जल्द ही पछताएंगे। हमने काफी सहन कर लिया है। अब रूस चुप नहीं बैठेगा।'

**तीसरे विश्व युद्ध का बढ़ सकता है खतरा :** अगर पुतिन यूक्रेन पर ओरेशनिक वारहेड्स से हमला करते हैं तो यह दुनिया को तीसरे विश्वयुद्ध में भी धकेल सकता है। पुतिन के इस बयान के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो बेहद चिंतित हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पुतिन का यह संदेश सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की रणनीति भी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र समेत कई यूरोपीय देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और युद्ध को और आगे बढ़ने से रोकने की अपील की है।

## पटवा टोली से आठ बच्चे जेइइ एडवांस में सफल

**पटना।** गयाजी के पटवा टोली में जेइइ एडवांस परीक्षा में 8 छात्रों को सफलता मिली है। वृक्ष बी द चेंज संस्था के छात्रों ने कमाल किया है। गयाजी जिले के मानपुर प्रखंड क्षेत्र का पटवा टोली इंजीनियर या आईआईटियन का गांव के नाम से जाना जाता है। यहां संचालित वृक्ष बी द चेंज संस्था में छात्रों को निशुल्क इंजीनियरिंग की तैयारी करायी जाती है। यहां के छात्रों ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है।

### पीएचडी की उपाधि



ज्योति कुमारी, पुत्री - श्री चंद्रदेव प्रसाद एंव सुनीता देवी तथा पती- अमरजीत कुमार, ग्राम+पोस्ट हेहल, थाना- सुखदेव नगर, जिला- रांची (झारखंड), रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा मार्च 2025 मे आयोजित मानविकी संकाय के अंतर्गत हिन्दी विषय में पीएचडी की परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित की गयी। ज्योति कुमारी ने शोध निर्देशिका डॉ. मालती शर्मा, वरीय व्याख्याता (हिन्दी विभाग), मौलाना आजाद कॉलेज रांची के निर्देशन में मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों में अभिव्यक्त सामाजिक चेतना एक अध्ययन, शीर्षक पर अपना शोध कार्य पूरा किया।